# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, रविवार, 28 सितंबर 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 132 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


## षष्टम नवदुर्गा : माता कात्यायनी

**चंद्र हासोज्ज वलकरा शार्दूलवर वाहनाम।**
**कात्यायनी शुभंदद्या देवी दानव घातिनिम्म।।**



नवरात्रि का आज छठा दिन है। नवरात्र के छठे दिन कात्यायनी मां की पूजा आराधना की जाती है। मां कात्यायनी की पूजा करने से भक्तों के सभी कष्ट दूर होंगे और एक नई शक्ति का संचार होता है। मां कात्यायनी की पूजा करने से विवाह का योग भी बनता हैं। मां कात्यायनी सिंह की सवारी करती हैं। महर्षि कात्यायन की तपस्या से प्रसन्न होकर मां शक्ति ने उनके यहां पुत्री के रूप में जन्म लिया था तभी से वो कात्यायनी मां कहलाती हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### प्रिंस खान के गुर्गे की संपत्ति कुर्क

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** गैंगस्टर प्रिंस खान के कुख्यात गुर्गे अदनान उर्फ 'अंडा' पर पुलिस ने शिकंजा कसा है। शनिवार को धनबाद के भूली थाना क्षेत्र स्थित वासेपुर में उसकी संपत्ति पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई अदालत के आदेश पर की गई है। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में भारी पुलिस बल की तैनाती के साथ कुर्की-जब्ती की प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। पुलिस ने अदालत के आदेश का पालन करते हुए यह कार्रवाई की। भूली थाना प्रभारी अभिनय कुमार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है।

### पूजा पंडाल से लौट रही नाबालिग से दुष्कर्म

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले के के पांकी थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने का तैयारी कर रही है। पीड़िता के भाई द्वारा दिए आवेदन के मुताबिक यह घटना तब हुई जब नाबालिग लड़की एक पूजा पंडाल से सांस्कृतिक कार्यक्रम देखकर घर लौट रही थी। दुष्कर्म के बाद आरोपी भागने की कोशिश कर रहा था जिसे ग्रामीणों ने देख लिया और पकड़कर पांकी पुलिस को सौंप दिया।

### प्रोजेक्ट ऑफिसर को मारी गोली

**धनबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुनीडीह पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर बीसीसीएल के आउटसोर्सिंग कंपनी के एक प्रोजेक्ट ऑफिसर पर गोलीबारी की गई। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बाइक सवार अपराधियों ने बीसीसीएल द्वारा संचालित इंदु आउटसोर्सिंग कंपनी के एक प्रोजेक्ट ऑफिसर पर गोली चलाई है। अधिकारी की जांघ में गोली लगी है। इसके बाद उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। विधि-व्यवस्था डीएसपी नौशाद आलम ने बताया कि इंदु आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रोजेक्ट ऑफिसर गोपाल रेड्डी पर गोलीबारी की गई है। उन्हें गोली लगी है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बीपीएससी शिक्षिका का शव बरामद

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** बिरौल थाना क्षेत्र के सुपौल बाजार के डुमरी रोड में शनिवार को बीपीएससी शिक्षिका का शव ससुराल के पीछे खेत में मिला है। जहां बॉडी मिली है वो जगह घर से 15 फीट दूर है। पिता ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतका का नाम पुष्पा कुमारी है। इसी साल मार्च में उसकी शादी हुई थी।

# पूजा में सुरक्षा को लेकर राजधानी रांची में पांच हजार से अधिक जवान तैनात

## आइजी मनोज कौशिक ने सुरक्षा तैयारियों का जायजा लेने के बाद दिये कई निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर आम लोगों का उत्साह चरम पर है। वहीं दूसरी तरफ पूजा को लेकर राजधानी रांची में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क है। शनिवार को रांची जोन के आइजी मनोज कौशिक ने राजधानी में चल रहे सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया और कई निर्देश भी जारी किए। शनिवार को रांची एसएसपी कार्यालय में रांची जोन के आईजी मनोज कौशिक की अध्यक्षता में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में रांची के सीनियर एसपी राकेश रंजन, सिटी एसपी पारस राणा, ग्रामीण एसपी प्रवीन पुष्कर सहित शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के डीएसपी मौजूद रहे। इस बैठक में पूजा पंडालों की सुरक्षा, ट्रैफिक व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, महिला सुरक्षा और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग जैसे तमाम मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के बाद आईजी ने बताया हमारा फोकस शांति व्यवस्था बनाए रखने पर है। संवेदनशील इलाकों की पहचान कर ली गई है और वहां अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। आईजी मनोज कौशिक ने बताया कि पूजा में सुरक्षा को लेकर 5000 से ज्यादा जवान राजधानी में तैनात किए गए हैं। इसके अलावा ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से पूरे राजधानी के मॉनिटरिंग की जा रही है। राजधानी रांची में न सिर्फ 5000 जवानों को तैनात किया गया है बल्कि दो कंपनी अर्धसैनिक बलों की भी बुलाई गयी है। आइजी ने बताया कि पूजा आयोजकों के साथ समन्वय बैठक कर उन्हें गाइडलाइन की जानकारी दी गई है। साथ ही पूजा पंडालों के पास अस्थायी कंट्रोल रूम और क्विक रिस्पॉन्स टीम भी तैनात की जा रही है। प्रशासन की तैयारियों से साफ है कि इस बार दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने का लक्ष्य तय किया गया है। रांची में प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। अब आम लोगों की बारी है कि वे सहयोग करें और पर्व को मिलजुल कर मनाएं।

# सीएम हेमंत सोरेन ने किया कई पूजा पंडालों का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची सहित पूरे प्रदेश में दुर्गोत्सव की धूम है। पूजा पंडालों का पट जैसे-जैसे खुल रहे हैं श्रद्धालुओं की भीड़ मां के दर्शन के लिए उमड़ने लगे हैं। बारिश के बावजूद शुक्रवार शाम राजधानी में कई पूजा पंडालों का उदघाटन हुआ। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हर साल की तरह इस बार भी रातू रोड स्थित आरआर स्पोर्टिंग और हरमू के दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मां दुर्गा के दर्शन किए, इसके पश्चात आरती की और लोगों को नवरात्रि की बधाई दी। श्री सोरेन ने मां से आशीर्वाद लिया तथा समस्त राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि, प्रगति, स्वस्थ जीवन और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं है। दशहरा का पर्व यहां धूमधाम से मनाएं। मैं राज्य के सुख एवं समृद्धि की कामना करता हूं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पूजा समितियों को भी बधाई दी।

# गिरिडीह से लूट की कार बरामद, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** बोकारो पुलिस ने ओएलएक्स के माध्यम से हुई मारुति स्विफ्ट कार लूट का खुलासा किया है। इस मामले में गिरिडीह से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है और चोरी की गई कार भी बरामद कर ली गई है। बोकारो के चिरा चास थाना क्षेत्र में 26 सितंबर को बिट्टू कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि ओएलएक्स पर गाड़ी बेचने के बहाने दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन्हें तलगड़िया मोड़ पर बुलाया और उनकी मारुति स्विफ्ट लेकर फरार हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए चास एसडीपीओ के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। छापेमारी के दौरान पुलिस ने गिरिडीह के पीरटांड़ और डुमरी क्षेत्र से दो आरोपियों को पकड़ा। इनकी पहचान जमुई जिले के अलीगंज निवासी नितीश कुमार (21) और तेलारडीह निवासी प्रवेश मांझी (26) के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की गई स्विफ्ट कार, वारदात में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो और दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे चोरी किए गए वाहन का इस्तेमाल बिहार में शराब तस्करी के लिए करने की योजना बना रहे थे। गिरफ्तार प्रवेश मांझी पर नवादा जिले के काशीचक थाना में पहले से ही एक मामला दर्ज है, जबकि नितीश कुमार के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

# पिस्टल और कैश के साथ छह अपराधी धराए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**लातेहार।** जिले के बारियातु थाना अंतर्गत मनातु रेलवे स्टेशन के पास जंगल में पुलिस ने छापेमारी कर छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से हथियार और लेवी की रकम बरामद की है। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में रुपेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, बिनोद कुमार गंझू, बादल गंझू, सुनील कुमार यादव और राजगीर गंझू शामिल हैं। ये सभी चतरा जिले के निवासी हैं और इनकी उम्र 19 से 30 वर्ष के बीच है। पुलिस ने अपराधियों के पास से एक लोडेड 7.62 एमएम की पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस के साथ एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा, चार मोबाइल फोन और लेवी के 28500 रुपए नगद बरामद किए हैं। बरामद मोबाइल फोन मजदूरों से लूटे गए थे जबकि नगद राशि लेवी की थी। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने 2 अगस्त को केईसी लिमिटेड कंपनी के बिजली ट्रांसमिशन कार्य में लगे मजदूरों के साथ मारपीट और फायरिंग की घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान उन्होंने जेजेएमपी के नाम से लेवी के पर्चे भी छोड़े थे। जांच में खुलासा हुआ कि यह घटना जेजेएमपी द्वारा नहीं बल्कि एक संगठित गिरोह द्वारा की गई थी। इस घटना में आदेश गंझू, संजय गंझू और गणेश गंझू भी शामिल थे। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस को सूचना मिली थी कि लगभग सात अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए एकत्र हुए हैं। इस सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में एक संयुक्त छापेमारी दल का गठन किया गया। घेराबंदी कर पुलिस ने मौके से छह अपराधियों को पकड़ लिया जबकि एक भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधियों का आपराधिक इतिहास रहा है। सुनील यादव पर एनडीपीएस और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। संजय गंझू पर हत्या के प्रयास और लूट सहित कई मामले दर्ज हैं जबकि बादल गंझू भी टंडवा थाना कांड में नामजद है।

# डांडिया की धुन पर थिरके कदम, सुबोधकांत सहाय भी झूमे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची।** नवरात्र में डांडिया की धूम मची हुई है। तमाम पूजा समितियां और अलग-अलग सोसायटी के स्तर पर डांडिया का आयोजन हो रहा है। भक्ति और शक्ति के महासंगम के बीच लोग आपसी सौहार्द और प्रेम साझा कर रहे हैं। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की झारखंड इकाई की ओर से नवरात्र सह डांडिया-2025 का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, न्यायाधीश मनीष रंजन और भारतीय रेल सेवा अधिकारी क्षितिज वर्मा बतौर सम्मानित अतिथि उपस्थित थे। नामकुम के ब्लेस बैंक्वेट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की आराधना और चित्रगुप्त महाराज की आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर नाट्य संस्थान 'रागरंग' के छात्रों ने धुनुची नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। मौके पर महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य कायस्थ समाज के लोगों को एकजुट करने और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देना है। इस दौरान प्रतिभागियों ने लजीज भोजन का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी विवेक अखौरी, आस्था किरण और प्रांतीय अधिकारी सुशील लाल, रवि कुमार, राजेश सिन्हा, डॉ. अनल सिन्हा, दीपक मल्लिक, सदन सिन्हा, सजल सहाय, सुमित बरियार, राजेश शरण, सुबोध कुमार, सत्या सिन्हा, प्रीति सिन्हा समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे। इस दौरान अलग-अलग प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। बेस्ट कपल का खिताब रूपम सिन्हा और एन. सिन्हा को मिला। एनरजेटिक किड की श्रेणी में अहान आरव, ब्यूटी विद सिंपलीसिटी में प्रियंका और घनश्याम, मेड फॉर ईच अदर कपल की श्रेणी में किरण और प्रेम कुमार विजेता चुने गये। क्यूट किड का खिताब अद्विक को मिला। डैशिंग बॉय ज्ञान सहाय रहे। बेस्ट डांसर के लिए शिवाशी और माही को, बेस्ट एथेनिक वियर (बाल) की कैटेगरी में प्रिंस और देवाशीष जबकि एथेनिक वियर युवा का खिताब पूनम और विकास को मिला।

# दो सगे भाइयों की वज्रपात से मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** जिले में लगातार दूसरे दिन भी हुई भीषण मूसलाधार बारिश ने न केवल सड़कों को नदियों में बदला दिया है बल्कि यहां पर जान और माल दोनों की क्षति भी हुई है। तेज हवाओं के साथ हुई भारी बारिश के दौरान वज्रपात से नावाडीह प्रखंड के पलामू पंचायत में दो सगे भाइयों की मौत हो गई है। दोनों छोटकी कुड़ी स्थित सरायदह गांव के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान 62 वर्षीय किशुन किस्कू और 60 वर्षीय चेतलाल किस्कू के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि अचानक जब तेज आंधी-पानी शुरू हुआ उस समय दोनों भाई पास के जंगल में अपने मवेशी चरा रहे थे। भारी बारिश से बचने के लिए दोनों एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान वज्रपात हुआ और दोनों भाई उसकी चपेट में आ गए। इधर मूसलाधार बारिश के चलते बोकारो की सड़कों पर जलधारा बहने लगी थी और निचले इलाकों के कई घरों में पानी घुस रहा था। इसी बीच जब परिवार को हादसे की सूचना मिली तो पूरे गांव में मातम छा गया। नावाडीह के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार हेंब्रम ने कहा कि आपदा के अंतर्गत मिलने वाला मुआवजा परिवार को दिया जाएगा।

# सुविधाजनक रेल यात्रा का किफायती विकल्प : अमृत भारत एक्सप्रेस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उड़ीसा में आयोजित एक कार्यक्रम के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर बरहमपुर-उधना अमृत भारत एक्सप्रेस को रवाना किया। यह देश की 12वीं अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन है। इनमें से 10 अमृत भारत ट्रेनों का परिचालन बिहार से किया जा रहा है। बिहार से तीन नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों के परिचालन शीघ्र प्रारंभ किए जाने की भारतीय रेल की योजना है। इस तरह इस माह के अंत तक अमृत भारत ट्रेनों की संख्या बढ़कर 15 हो जाएगी। वर्तमान में दरभंगा-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस, सहरसा-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस, राजेन्द्रनगर टर्मिनल-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार टर्मिनल अमृत भारत एक्सप्रेस, दरभंगा-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस, मालदा टाउन-गोमतीनगर अमृत भारत एक्सप्रेस, सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, जोगबनी-ईरोड-जोगबनी अमृत भारत एक्सप्रेस, सहरसा-छैहरटा (अमृतसर)-सहरसा अमृत भारत एक्सप्रेस, मालदा टाउन-सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरु अमृत भारत एक्सप्रेस, एवं ब्रह्मपुर-उधना (सूरत) अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है। वहीं मुज़फ़्फ़रपुर-चर्लपल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस, छपरा- दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनल) अमृत भारत एक्सप्रेस एवं दरभंगा-मदार (अजमेर) अमृत भारत एक्सप्रेस का परिचालन शीघ्र प्रारंभ होगा। अमृत भारत एक्सप्रेस ने यात्रियों एवं मध्यम वर्ग का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है। वस्तुतः अमृत भारत एक्सप्रेस अमृत काल की एक विशेष सौगात है, जिसके माध्यम से आम लोगों को प्रति हजार किलोमीटर 500 से कम किराए में ही गैर वातानुकूलित श्रेणी में विश्व स्तरीय सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। भारतीय रेल के यात्रियों के लिए यह एक शानदार एवं विशिष्ट सेवा है। अमृत भारत एक्सप्रेस एक ऐसी ट्रेन है, जो यात्रियों की अत्याधुनिक सुविधाओं और किफायती यात्रा की नई परिकल्पना का प्रतीक है। इस ट्रेन का सबसे बड़ा आकर्षण इसकी डिज़ाइन और सुविधाएं हैं। यह स्वदेशी ट्रेन आत्मनिर्भर भारत की भावना को और मजबूत करती है। इसकी पहचान तीन पहलुओं में निहित है-यात्रियों की सुविधा, ऊर्ज़ा की बचत और पर्यावरण के प्रति सजगता। यही कारण है कि यह ट्रेन देश के बदलते स्वरूप की झलक पेश करती है। अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा था कि वंदे भारत और नमो भारत के बाद एक और आधुनिक ट्रेन देश को मिली है। इस नई ट्रेन का नाम अमृत भारत ट्रेन रखा गया है। वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत ट्रेनों की यह त्रिशक्ति भारतीय रेल का कायाकल्प करने जा रही है, जो अब चरितार्थ हो रही है। तकनीकी दृष्टि से भी अमृत भारत एक्सप्रेस अत्यंत सुरक्षित है। कवच सिस्टम से लैस इस ट्रेन में सेमी ऑटोमैटिक कपलर, क्रैश ट्यूब और ईपी-असिस्टेड ब्रेक सिस्टम लगाए गए हैं, जिससे आपात स्थिति में तुरंत ब्रेक लग सके। सभी कोच पूरी तरह से सील्ड गैंगवे और वैक्यूम एवैक्यूएशन सिस्टम से लैस हैं। पहली बार नॉन-एसी कोच में फायर डिटेक्शन सिस्टम की सुविधा दी गई है, जो यात्रियों की सुरक्षा में क्रांतिकारी कदम है। इसके अलावा टॉकबैक यूनिट और गार्ड रूम में रिस्पॉन्स यूनिट सुरक्षा को और मजबूत बनाते हैं। यात्रा के दौरान आराम का विशेष ख्याल रखा गया है। ट्रेन में सेमी ऑटोमैटिक कपलर का उपयोग किया गया है, जिससे कोच जोड़ते या अलग करते समय झटका या शोर नहीं होता। डिफॉर्मेशन ट्यूब दुर्घटना की स्थिति में झटका कम कर देती है। पुशऽपुल तकनीक इसकी रफ्तार बढ़ाने में मदद करती है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोचों में कई आधुनिक फीचर जोड़े गए हैं।

C M Y K

# युवक की संदेहास्पद मौत, पत्नी ने ससुराल वालों पर लगाया हत्या का आरोप

## मृतक के पिता ने थाना में आवेदन दे लगाई न्याय की गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के बरकनगांगो गांव में एक युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। इस बाबत मृतक की पत्नी पूजा कुमारी ने बरकट्ठा थाना में आवेदन देते हुए बताया कि मेरी शादी दो वर्ष पूर्व उमाशंकर यादव पिता फुलांगी यादव बरकनगांगो निवासी के साथ हुई थी। मेरी एक पुत्री भी है।

पुत्री का जन्म लेने के बाद ससुराल वालों ने मुझे अपने मायके से पांच लाख रुपए दहेज लाने को प्रताड़ित करने लगे। जिसपर मेरे पति ने अपने घर में डांट दबाव किया। दहेज का विरोध किया। जिसके बाद मेरे पति को मार दिया गया। मैं अपने मायके में थी। मुझे खबर मिलने के बाद अपने परिजनों के साथ ससुराल पहुंची तो साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शुक्रवार को शव को मना करने के बाद जबरन जला दिया गया गया। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर बरकट्ठा पुलिस घटनास्थल



स्थल पर पहुंची तब तक मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने शव को श्मशान घाट ले जाकर जलाने लगे। पुलिस शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए कब्जे में लेना चाहा तब परिजनों और ग्रामीणों ने पुलिस को खदेड दिया। उसके बाद शव को जला दिया। इस बाबत बरकट्ठा थाना कांड संख्या 119/25 अंकित किया गया है। वहीं शनिवार को मृतक के पिता फुलांगी यादव ने ग्रामीणों के साथ थाना पहुंचकर आवेदन देते हुए बताया कि मेरा पुत्र अपनी पत्नी को लाने गुरुवार को अपने ससुराल घरौंजा गया हुआ था। वहां पत्नी और उनके परिजनों ने मारपीट किया साथ ही आने से मना कर दिया जिसके बाद मेरे पुत्र ने मानसिक प्रताड़ित होकर विषपान कर लिया।

क्या कहते हैं थाना प्रभारी - थाना प्रभारी पंकज सिंदुरीया ने कहा कि घटना की सूचना लडकी के परिजनों के द्वारा मिलने पर पुलिस शव को पोस्टमार्टम में ले जाने के लिए श्मशान घाट पहुंची वहां पर लोगों ने शव को पोस्टमार्टम कराने से मना कर दिया और शव को जबरन जला दिया। जिसके पश्चात पुलिस वापस लौट गई। इस मामले की जांच की जा रही है।

## चौपारण में दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर, आग लगने के बावजूद कोई हताहत नहीं

**चौपारण (हजारीबाग)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिले के चौपारण थाना क्षेत्र अंतर्गत दनुआ घाटी में शनिवार को दो ट्रकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। कोलकाता से दिल्ली जा रहे दोनों ट्रक घाटी पार कर रहे थे कि अचानक उनकी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कबाड़ से भरा एक ट्रक पलभर में आग का गोला बन गया और धू-धू कर जलने लगा।

स्थानीय लोगों की सूझबूझ और प्रशासन की तत्परता से ट्रक चालक और उपचालक को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने की सूचना पर चौपारण थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रक पूरी तरह जल जाने के बावजूद आसपास किसी और वाहन या संपत्ति को नुकसान नहीं हुआ।

## डीसी-एसपी व एसडीओ ने दुर्गा बाड़ी, हाउसिंग कॉलोनी, रेड़मा के पूजा पंडालों का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले में दुगार्पूजा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को ले पलामू जिला प्रशासन गंभीर है। इसी को लेकर सभी थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक संपन्न होने के पश्चात जिला स्तर पर भी जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न करा ली गयी है।

शुक्रवार को डीसी-एसपी व एसडीओ ने छत्तरपुर, पंड़वा व नवाबजार क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों के निरीक्षण किया। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त समीरा एस, पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन व एसडीओ मीणा ने मेदिनीनगर शहर के दुगार्बाड़ी, साहित्य समाज चौक के जिला केंद्रीय पुस्तकालय परिसर में बने पूजा पंडाल, हाउसिंग कॉलोनी में श्री सार्वजनिक पूजा पंडाल समिति, रेड़मा चौक के समीप विद्युत कार्यालय में निर्माणधीन पूजा पंडाल का निरीक्षण किया।इस दौरान पदाधिकारियों ने बिजली आपूर्ति, अग्निशमन उपकरण,भीड़ प्रबंधन, साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व स्वच्छता को लेकर पूजा समितियों को निर्देशित किया। वहीं साहित्य समाज चौक व हाउसिंग कॉलोनी के पूजा पंडालों के प्रतिनिधियों को पानी निकासी को लेकर विशेष व्यवस्था करने पर बल दिया।इसके अलावे डीसी ने भवन निर्माण के कार्यपालक अभियंता को सभी बड़े पंडालों का भ्रमण कर सरकार द्वारा निर्धारित सभी सुरक्षा मानकों की जांच करते हुए प्रतिवेदन समर्पित करने को लेकर निर्देशित किया। इस कार्य में सम्बंधित बीडीओ-सीओ व थाना प्रभारी को आवश्यक सहयोग करने को कहा गया।

# चौपारण के कठम्बा गांव में आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ, हजारीबाग डीडीसी ने किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चौपारण (हजारीबाग)।** प्रखंड के बसरिया पंचायत अंतर्गत ग्राम कठम्बा में शनिवार को आदि कर्मयोगी अभियान का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन हजारीबाग जिला विकास आयुक्त (डीडीसी) ने किया। इस मौके पर चौपारण के प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर, स्थानीय मुखिया मंजू देवी सहित कई जनप्रतिनिधि, पंचायत स्तरीय पदाधिकारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं



के बेहतर क्रियान्वयन और स्थानीय लोगों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। डीडीसी ने अपने संबोधन में कर्मयोगी अभियान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पहल प्रशासनिक दक्षता और जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान ग्रामीणों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और उनसे सक्रिय भागीदारी की अपील की गई।

## विष्णुगढ़ में हाइवा-कार की आमने-सामने टक्कर, एक की मौत, चार घायल

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शनिवार को विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के गुझंडी स्थित केलूजारा के पास सड़क मार्ग पर हाइवा और कार की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुँची और स्थिति को नियंत्रित किया। दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है। हादसे के कारण कुछ समय तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही।

## हजारीबाग में प्रबुद्ध-बुद्धिजीवी सम्मेलन

# भाजपा ने जीएसटी सुधार और मेक इन इंडिया की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला

नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में भाजपा द्वारा प्रबुद्ध-बुद्धिजीवी सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री सरोज सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री कुणाल किशोर दुबे ने किया और धन्यवाद ज्ञापन रतन सिंहा ने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलन से की गई। अतिथियों के स्वागत के उपरांत जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने




विषय प्रवेश कराया। प्रदेश मंत्री सरोज सिंह ने मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए विशेष रूप से जीएसटी सुधार और आम जनता को मिलने वाली राहत पर चर्चा की। मुख्य वक्ता मनोज सिंह ने कहा कि जब पहली बार जीएसटी लागू हुई थी, तब भी भाजपा सरकार ने कर सुधारों में क्रांति लाई थी। उन्होंने जीएसटी दरों में हाल ही में हुए बदलाव के महत्व और इससे आम जनता को मिलने वाले लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि वस्तु और सेवा कर से भारत सरकार को अब तक 37 लाख करोड़ रुपए की आय प्राप्त हुई है। सरोज सिंह ने यह भी कहा कि भारत मेक इन इंडिया से मेड इन इंडिया की दिशा में अग्रसर है और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है। सम्मेलन में प्रदेश कार्य समिति सदस्य सुदेश चंद्रवंशी, हरीश श्रीवास्तव, अशोक यादव, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव समेत कई अन्य वक्ताओं ने संबोधन किया। इसके अलावा जिलापदाधिकारी सुमन कुमार, रेणुका साहू, भानुमति पासवान, जय नारायण प्रसाद और सैकड़ों कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## भारत आत्मनिर्भर और सशक्त, पीएम मोदी के नेतृत्व में देश नहीं झुकता : डॉ. सैयद जफर




नवीन सिन्हा

**हजारीबाग।** हजारीबाग परिषदन भवन में भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सैयद जफर ने संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि भारत के पास आज एक मजबूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनके नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है और किसी के सामने झुकता नहीं है। डॉ. जफर ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वदेशी उत्पाद बनाने और उन्हें अपनाने की अपील की है। साथ ही हाल ही में जीएसटी दरों में बदलाव के बाद आर्थिक मोर्चे पर बड़े सुधार की घोषणा की गई है। डॉ. जफर ने कहा कि आज देश "जीएसटी बचत उत्सव" मना रहा है। 2014 से पहले केवल 2 लाख रुपये की इनकम टैक्स छूट थी, जो अब बढ़कर 12 लाख रुपये तक हो गई है। नई जीएसटी रिफॉर्म से इस वर्ष देशवासियों को ढाई लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। उन्होंने बताया कि भारत अब एक सरलीकृत द्विस्तरीय कर प्रणाली अपनाएगा, जिसमें अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं पर क्रमशः 5% और 18% टैक्स लगेगा, जबकि विलासिता की वस्तुओं पर 40% कर लगाया जाएगा। उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र सरकार ने सीजीएसटी के अंतर्गत 516 वस्तुओं पर 2.5%, 540 वस्तुओं पर 9%, 6 वस्तुओं पर 14%, 13 वस्तुओं पर 20%, 15 वस्तुओं पर 1.5% और 174 वस्तुओं पर शून्य कर तय किया है। डॉ. जफर ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि 2014 में भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी, जो आज चौथे स्थान पर पहुंच गई है और जल्द ही तीसरे स्थान पर आने की संभावना है। प्रेस वार्ता में प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव, सुदेश चंद्रवंशी, अशोक कुमार यादव, जय नारायण प्रसाद, कुणाल किशोर दुबे, मनोज गिरी और इंद्र नारायण कुशवाहा सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे। इस संबंध में जानकारी भाजपा जिला मंत्री जय नारायण प्रसाद ने दी।

# दुर्गा पूजा को लेकर बरकट्ठा में एसडीएम और एसडीपीओ के नेतृत्व में फ्लैग मार्च, शांति और सुरक्षा पर कड़ी निगरानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरकट्ठा (हजारीबाग)।** दुर्गा पूजा को शांति, सद्भाव और सुरक्षा माहौल में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को बरकट्ठा अनुमंडल प्रशासन और पुलिस विभाग की ओर से फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च का नेतृत्व एसडीएम जोहन टुड्डू और एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान प्रशिक्षु डीएसपी प्रशांत कुमार, पुलिस निरीक्षक मो. इमदाद, बरकट्ठा थाना प्रभारी पंकज सिंदुरिया, गोरहर थाना प्रभारी नीतिश कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में



पुलिस बल मौजूद रहे। फ्लैग मार्च के जरिए लोगों को यह संदेश दिया गया कि दुर्गा पूजा के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहेगा तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

फ्लैग मार्च ग्राम झुरझुरी, तरबेचवा, कोनहारा कला, कोनहारा खुर्द, धरहरा, बरकट्ठा बाजार, घंघरी, तूइओ, कपका सहित गोरहर थाना क्षेत्र के शिलाडीह और लेवड़ा जमुआ तक निकाला गया। रास्ते में ग्रामीणों और स्थानीय दुकानदारों से बातचीत कर प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि पूजा के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम जोहन टुड्डू ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता दुर्गा पूजा को शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराना है। वहीं एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने स्पष्ट किया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। पूरे क्षेत्र में फ्लैग मार्च से लोगों में सुरक्षा का भरोसा जगा है और ग्रामीणों ने भी प्रशासन को सहयोग का आश्वासन दिया।

## विष्णुगढ़ में सड़क निर्माण कार्य अधूरा, नौ महीने बाद भी नहीं हुई मरम्मत पूरी, ग्रामीणों में आक्रोश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** प्रखंड क्षेत्र के रमुआ से कसेरा मुहल्ला होते हुए आईटीआई कॉलेज तक जाने वाली सड़क की जर्जर हालत ने ग्रामीणों का गुस्सा भड़का दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू हुए नौ महीने बीत चुके हैं, लेकिन आज तक पूरा नहीं हो पाया है।

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गाँव की सड़क निर्माण का उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ मात्र नौ घंटे में नौ किलोमीटर सड़क बना दी गई, जबकि विष्णुगढ़ की छोटी सी सड़क को बनाने में नौ महीने लगने के बाद भी काम अधूरा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इस सड़क पर रोजाना सैकड़ों विद्यार्थी और ग्रामीणों का आवागमन होता है। खराब स्थिति के कारण आए दिन वाहन खराब हो जाते हैं और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

ग्रामीणों ने प्रशासन और विभाग से इस मामले को गंभीरता से लेने और सड़क निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो आंदोलन का सहारा लिया जाएगा।

## कांग्रेस कार्यालय में नवनियुक्त नगर अध्यक्ष परवेज अहमद का अभिनंदन, आंदोलनकारी पूर्व सांसद टेकलाल महतो को श्रद्धांजलि

**हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में शनिवार को अलग झारखंड राज्य के आंदोलनकारी, पूर्व सांसद एवं पांच बार विधायक रहे टेकलाल महतो की 14वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने की। इस दौरान नगर कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त अध्यक्ष परवेज अहमद सहित वार्ड अध्यक्षों—बिनोद सिंह, जावेद इकबाल, अजित गुप्ता, मोहम्मद कमरूउद्दीन, रंजीत यादव, अशोक पासवान, राकेश सिंह, मोहम्मद मुजिब और सुधीर सिंह का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि आने वाले दिनों में "वोट चोर गद्दी छोड़" अभियान के तहत जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर पर युद्धस्तर पर हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारिणी सदस्य संजय कुमार तिवारी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला मीडिया अध्यक्ष निसार खान ने दिया। मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी शशि मोहन सिंह, यमूना यादव, अशोक देव, अकील अहमद, सुरजीत नागवाला, दिगम्बर मेहता समेत जिले और नगर के सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विष्णुगढ़ में पंचायत समिति की बैठक में शिक्षा सड़क व बिजली व्यवस्था पर जताई गई नाराजगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विष्णुगढ़ (हजारीबाग)।** आज आयोजित पंचायत समिति की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की और जिम्मेदार अधिकारियों से जवाबदेही की मांग की।

बैठक में अंचलाधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की गई। सदस्यों ने आरोप लगाया कि अंचलाधिकारी द्वारा बेगुनाह लोगों पर मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं, जिससे ग्रामीण परेशान हैं। शिक्षा व्यवस्था की बदहाली पर चिंता जताते हुए प्रतिनिधियों ने कहा कि कई विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, जिसके कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। वहीं, बिजली आपूर्ति की




लचर स्थिति को तत्काल सुधारने की मांग भी उठाई गई। सदस्यों ने विष्णुगढ़ से गोविंदपुर तक सड़क निर्माण कार्य अब तक शुरू नहीं होने पर गंभीर असंतोष जताया। साथ ही उत्क्रमित उच्च विद्यालय गोविंदपुर के जर्जर भवन की मरम्मत की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इन सभी मुद्दों को उच्च अधिकारियों तक पहुँचाया जाएगा और ठोस समाधान के लिए दबाव बनाया जाएगा।

# किशोर लड़कियों का एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता किया गया आयोजन

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

**चुरचू /चरही झारखण्ड।** महिला उत्थान के तत्वाधान में 27 सितम्बर 2025 को लारा खेल मैदान में किशोर लड़कियों का एक दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था की सचिव नीलम बेसरा और किशोरी लीडरों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य लड़कियों में खेल भावना, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा यह संदेश देना कि लड़कियाँ केवल घर-परिवार तक सीमित नहीं हैं, बल्कि खेल और अन्य क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना सकती हैं। यह आयोजन उन सामाजिक मान्यताओं को चुनौती देता है जो अक्सर यह मानते हैं कि



खेल-कूद केवल लड़कों के लिए है। प्रतियोगिता में जमडीहा, लोठे, बालीडीह और बेलगाड़ा की किशोरी लड़कियों की टीमें शामिल हुईं। पूरे जोश और उत्साह के साथ लड़कियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

संस्था की सचिव नीलम बेसरा ने कहा- "यह प्रतियोगिता केवल खेल नहीं है, बल्कि लड़कियों की प्रतिभा, आत्मनिर्भरता और नेतृत्व को सामने लाने का एक माध्यम है। जब लड़कियाँ खेल के मैदान में आगे बढ़ सकती हैं, तो वे जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं।"

प्रतियोगिता के अंत मे विजयी टीम बालीडीह टीम को प्रथम पुरस्कार और बेलगडा टीम को द्वितीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चिंता तिग्गा ने किया। वहीं कार्यक्रम आयोजन को सफल बनाने में प्रेमा कुमारी, नरेश मांझी, फूलकुमारी तिग्गा, उषा देवी, कविता कुमारी, आशा टुडू और आशीष बेसरा का विशेष योगदान रहा।

## हत्यारोपित सलमान खान को नावाजयपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** नावाजयपुर थाना क्षेत्र के 2014 के हत्या के काण्ड में आरोपित टुईया गांव के अहमद खान का 32 वर्षीय मो. सलमान खान को गिरफ्तार किया है। मोहम्मद सलमान खान के विरूद्ध न्यायालय से कुर्की निर्गत किया गया था। हत्याकांड का उक्त आरोपित मोहम्मद सलमान पुलिस की गिरफ्तार से लगातार बचते जा रहा था। वह 2014 से अब तक पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। नावाजयपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। 27 सितंबर को उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उसके ऊपर ST 420 A /18, Patan P.S. Case No- 17/14, Dt- 09.02.2014, U/S- 302/ 120(b) IPC & 27 Arms. Act के तहत मामला दर्ज था।

## बरही के प्रभात कुमार झारखंड अंडर-19 क्रिकेट टीम में चयनित, वीनू मांकड़ ट्रॉफी में करेंगे प्रतिनिधित्व

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरही (हजारीबाग)।** बरही प्रखंड के हरला गांव निवासी प्रकाश यादव के पुत्र प्रभात कुमार ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर झारखंड अंडर-19 पुरुष क्रिकेट टीम में जगह बनाई है। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे बरही और हजारीबाग जिले के लिए गर्व का विषय है।



प्रभात ने क्रिकेट की शुरूआत स्थानीय मैदानों से की और एचडीसीए एवं बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी प्रतिभा को निखारा। लगातार बेहतर प्रदर्शन से उन्होंने चयनकताओं का ध्यान आकर्षित किया और जेएससीए द्वारा जारी सूची में अपना नाम दर्ज कराया। बीसीसीआई के डोमेस्टिक कैलेंडर के तहत 9 से 17 अक्टूबर तक लखनऊ में होने वाली वीनू मांकड़ ट्रॉफी में प्रभात झारखंड टीम की ओर से हिस्सा लेंगे। वह न केवल शानदार बल्लेबाज हैं, बल्कि उम्दा फील्डर भी हैं, जिससे टीम को मजबूती मिलेगी। उनके चयन की खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। सांसद मनीष जायसवाल, विधायक मनोज यादव, पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला समेत कई जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और समाजसेवियों ने उन्हें बधाई दी। एचडीसीए और बरही स्पोर्ट्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रभात की मेहनत अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

# दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी तटों पर रहेगी खास निगरानी

## डीसी-एसपी ने पंडाल और घाटों का लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पलामू।** दुर्गा पूजा के मूर्ति विसर्जन के दौरान नदियों के तट पर पलामू जिला प्रशासन की खास नजर रहेगी। इस दौरान गोताखोर तैनात किए जाएंगे और विसर्जन स्थल को बैरिकेडिंग की जाएगी। दरअसल लगातार बारिश के बीच सभी नदियों में पानी भरा हुआ है। जिस वजह से जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है और कई इलाकों में गोताखोरों को तैनात करने का निर्णय लिया गया है।



**पलामू डीसी और एसपी ने कोयल नदी और पूजा पंडालों का किया निरीक्षण**

ग्रामीण इलाकों में स्थानीय गोताखोरों की तैनाती की जाएगी। दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर पलामू डीसी समीरा एस और एसपी रीष्मा रमेशन ने शनिवार को मेदिनीनगर के कोयल नदी के तटवर्ती क्षेत्र एवं पूजा पंडाल का निरीक्षण किया। शुक्रवार को दोनों अधिकारियों ने छतरपुर अनुमंडल क्षेत्र में पूजा पंडाल का निरीक्षण किया था। इसी निरीक्षण के क्रम में कोयल नदी के तटवर्ती क्षेत्र में गोताखोर को तैनात करने का निर्णय लिया गया है और सभी अधिकारियों को विसर्जन स्थल पर बैरिकेडिंग करने एवं निगरानी रखने का निर्देश जारी किए हैं।

**महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग कतार बनाई जाएं: डीसी और एसपी**

निरीक्षण के बाद दोनों अधिकारियों ने कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश जारी किए हैं। सभी पूजा समितियों से कहा गया है कि एंट्री और एग्जिट गेट अलग-अलग रखे जाएं। भीड़ नियंत्रण के लिए महिला एवं पुरुष के लिए अलग-अलग कतार बनाई जाएं। प्रत्येक पूजा पंडाल में बलों की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था की जाए। डीसी समीर एस ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों की अपेक्षा इस बार नदी में अधिक पानी एवं उसका करंट है। इसलिए सभी से अनुरोध किया गया है कि जो भी गाइडलाइंस जारी की जांएगी उसका पालन करें। पूजा की तैयारी को लेकर कई बिंदुओं पर निर्णय लिए गए हैं। सब स्थानों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर पूरी तैयारी की जा रही है और बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही साथ समितियों को कई निर्देश जारी किए गए हैं।

## पिकअप की चपेट में आने से महिला की मौत, डेढ़ घंटे सड़क पर पड़ा रहा शव


नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़ (नालंदा)।** अनुमंडल के बेढ़ना गांव में शनिवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। घटना शनिवार की सुबह करीब 11 बजे हनुमान मंदिर के पास हुई। मृतका अपने पति तिर्पित यादव के साथ गंगा स्नान से लौट रही थी। जानकारी के अनुसार, महिला और उनके पति बाइक से अपने गांव मसतथू जा रहे थे। बेढ़ना गांव में हनुमान मंदिर के पास बाइक गोबर के ढेर पर अनबैलेंस होकर गिर गई। तभी पीछे से आ रही एक पिकअप ने महिला को अपनी चपेट में ले लिया। महिला का सिर पिकअप के नीचे आने से बुरी तरह कुचल गया और वह मौके पर ही मौत का शिकार हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। करीब डेढ़ घंटे तक महिला का शव सड़क पर पड़ा रहा, जिसके बाद डायल 112 की टीम ने ऑटो पर रखकर शव को बाढ़ अनुमंडल अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने पिकअप को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन चालक मौके से फरार हो गया।

# आदित्यपुर में इस्कॉन मंदिर की तर्ज पर सजा भव्य दुर्गा पूजा पंडाल, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर में पश्चिम बंगाल के इस्कॉन मंदिर की तर्ज पर पूजा पंडाल बनाया गया है। इस मंदिर में मां दुर्गा के दर्शन के साथ-साथ भगवान श्री राधा कृष्ण के भी दर्शन हो सकेंगे। यह लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जमशेदपुर से सटे सरायकेला खरसावां जिले में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाई जा रही है। पूजा समिति की ओर से कई आकर्षक भव्य पंडाल बनाए गए हैं। इधर आदित्यपुर में एस टाइप में सिंहभूम बॉयज क्लब की ओर से पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के मायापुर स्थित इस्कॉन मंदिर की तर्ज पर पूजा पंडाल बनाया गया है।



आपको बता दें कि यह क्लब हर साल अलग-अलग थीम पर आधारित पूजा पंडाल बनाता है, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय और आकर्षण का केंद्र होते हैं। इस बार पश्चिम बंगाल के चंदन नगर से आए 50 कारीगरों ने करीब ढाई महीने में इस्कॉन मंदिर की तर्ज पर पंडाल तैयार किया है। भव्य और आकर्षक इस्कॉन मंदिर जैसे पंडाल के निर्माण पर 50 लाख रुपये की लागत आई है।

सिंहभूम बॉयज क्लब के अध्यक्ष बबलू सिंह ने बताया कि हर साल यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है और उनकी सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाते हैं। इस साल पंडाल के अंदर और बाहर लगभग 15 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे पूरी भीड़ पर नजर रखेंगे, जबकि क्लब के 50 से ज्यादा स्वयंसेवक जगह-जगह तैनात रहेंगे ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो।

उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के मायापुर स्थित इस्कॉन मंदिर का मॉडल पंडाल में लगाया गया है। इस पंडाल में प्रवेश करते ही मां दुर्गा के साथ-साथ भगवान श्री राधा कृष्ण के भी दर्शन होंगे। पंडाल के अंदर का नजारा बिल्कुल इस्कॉन मंदिर जैसा ही होगा।

# घाटशिला उपचुनाव की जंग : जल्द बजेगी चुनावी डुगडुगी, राजनीतिक दलों में प्रत्याशी बनने की होड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रांची।** घाटशिला उपचुनाव की डुगडुगी जल्द ही बजने वाली है। बिहार विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ झारखंड में घाटशिला सीट पर भी उपचुनाव कराने की संभावना है। इधर, चुनाव आयोग की तैयारी को देखते हुए इस सीट पर चुनाव मैदान में उतरने के लिए राजनीतिक दलों में भी तैयारी तेज हो गई है। पिछले विधानसभा चुनाव में इस सीट से हार का सामना करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन एक बार फिर चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी में हैं। हालांकि, इस सीट से भाजपा के कुछ और बड़े चेहरे भी मौका मिलने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा की मानें तो पार्टी हर समय चुनाव की तैयारी में रहती है और प्रत्याशी का निर्णय चुनाव समिति और प्रदेश नेतृत्व की सहमति से लिया जाता है। ऐसे में घोषणा होने तक प्रतीक्षा करनी होगी। इधर, कांग्रेस प्रभारी के।राजू द्वारा यह सीट जेएमएम की होने की बात कहे जाने के बाद जेएमएम ने राहत की सांस ली है। कांग्रेस के कुछ नेता इस सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। ऐसे में प्रभारी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश को निर्देशित किए जाने के बाद उन्हें बड़ा झटका लगा है। जेएमएम प्रवक्ता मनोज पांडे कहते हैं कि प्रत्याशी को लेकर अभी निर्णय लिया जाना बाकी है, लेकिन इतना तो तय है कि घाटशिला उपचुनाव में एक बार फिर जेएमएम की जीत होगी। उन्होंने इस चुनाव में इंडिया गठबंधन द्वारा मजबूती से चुनाव लड़ने का दावा करते हुए कहा कि भाजपा जमानत बचाने की तैयारी करे क्योंकि जीत तो हमारी ही होगी। जनजाति सीट में से एक यह घाटशिला विधानसभा क्षेत्र ट्राइबल बहुल है। राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस क्षेत्र पर जेएमएम-भाजपा-कांग्रेस का दबदबा रहा है। बीते 2024 के विधानसभा चुनाव में घाटशिला में जेएमएम प्रत्याशी रामदास सोरेन को 98,356 वोट पड़े थे। जो कुल वोट का 51।5 प्रतिशत वोट पड़े थे, जबकि प्रतिद्वंद्वी बीजेपी के बाबूलाल सोरेन को 75,910 वोट यानी 39।75% मत मिले थे। इस चुनाव में रामदास सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी के बाबूलाल सोरेन को 22,446 वोटों के मार्जिन से हराया था।

# पिस्टल और नकद के साथ छह अपराधी गिरफ्तार, ठेकेदार को धमकाने में थे शामिल

**लातेहार/नबिटा संवाददाता।** लातेहार जिले में पुलिस ने एक गिरोह के छह सदस्यों को अमेरिकी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि आरोपी व्यापारी वर्ग से रंगदारी वसूलने और धमकाने जैसे अपराधों में शामिल थे। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने कहा कि शुक्रवार रात मनातू रेलवे स्टेशन के पास जंगल क्षेत्र में छापेमारी के दौरान छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। ये लोग फिरौती कॉल, रंगदारी और ठेकेदारों व व्यापारियों को धमकाने की घटनाओं में शामिल थे। गौरव ने बताया कि इन आरोपियों ने 2 अगस्त को बड़ियातू थाना क्षेत्र के भठचत्रा गांव में ट्रांसमिशन लाइन कंपनी के कर्मचारियों से मारपीट की थी और उन पर फायरिंग की थी।

## कुड़मी का एसटी मांग के विरोध में 12 अक्तूबर को मोरहाबादी मैदान से उलगुलान, आदिवासी संगठन का एलान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

झारखंड में कुडमी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने की मांग के खिलाफ आदिवासी संगठनों का विरोध तेज हो गया है। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने सिरमटोली सरना स्थल पर आयोजित बैठक में केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि यदि कुडमी को एसटी दर्जा दिया गया तो आदिवासी समाज के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो जाएगा और उन्हें झारखंड छोड़ना पड़ सकता है।

# प्रिंस खान गैंग के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई गुर्गे अदनान के आवास की कुर्की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद।** गैंगस्टर प्रिंस खान के कुख्यात गुर्गे अदनान उर्फ अंडा पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। शनिवार को अदालत के आदेश के बाद, अदनान उर्फ अंडा की भूली थाना क्षेत्र के वासेपुर के कमरमखदूमी रोड स्थित संपत्ति की कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू की गई। अदालत के आदेश के बाद, पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में कुर्की की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। कुर्की की कार्रवाई घंटों चली।



भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि अदालत के आदेश के बाद यह कार्रवाई की गई। हालांकि घर से सामान खाली कर दिया गया था, फिर भी जो सामान बरामद हुआ, उसे जब्त कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। अदनान उर्फ अंडा लंबे समय से प्रिंस खान के लिए रंगदारी वसूल रहा था। उसके खिलाफ कई मामलों में अदालत ने कुर्की-जब्ती के आदेश पारित किए थे। अभिनव कुमार ने बताया कि उसके घर के दरवाजे पर ताला लगा था। कार्रवाई के लिए दरवाजे को तोड़ा गया है।

गौरतलब है कि गैंगस्टर प्रिंस खान कोयलांचल ही नहीं, बल्कि राजधानी रांची जैसे इलाकों में भी एक संगठित गिरोह चला रहा है। वह रंगदारी वसूलने के लिए बड़े-बड़े व्यवसायियों को निशाना बनाता है। प्रिंस के गुर्गे गोलीबारी और बमबाजी के जरिए रंगदारी वसूलने का काम करते हैं। प्रिंस के गुर्गों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस की ऐसी कार्रवाई लगातार जारी है।

# गंगा के हाई-बायोडाइवर्सिटी जोन में प्लास्टिक प्रदूषण का गंभीर खतरा, जलीय जीवों पर प्रभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**साहिबगंज (झारखंड)।** गंगा नदी के उस हिस्से में, जहां कई दुर्लभ और संकटग्रस्त जलीय जीव पाए जाते हैं, सबसे ज्यादा प्लास्टिक प्रदूषण पैकेजिंग कचरे के कारण हो रहा है। यह जानकारी वन्यजीव संस्थान के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए हालिया अध्ययन में सामने आई है। अध्ययन में झारखंड के साहिबगंज जिले के लाल बथानी से राधानगर तक फैले 34 किलोमीटर लंबे हाई-बायोडाइवर्सिटी जोन का सर्वेक्षण किया गया। इस क्षेत्र में गंगा डॉल्फिन और स्मूद-कोटेड ऊदबिलाव जैसे दुर्लभ जीव मौजूद हैं। शोधकर्ताओं ने 2022 से 2024 के बीच 76 किलोमीटर क्षेत्र में सर्वेक्षण किया और करीब 37,730 कचरे के टुकड़े दर्ज किए। अध्ययन में पाया गया कि कुल प्लास्टिक कचरे का 52.4 प्रतिशत हिस्सा पैकेजिंग से संबंधित था,



जिसमें खाने-पीने के सामान के रैपर, एक बार इस्तेमाल होने वाले पैकेट और प्लास्टिक बैग शामिल हैं। इसके बाद 23.3 प्रतिशत प्लास्टिक के टुकड़े, 5 प्रतिशत तंबाकू उत्पादों का कचरा और 4.7 प्रतिशत डिस्पोजेबल बर्तन जैसे कप, प्लेट और चम्मच पाए गए। मछली पकड़ने के जाल, कपड़े और मेडिकल प्लास्टिक भी थोड़ी मात्रा में मिले। शोधकर्ताओं ने सबसे अधिक प्रदूषण फ्लडप्लेन यानी बाढ़ प्रभावित इलाकों में दर्ज किया, जहां प्रति वर्ग मीटर औसतन 6.95 कचरे के टुकड़े पाए गए। यह नदी किनारों पर पाए गए प्रदूषण से लगभग 28 गुना अधिक था। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में प्रदूषण का स्तर लगभग समान पाया गया, जबकि जनसंख्या घनत्व का असर मामूली था। मानसून के बाद बाढ़ के चलते नदी में कचरा तेजी से बहकर आया। हाई-बायोडाइवर्सिटी जोन में कुल कचरे का 61 प्रतिशत दर्ज किया गया, जिसमें बड़ी मात्रा में फेंके गए मछली पकड़ने के जाल और थर्माकोल शामिल थे। यह स्थिति जलीय जीवों के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है। कुल कचरे में 87 प्रतिशत घरेलू कचरा, 4.5 प्रतिशत मछली पकड़ने का सामान और 2.6 प्रतिशत धार्मिक सामग्री थी। शोधकर्ताओं ने स्पष्ट किया कि गंगा किनारे बसे बाढ़ग्रस्त गांवों में कचरा इकट्ठा करने और निपटाने की कोई व्यवस्थित व्यवस्था नहीं है। यही कारण है कि गंगा में प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे नदी की जैव विविधता को गंभीर खतरा है।

# सिग्नल पास्ड एट डेंजर: रेलवे ने लोको पायलट को सतर्क रहने की दी सलाह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** रेलवे प्राधिकरण ने कुछ घटनाओं की सूचना के बाद लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों को सतर्क रहने और नियमों का पालन करने के साथ-साथ सिग्नल पास्ड एट डेंजर (एसपीएडी) के मुताबिक गति बनाए रखने की सलाह दी है।

खासकर त्योहारों के मौसम में लगभग 12,000 विशेष रेलगाड़ियां चलने वाली हैं। ऐसे में रेलवे प्राधिकरण ने यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ ट्रेन संचालन और सिग्नल पास्ड एट डेंजर (एसपीएडी) घटनाओं की संख्या को कम करने के लिए प्राधिकरण ने सुरक्षा संचालन के लिए चार प्रमुख सिद्धांत सुझाए हैं।

पहला, सिग्नल कॉल-आउट की आदत डालें, दूसरा भ्रम से बचें, तीसरा पर्याप्त आराम करें और चौथा ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन से दूर रहें। एसपीएडी घटनाओं पर बात करते हुए, लोको पायलट कमलेश सिंह ने ईटीवी भारत को बताया कि, रेलवे अधिकारी अक्सर लोको



पायलटक और असिस्टेंट लोको पायलट को जागरूक करने और एसपीएडी घटनाओं को कम करने के लिए परामर्श आयोजित करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि, यह देखा गया है कि विशेष ट्रेनों के संचालन के दौरान कर्मचारियों की कमी और अतिरिक्त कार्यभार की कमी होती है, जिससे लोको पायलटों पर बोझ पड़ता है, जिसके बाद ये घटनाएं हो सकती हैं।

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के केंद्रीय अध्यक्ष राम शरण ने ईटीवी भारत को बताया कि, कर्मचारियों की कमी के कारण लोको पायलट पर विशेष रूप से विशेष ट्रेनें चलाने के दौरान दबाव रहता है। यह स्थिति लोको पायलट पर काम का दबाव डालती है क्योंकि अतिरिक्त ट्रेनें चलाने के लिए कोई अतिरिक्त कर्मचारी तैनात नहीं किया जाता है। यह स्थिति एक लोको पायलट के आराम को भी प्रभावित करती है।

दूसरी तरफ प्रयागराज लॉबी में एक विशेष सुरक्षा चर्चा आयोजित की गई, जहां अपर मंडल रेल प्रबंधक (संचालन), वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (संचालन) और स्टेशन निदेशक ने मुख्य लोको निरीक्षकों और रनिंग स्टाफ के साथ बातचीत की। एसपीएडी घटनाओं पर चर्चा करते हुए, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (संचालन) ने कहा कि, पूर्वानुमान एक बीमारी है जिसे जड़ से खत्म करना होगा। मुख्य लोको निरीक्षक (मुख्यालय) अवधेश कुमार ने हाल ही में एसपीएडी और ओवरशूटिंग घटनाओं का विश्लेषण किया और प्रभावी सिग्नल कॉल-आउट के महत्व पर जोर दिया।

एसपीएडी और इसके प्रभावों पर चर्चा करते हुए, भारतीय रेलवे एसएंडटी मेंटेनर्स यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन कुमार ने ईटीवी भारत को बताया कि, एसपीएडी मामले में रेड सिग्नल पार करना खतरनाक है। यह यात्रियों और ट्रेनों के लिए इतना खतरनाक हो सकता है जिसके बाद अधिकारी अक्सर एसपीएडी घटनाओं से बचने के लिए लोको पायलटों और सहायक लोको पायलटों के लिए परामर्श आयोजित करते हैं।

एसपीएडी घटनाओं से बचने के उपाय सुझाते हुए, आईआरएसटीएमयू के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रबोध कुमार श्रीवास्तव ने ईटीवी भारत को बताया कि, ऐसी स्थिति में ट्रेनों की गति दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है, कभी-कभी ड्राइवर अगले सिग्नल के लिए विश्लेषण और गणना में देरी करते हैं। लेकिन पूरे रेल नेटवर्क में स्थापित की जा रही कवच प्रणाली एसपीएडी घटनाओं को कम करेगी क्योंकि यह ड्राइवर को अगले सिग्नल और रंग के लिए पहले से सचेत कर देगी जिसके बाद एलपी आसानी से निर्णय ले पाएंगे।

गौरतलब है कि हाल ही में ईस्ट कोस्ट रेलवे में एक सुरक्षा संगोष्ठी आयोजित की गई थी, जिसमें स्वचालित सिग्नलिंग क्षेत्रों में परिचालन सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने पर चर्चा हुई। इस संगोष्ठी में महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रोटोकॉल, उचित गेट संचालन प्रक्रियाओं और प्रभावी आपातकालीन प्रतिक्रिया रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया ताकि जन सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए ट्रेनों की सुरक्षित और सुचारू आवाजाही सुनिश्चित की जा सके।

# नौकरी खोजने वाले नहीं देने वाले बन रहे बिहार के युवा : कमलजीत सेहरावत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पश्चिम दिल्ली की सांसद कमलजीत सेहरावत ने शनिवार को बिहारशरीफ परिसदन में प्रेस वार्ता कर कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। बिहार के 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में दस-दस हजार रुपए भेज दिए गए हैं। आगे भी बाकी बचे हुए महिलाओं के खाते में दस हजार की राशि आने वाली है। स्वरोजगार करने वाली महिला बहनों को 2 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। उन्हें रोजगार के



लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। जीविका समूह के द्वारा स्वरोजगार के लिए दी जा रही यह राशि महिला बहनों को स्वावलंबी एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट मानना है कि देश की महिलाओं के विकास के बिना देश का विकास संभव नहीं। बिहार में 2005 के पहले महिला बहनों, बेटियों को अपने घरों से निकलने में डर लगता था, वहीं आज महिलाएं भयमुक्त होकर अपना कार्यकलाप कर रही है। बिहार के युवाओं के लिए भी केंद्र और राज्य सरकार काफी काम कर रही है। बिहार के युवा अब स्वरोजगार में काफी आगे बढ़ रहे हैं, सरकार की मदद से रोजगार के लिए सहायता राशि के साथ साथ प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है जिससे बिहार के युवा अब नौकरी खोजने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले भी बन रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, सुधीर कुमार, डा अशुतोष कुमार, साबो देवी, जिला महामंत्री विरेन्द्र गोप, शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री अमरेश कुमार, धीरेन्द्र रंजन, अमित शान, अविनाश कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ज्ञान स्थली विद्यालय में बाल डांडिया नृत्य का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** स्थानीय ज्ञानस्थली इंटरनेशनल स्कूल, सिंगरियावां में बाल डांडिया नृत्य उत्सव का आयोजन किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगीलो मारो ढोलना, घूमर-घूमर व अन्य गानों पर डांडिया कर उपस्थित दर्शकों को झूमने को बाध्य कर दिया। छात्र-छात्राओं ने रामायण पर आधारित झांकियां और लघु नाटिका में भी अपनी प्रतिभा के जलवे बिखेरे। निदेशक रवि रंजन ने बच्चों के इस प्रयास की तारीफ की और उन्हें पुरस्कृत किया।

# 28 सितंबर: विश्व रेबीज दिवस पर विशेष

रेबीज बीमारी एक वायरस के संक्रमण से होने वाले घातक बीमारी है जो मनुष्यों एवं जानवरों के लिए हमेशा घातक होता है। लेकिन बचाव पूरी तरह संभव है। यह बीमारी ज्यादातर कुत्तों के काटने या खरोचने के कारण होती है लेकिन बिल्ली, बंदर या अन्य जंगली जानवरों के द्वारा भी हो सकती है। यदि कोई भी जानवर असामान्य रूप से आपको काट देता है तो वह रेबीज हो सकता है क्योंकि सामान्यतः पालतू जानवर ऐसा नहीं करते जब तक कि वह संक्रमित ना हो।यदि जानवर काट ले तो क्या करना चाहिए इस संबंध में जिले के महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ आलोक कुमार बताते हैं कि सबसे पहले घाव को साबुन और साफ बहते पानी से अच्छी तरह धोएं। घाव को खुला छोड़े, टांके या बैंडेज ना लगाएं। वो आगे बताते हैं कि रेबीज के मामले में त्वरित उपचार बहुत जरूरी है। उन्होंने बताया कि ऐसी स्थिति में नजदीकी चिकित्सक से मिले और बचाव हेतु त्वचा या मांसपेशियों में टीके अवश्य लगवाएं । सामान्यतः मांसपेशियों में लगने वाले पांच टीके अथवा त्वचा के नीचे लगने वाले चार टीके चलन में है। घाव का उपचार चिकित्सक द्वारा जांच कर श्रेणी के आधार में किया जाता है । समय पर टीका लगाकर हम रेबीज जैसे जानलेवा बीमारी से खुद को बचा सकते हैं क्योंकि यदि हमने टीका नहीं लगाया और यदि हमारे शरीर में संक्रमण पहुंच गया तो 30 दिन से लेकर 6 साल के अंदर कभी भी हमें रेबीज के लक्षण दिखाई दे सकते हैं जैसे पानी से डर, बिजली या प्रकाश से डर, हवा से डर, सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण आ सकते हैं जो लाइलाज है।

**रेबीज से बचाव के लिए क्या करें:**

इस संबंध में डॉ आलोक कुमार बताते हैं कि ज्यादातर देखा गया है की आवारा कुत्ते छोटे बच्चों पर ज्यादा हमला करते हैं। समय-समय पर अपने पालतू जानवरों को नियमित एंटी रेबीज का टीका लगवाते रहे और हमेशा अपनी निगरानी में रखें। पालतू जानवर को किसी भी अज्ञात या आवारा जानवर के काटने की घटना होती है तो उसे तुरंत पशु चिकित्सालय लेकर जाएं और टीका लगवाएं।अपने घर के आसपास कूड़ा कचरा या बचे हुए खाना ना फेक क्योंकि उसी के लालच में आवारा जानवर आपके घर और आपके परिवार के नजदीक आते रहेंगे। पंचायत या नगर पालिका के सहयोग से आवारा कुत्तों को रेबीज से बचाव के टीके लगवानी चाहिए।

**रेबीज से बचाव के लिए बरतें सावधानियां:**

किसी भी अज्ञात आवारा जानवर को बेवजह छूने या पकड़ने की कोशिश ना करें।

## बदमाशों ने बाइक सवार को लूटा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बाढ़ (नालंदा)।** लहेरियापोखर के बजरंगबली मंदिर के पास कुछ अज्ञात बदमाशों ने पंडारक के ग्वासा शेखपुरा गांव निवासी पप्पू कुमार के साथ मारपीट कर लूटपाट की। घटना शनिवार को उस समय हुई जब पप्पू कुमार स्टेशन बाजार से घरेलू सामान खरीदकर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। पीड़ित ने बताया कि लहेरियापोखर के पास पहुंचते ही चार लोगों ने उनकी बाइक रोककर अचानक हमला कर दिया। बदमाशों ने पिस्तौल दिखाकर धमकाया और उनका सोने का हार व 5000 रुपये लूट लिए। साथ ही बाइक छीनने का भी प्रयास किया, लेकिन इसमें असफल रहे।

# विश्व पर्यटन दिवस पर विधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विश्व पर्यटन दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा द्वारा जिले के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा शिल्पी सोनीराज के मार्गदर्शन तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत नवादा





जिले के प्रसिद्ध जैन मंदिर, शेखोदेवरा आश्रम (जयप्रकाश नारायण आश्रम), कौआकोल तथा चौमुंडा मंदिर, रूपौ में विधिक जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित की गई। जैन मंदिर, नवादा को जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के प्रथम शिष्य गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि माना जाता है, जहां गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में पर्यटक एवं श्रद्धालु आते हैं। शेखोदेवरा आश्रम, कौआकोल स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकनायक जयप्रकाश नारायण से जुड़ा हुआ ऐतिहासिक स्थल है, जबकि चौमुंडा मंदिर, रूपौ धार्मिक आस्था का महत्वपूर्ण केंद्र है। इन सभी स्थलों पर पारा विधिक स्वयंसेवकों द्वारा विधिक जागरूकता संदेश प्रसारित किए गए। जैन मंदिर एवं शेखोदेवरा आश्रम में दीपक कुमार तथा रामानुज कुमार, जबकि चौमुंडा मंदिर, रूपौ में रविकान्त कुमार गोयल ने कार्यक्रम का संचालन कर आमजन को विभिन्न कानूनी अधिकारों एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी प्रदान की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य आम नागरिकों को उनके वैधानिक अधिकारों से अवगत कराना और न्याय तक उनकी आसान पहुंच सुनिश्चित करना है।

**पूर्व रेलवे**

**दो पैकेट प्रणाली की सेवा संविदा में ई-टेंडरिंग के लिए निविदा सूचना सं.: ईएलएस/एचडब्ल्यूएच/10/548/ईएमयू (ओपन टेंडर), दिनांक 26.09.2025;** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ईएमयू), पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए दो पैकेट प्रणाली में ई-टेंडरिंग हेतु खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नामः** 02 वर्षों के लिए दिन भर (24 घंटे) श्रम शक्ति के आधार पर बैण्डेल कारशेड में ईएमयू रेकों के भीतर सूखी सफाई एवं बाहर गीली सफाई। **निविदा मूल्यः** रु. 2,41,06,741.85; **बयाना राशिः** रु. 2,70,500; **निविदा दस्तावेज की कीमतः** रु. 0.00; **समापन अवधिः** 730 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 17.10.2025 को दोपहर 12.00 बजे। निविदा दस्तावेज तथा अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपरोक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिए जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा अगर कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होता है, तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

(HWH-324/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 27-09-2025 21:28 Page 1



**ग्रामीणों के चंगुल से अपराधियों को छुड़ाने गयी पुलिस पर**

# लोगों ने बोला हमला

▸ थानाध्यक्ष समेत तीन जवान जख्मी

▸ अपराधी ने पीछा कर रही पुलिस पर की फायरिंग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी**। लदनियां थाना क्षेत्र के एनएच 227 स्थित तेनुआही चौक के पास एक अपराधी को असामाजिक तत्वों के चुंगल से छुराने गई पुलिस पर उपद्रवियों ने हमला कर दिया। इस घटना में थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। घायलों में थानाध्यक्ष अनूप कुमार, 112 पुलिस पदाधिकारी यशवंत कुमार व एसआइ बीएन प्रसाद शामिल हैं। सभी पुलिसकर्मी का इलाज लदनियां सीएचसी में किया गया। चिकित्सक डा. सीपी शर्मा ने बताया कि एसआइ यशवंत कुमार सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया।

थानाध्यक्ष अनूप कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि तीन बाइक सवार हथियार से लैस अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए थाना क्षेत्र के पथलगाढ़ा की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस गश्ती दल द्वारा पीछा किया गया।

एक बाइक सवार अपराधी एनएच 227 के रास्ते तेनुआही की ओर भागने लगा। जबकि दो बाइक सवार तीन थाना क्षेत्र के जानकी नगर की ओर भाग गया। पुलिस टीम ने तेनुआही की ओर जा रहे अपराधी का पीछा करने पर उसने पुलिस पर फायरिंग की। जिससे पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गया।

इसी बीच एक बाइक सवार अपराधी ने तेनुआही चौक पर चेक पोस्ट के लिए रखे ड्रम में ठोकर मार दी। जिससे वह हादसे का शिकार हो गया और पुलिस ने उसे हिरासत में लिया। इसी बीच आसपास के कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पुलिस गिरफ्त में अपराधी के साथ मारपीट की जाने लगी। तब तक लदनियां थानाध्यक्ष अनूप कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। लोगों को समझाने के बावजूद लोग नहीं माने। भीड़ में मौजूद उपद्रवियों ने पुलिस पर लाठी चला कर पथराव करने के बाद दो राउंड फायरिंग किया। जिससे थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिस कर्मी घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जयनगर एसडीपीओ राघव दयाल, जयनगर, देवधा व बासोपट्टी थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर स्थित को कंट्रोल में किया।

## जमीन विवाद में दो पक्षों में चली गोली

**मुंगेर**। मुंगेर में शनिवार दोपहर करीब 12 बजे लखीसराय-एनएच 80 स्थित एक पेट्रोल पंप के पास जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों के बीच गोलीबारी हो गई। अचानक हुई फायरिंग से वहां मौजूद लोग इधर-उधर भाग गए। इस दौरान गंगा स्नान कर घर लौट रहे 20 वर्षीय अंकुश कुमार, जो दिल्ली में मजदूरी करता है और नवरात्र के लिए गांव आए थे, गोलीबारी में जांघ के पास गोली लगने से घायल हो गए। परिजन और आसपास के लोग उन्हें तुरंत मुंगेर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सक डॉ. आशीष कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि युवक की हालत स्थिर है।

पुलिस ने घटना की जानकारी पाते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह विवाद आपसी जमीन को लेकर था, जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फायरिंग की। एसपी सैयद इमरान मसूद भी घटना स्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने बताया कि दोषियों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इलाके में अभी भी दहशत का माहौल है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दोनों नाबालिग अपहृता को पुलिस ने किया बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवजीनगर**। थाना छेत्र के दसौत गांव की दो नाबालिक अपहृता को शिवाजीनगर पुलिस ने नरौली थाना क्षेत्र के दादर एवं नगर हवेली और दमन दीप सिलवसा से बरामद किया है। उक्त कांड में संलिप्त मुख्य एक अप्राथमिकी अभियुक्त भागलपुर जिले के संहौला थाना क्षेत्र के 23 वर्षीय बादल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही दो मोबाइल भी बरामद किया गया गया है।

शिवाजी नगर थाना परिसर में रोसड़ा डीएसपी संजय कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि बिगत 17 सितंबर को दसौत गांव की एक आवेदिका सोनदाय देवी ने लिखित आवेदन दिया था।जिसमे बताया कि घर से दो नाबालिग पुत्री स्कूल पढ़ने के लिए निकली थी, जो देर शाम तक घर वापस नहीं आई। आवेदन के बाद के बाद प्रथम दृष्टा घटना दुब्यार्पार से संबंधित प्रतीत हुआ। जिसके बाद समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश




पर टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी अनुसंधान के आधार पर गुजरात पुलिस के सहयोग से उद्वेदन करते हुए उक्त कांड के दोनों नाबालिग अपहृता को दादर एवं नागर हवेली और दमन दीप के सिलवासा निरौली थाना क्षेत्र से सकुशल बरामद किया गया। डीएसपी ने बताया कि विधि संवत कार्रवाई करते हुए दोनों अपहर्ता को सकुशल वापस लाया गया। इस कांड में संलिप्त मुख्य अप्राथमिक एक अभियुक्त भागलपुर जिले संहौल थाना के महेशपुर गांव निवासी 23 वर्षीय बादल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार बादल कुमार ने ही बहला फुसला कर दोनों नाबालिक लड़की को ले गया था। गिरफ्तार युवक का आपराधिक इतिहास भी खंगाला जा रहा है। डीएसपी ने क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा कि परिजन अपने अपने बच्चों पर निश्चित रूप से ध्यान दें और लोभ लालच में कहीं भी बाहर ना भेजें। जिससे वह गलत रास्ते पर न जाए। छापेमारी दल में शिवाजी नगर थाना अध्यक्ष रविंद्र कुमार , अनुसंधानकर्ता पुअनि प्रवीण कुमार,सिपाही सोहन कुमार पासवान, महिला सिपाही प्रियंका मदन आदि शामिल थे।

# गिरफ्तार साइबर ठगों का निकला पाकिस्तान कनेक्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)**। मोतिहारी साइबर थाना की पुलिस ने पूर्वी चंपारण जिले के केसरिया के ताजपुर देउर गांव में छापेमारी कर दो साइबर बदमाशों को गिरफ्तार करते हुए गिरोह के पाकिस्तान कनेक्शन का पदार्फाश किया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में गिरफ्तार बदमाशों का पाकिस्तानी कनेक्शन सामने आया है। इसी के साथ पुलिस समेत अन्य सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं। दोनों से शनिवार को सघन पूछताछ की गई। इस दौरान पुलिस के सामने कई तथ्य आए हैं।उस आधार पर पुलिस की टीम छापेमारी व जांच की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने शनिवार को बताया कि गिरफ्तार किए जानेवालों में केसरिया के लाला छपरा निवासी ताजपुर पठखौलिया पंचायत के सरपंच मोहन दास का पुत्र विशाल कुमार व खाप गोपालपुर निवासी अमन कुमार शामिल हैं। चार अन्य बदमाश फरार चल रहे हैं।

सभी की खोज में छापेमारी की जा रही है। फरार बदमाशों में पश्चिम चंपारण के बेतिया निवासी इरशाद, केसरिया के लाला छपरा निवासी मो. सद्दाम, निखिल कुमार व रितेश कुमार शामिल हैं।इसी थानाक्षेत्र के ताजपुर देउर गांव निवासी मुस्लिम कुरैशी ने साइबर पुलिस से ठगी की शिकायत की थी। उस आधार पर मोतिहारी साइबर थाना व केसरिया थाना की पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दोनों गिरफ्तार किए गए। गिरफ्तार बदमाशों की निशानदेही पर शहर के चांदमारी मोहल्ला में उनके किराए के कमरे में छापेमारी कर पांच सेलफोन, तीन एटीएम कार्ड, तीन बैंक पासबुक, दो चेक बुक, नौ सिम कार्ड व चार सेलफोन का डिब्बा जब्त किया गया है। अमन के सेलफोन की जांच के बाद पता चला है कि उसने पाकिस्तान निवासी अरशद नामक व्यक्ति के सेलफोन पर चैट व वाट्सएप कालिंग की है। बदमाशों के खिलाफ हिमांचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, तेलंगाना व बिहार के अलावे कई राज्यों में भी साइबर ठगी के मामलों के दर्ज होने की बात सामने आई है।

# उन्मेष में भोजपुरी काव्य पाठ हेतु हिन्दी साहित्यकार को बुलाने का हो रहा विरोध

**भोजपुरी साहित्य सम्मेलन ने साहित्य अकादमी अध्यक्ष को भेजा पत्र**

### भोजपुरी भाषा-साहित्य के साथ क्रूर मजाक जैसी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)**। भोजपुरी साहित्य सम्मेलन ने साहित्य अकादमी द्वारा पटना में आयोजित उन्मेष कार्यक्रम में भोजपुरी काव्य पाठ के लिए हिन्दी साहित्यकार को आमंत्रित किए जाने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस बाबत सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. ब्रजभूषण मिश्रा और महामंत्री डॉ. जयकांत सिंह जय ने साहित्य अकादमी, नई दिल्ली के अध्यक्ष को पत्र भेजकर नाराजगी जताई है।

सम्मेलन पदाधिकारियों ने पत्र में लिखा है कि साहित्य अकादमी की ओर से भोजपुरी भाषा और साहित्य की मान्यता को लेकर पहले से ही उपेक्षा का भाव स्पष्ट रहा है। अब भोजपुरी मंच पर गैर-भोजपुरी साहित्यकारों को उतारकर इसके साथ क्रूर मजाक किया जा रहा है, जिससे स्थिति हास्यास्पद बनती जा रही है।

***अनिल सुलभ का भोजपुरी से कोई संबंध नहीं*** - भोजपुरी साहित्य सम्मेलन ने विरोध पत्र में स्पष्ट कहा है कि पिछले वर्ष दिल्ली और इस बार पटना में आयोजित उन्मेष कार्यक्रम में साहित्य अकादमी ने भोजपुरी कवि के रूप में अनिल सुलभ को आमंत्रित किया। जबकि सुलभ का न तो भाषा-भाषी के रूप में और न ही साहित्यकार के रूप में भोजपुरी से कोई संबंध है। वे बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष हैं तथा हिन्दी में ही लेखन करते हैं। उनकी मातृभाषा बज्जिका या मैथिली हो सकती है, परंतु भोजपुरी से दूर-दूर तक जुड़ाव नहीं है। सम्मेलन के अध्यक्ष व महामंत्री ने कहा है कि उन्हें यह अच्छी तरह ज्ञात है कि कौन लोग भोजपुरी की साहित्यिक गतिविधियों से जुड़े हैं। ऐसे में अनिल सुलभ को भोजपुरी कवि के रूप में बुलाना न सिर्फ भोजपुरी की स्थिति को मजाक का विषय बनाना है बल्कि स्वयं सुलभ को भी हास्यास्पद स्थिति में लाना है। सम्मेलन ने साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मांग की है कि इस प्रकार की प्रवृत्ति पर तुरंत रोक लगाई जाए और भोजपुरी भाषा-साहित्य का सम्मान सुनिश्चित किया जाए।

## नये थानेदारों की हुई तैनाती

**आरा**। भोजपुर एसपी राज ने अपराध नियंत्रण व विधि-व्यवस्था को लेकर पांच थानों में नए थानेदारों की तैनाती की है। बिहिया थाना में कार्यरत इंस्पेक्टर संजीव कुमार को संदेश थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि, पहले से कार्यरत थानाध्यक्ष संतोष कुमार को मुफस्सिल थाना का पर्यवेक्षी पदाधिकारी बनाया गया है। पुलिस केन्द्र में पोस्टिंग की प्रतीक्षा में बैठे सुमेश्वर दास को बिहिया थाना का नया प्रभारी बनाया गया है।

## निकाली गयी भव्य कलश यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तरैया (सारण)**। शारदीय नवरात्रि पर शुक्रवार को तरैया प्रखंड के रामपुर महेश स्थित माँ भगवती स्थान परिसर से अखण्ड अष्टयाम के लिए भव्य कलश यात्रा निकाली गई। आचार्य सुकेश त्रिवेदी और मुखिया अमित सिंह के नेतृत्व में यात्रा शिव मंदिर होते हुए मही नदी घाट तक पहुँची, जहाँ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच महिलाओं ने जलभरी की। कलश यात्रा में लगभग 1100 महिलाएँ शामिल हुईं। गाजा-बाजा, हाथी-घोड़ा और डीजे की धुन पर श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और जय माता दी के जयकारे लगाए। यात्रा में 9 कन्याओं को देवी स्वरूप में सजाया गया था। आयोजन में रवीन्द्र कुमार सचिव, विकास कुमार, दीपक कुमार, विजय पंडित और नागेंद्र प्रसाद की प्रमुख भूमिका रही। मौके पर मुख्य यजमान छठु कुशवाहा सपत्नीक रहे। आयोजन में प्रत्यूष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह, मुखिया अमित सिंह, जदयू नेत्री राखी कुशवाहा, राणा प्रताप सिंह, कृष्णा कुशवाहा, ओमप्रकाश राम, धूपन राय, विजय पंडित, वीरेंद्र राय, संजय राय, दीपक कुमार, राजा, राजन, विकास, सुधीर, गुड्डू, संजीत, विशाल, सूरज, रूपेश समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# गहमागहमी के बीच हुई प्रखंड बीस सूत्री समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मशरक (सारण)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक गहमागहमी के बीच सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीस सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता ने की तथा संचालन बीडीओ पंकज कुमार ने किया। बैठक के दौरान उस समय विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई जब उपाध्यक्ष सह जदयू प्रखंड अध्यक्ष रामाधार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी डॉ. अनंत नारायण कश्यप पर गंभीर आरोप लगाते हुए तीखा हमला बोला। इससे माहौल तनावपूर्ण हो गया और अधिकारी असहज दिखे। इस पर सीओ सुमंत कुमार ने हस्तक्षेप कर उन्हें मर्यादित भाषा में बात करने की सलाह दी। बैठक में सीओ सुमंत कुमार, एसबीआई चैनपुर शाखा प्रबंधक शशि शेखर, विद्युत विभाग के जेई अभिषेक कुमार समेत कई विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में आपूर्ति, विद्युत, मनरेगा, शिक्षा, स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी सहित विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। हालांकि, आमजन से जुड़े किसी बड़े मुद्दे पर गहन चर्चा नहीं हो सकी।

## कार्यकर्ताओं को जीत का दिया मंत्र

**समस्तीपुर**। सरायरंजन की धरती से मिथिलांचल में कमल का बीज दोबारा प्रस्फुटन का मंत्र कार्यकर्ताओं को देने शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे। दिन के 11.50 बजे गृह मंत्री अभियंत्रण महाविद्यालय के समीप हाई स्कूल के सामने बने हेलीपैड पर सेना के विशेष हेलीकॉप्टर से उतरे। वहां भाजपा नेताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। हेलीपैड से कारकेड के साथ सभागार तक पहुंचें। 12 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत हो गई करीब एक घंटे तक के कार्यक्रम में शाह भाजपा कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिये।

# जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों पर यथोचित कार्रवाई का मिला आश्वासन

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह**। साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन, प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत यथोचित कारवाई का मिला आश्वासन जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों को जन समाधान पोर्टल के माध्यम से संबंधित विभाग को भेज कर त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराया जाता है जिला प्रशासन द्वारा आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान और सुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिसका मुख्य उद्देश्य जनता की शिकायतों और समस्याओं को सुनना, उनका त्वरित निवारण करना और प्रशासनिक सेवाओं को जन-जन तक पहुँचाना है।

इसी क्रम में आज उपायुक्त, ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार लगाकर आमजनों की शिकायतों को सुना और उसके त्वरित निराकरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु आए करीब सैकड़ों से ज्यादा लोगों से उपायुक्त ने मिलकर उनकी समस्याएं




सुनी तथा जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए यथोचित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। इस दौरान कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट भी निष्पादन किया गया। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने जमीन विवाद, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, राशन, शिक्षा एवं अन्य समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों पर अंचलाधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रत्येक मामले में फोन पर संबंधित अधिकारी से अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और पारदर्शी ढंग से निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें ताकि आमजन को राहत मिल सके। जनता दरबार के प्रति आमजनों का बढ़ रहा है भरोसा, हर मंगलवार और शुक्रवार को सौ से ज्यादा लोग जनता दरबार में पहुंच रहे हैं, अपनी शिकायत से उपायुक्त को अवगत करा रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि मंगलवार एवं शुक्रवार के अलावा भी आमजन अपनी समस्याओं को लेकर समाहरणालय आ सकते हैं, संबंधित विभाग को अपना आवेदन दे सकते हैं, उनके आवेदन का त्वरित निराकरण किया जायेगा। आगे उपायुक्त ने बताया कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों/आवेदनों के त्वरित निराकरण को लेकर जिला स्तर पर जन समाधान पोर्टल बनाया गया है, ताकि पूरी पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ आमजनों की शिकायतों का निष्पादन किया जा सकें।

जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। इसका उद्देश्य लोगों की वास्तविक समस्याओं को सुनना और उन्हें त्वरित समाधान प्रदान करना है। हमारा प्रयास है कि जिला प्रशासन हर नागरिक तक प्रभावी ढंग से पहुँचे और विश्वास का वातावरण बने।

# भारतीय झंडा संहिता व राष्ट्रीय गौरव अपमान अधिनियम के अनुपालन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)**। जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति के नाम से जारी पत्र में राज्यपाल सचिवालय, बिहार सरकार के प्रधान सचिव राबर्ट एल. चोंगथू ने निर्देश दिया है कि भारतीय झंडा संहिता 2002 (2021 एवं 2023 में संशोधित रूप सहित) तथा राष्ट्रीय गौरव अपमान अधिनियम 1971 में वर्णित नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. हरिश्चंद ने बताया कि कुलपति महोदय द्वारा उक्त आदेश का अनुपालन कराने हेतु जेपी विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार में आने वाले सभी पीजी विभागों, अंगीभूत व संबद्ध महाविद्यालयों तथा बी.एड. कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी किया गया है। इसमें तत्काल प्रभाव से निर्देशों के अनुपालन पर जोर दिया गया है।

प्रो. हरिश्चंद ने कहा कि राज्यपाल सचिवालय के आदेशानुसार सभी अंगीभूत, संबद्ध व बी.एड. महाविद्यालयों को इस संदर्भ में कार्यक्रम आयोजित कर इसकी सूचना विश्वविद्यालय को भेजनी होगी।

गौरतलब है कि भारतीय झंडा संहिता के भाग 2, पैरा 2.2 की धारा (७) के अनुसार जनता द्वारा कागज से बने राष्ट्रीय झंडों को राष्ट्रीय, सांस्कृतिक एवं खेलकूद के अवसरों पर हाथ में लेकर हिलाया जा सकता है।

## ब्राइट फ्यूचर स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तरैया (सारण)**। ब्राइट फ्यूचर स्कूल, पचभिंडा में नवरात्र के अवसर पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ दुर्गा के नव रूपों के दर्शन से हुई, जिसने उपस्थित दर्शकों को आध्यात्मिक अनुभव कराया।

छात्र-छात्राओं ने डांडिया नृत्य, नारी शक्ति प्रदर्शन और रावण वध की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर पल्लवी, सलोनी, नंदनी, अंशिका, आराध्या, अन्नी, दानिया खातून, पलक, स्वेता, रेहमा, रोशनी, आरोही, ऋषिका, सूरज, सितम, शुभम, प्रियांशु, अनिकेत, राजदीप, गीतांजली, प्रज्ञा, साक्षी, राधा और मयंक ने शानदार प्रस्तुतियाँ दीं।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमित कुमार साह ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना बढ़ती है।

कार्यक्रम में शिक्षकगण संतोष सिंह, सोनू कुमार, प्रशांत गुप्ता, अमित पंडित, काजल सिंह, प्रवीण खातून, श्वेतांजली सिंह, निकिता और मुस्कान उपस्थित रहे।

# पारा मिलिट्री फोर्स के आवासन को ले स्थल निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा**। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पारा मिलिट्री फोर्स के आवासन की तैयारी की समीक्षा हेतु पुलिस प्रशासन और आरएएफ अधिकारियों की टीम शनिवार को बैजनाथ उच्चतर विद्यालय कुल्हड़िया पहुंची। आरएएफ अधिकारी एसएचओ कोईलवर थानाध्यक्ष नरोतमचन्द्र विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर जवानों के ठहराव की व्यवस्थाओं को देखा।

इस दौरान आरएएफ अधिकारी ने विद्यालय में जल्दबाजी में कराए गए शौचालय निर्माण की गुणवत्ता पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया। अधिकारियों ने कहा कि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप नहीं है और यह फोर्स के उपयोग लायक नहीं है। पीएचईडी विभाग द्वारा आनन फानन में दस से बारह फीट में एक साथ सात सीट लगा शौचालय बना दिया गया है। जिसके आगे नल टैप भी लगा दिया गया है।

जिसे प्लास्टिक पॉलीथिन से घेर

### बैजनाथ उच्चतर विद्यालय कुल्हड़िया में होगा ठहराव

दिया गया था। जो किसी तरह से उपयोग लायक नहीं है। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देश दिया कि शौचालयों की गुणवत्ता में सुधार करते हुए आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराई जाये।

आरएएफ अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि चुनाव ड्यूटी के दौरान तैनात जवानों के आवास और स्वास्थ्य संबंधी इंतजामों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। निरीक्षण में स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी भी मौजूद थे और उन्हें तय समयसीमा में सभी खामियों को दूर करने को कहा। मौके पर उपस्थित पीएचईडी विभाग के पदाधिकारी ने अधिकारियों को आश्वस्त किया कि जो कमी है उसे दुरुस्त करा दिया जायेगा।


# 29 सितम्बर से शहर में बड़े वाहनों की प्रवेश पर रहेगी रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा**। नवादा नगर में दुर्गा पूजा पर यातायात की विशेष व्यवस्था रहेगी। नवादा जिला प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कई योजनाएं बनाई हैं।

पूजा के दौरान नागरिक सुरक्षित रहें और मेला का आनंद ले सकें, इस उद्देश्य से यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष योजना तैयार की गई है। शारदीय नवरात्रि के सप्तमी पूजा (29 सितंबर) से लेकर प्रतिमा विसर्जन (3 अक्टूबर) तक नवादा नगर में दो और तीन पहिया समेत बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगा। वाहन चालकों के लिए यह प्रतिबंध इन चार दिनों में प्रातः आठ बजे से रात्रि दो बजे तक सुनिश्चित किया गया है।

नवादा नगर के उत्तर में धर्मशिला अस्पताल मोड़, पूर्व में केएलएस कॉलेज (तीन नंबर गुमटी), दक्षिण में मस्तानगंज पेट्रोल पंप और पश्चिम में सद्भावना चौक, गोंदापुर (बाबा का ढाबा), लोहानी बिगहा मोड़ और बुधौल बस स्टैंड पर ड्रॉप गेट लगाकर वाहनों के प्रवेश को रोका जाएगा। हालांकि, बड़े वाहनों के परिचालन को लेकर वैकल्पिक मार्ग बनाए गए हैं, जिनसे होकर



वाहन चालक गंतव्य तक पहुंच सकेंगे।

दुर्गा पूजा में पूजा-पंडाल और मेला स्थल पर लगने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। नगर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक के साथ वाहन चालकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वैकल्पिक मार्ग भी निर्धारित किए गए हैं।

नवादा नगर से होकर पकरीबरावां और जमुई की ओर जाने वाले वाहनों को अतौआ मोड़ और कादिरगंज होते हुए संचालित कराया जाएगा, जबकि जमुई एवं पकरीबरावां मार्ग से आने वाले वाहनों को बागी बरडीहा मोड़ से बिहार शरीफ और पटना की ओर भेजा जाएगा।

पूजा एवं प्रतिमा विसर्जन के दौरान मेला प्रबंधन को लेकर नगर के प्रमुख स्थलों पर ड्रॉप गेट और ट्राली लगाई जाएगी। इन स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे।जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

# महिला प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय**। वीरपुर प्रखंड के डीहपर गांव में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) अहमदाबाद की ओर से आयोजित 26 दिवसीय सूक्ष्म कौशल उद्यमिता विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) के समापन अवसर पर शनिवार को महिला लाभार्थियों के बीच प्रमाणपत्र वितरण किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को मशरूम उत्पादन के साथ-साथ उससे बनने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे मशरूम का अचार, बड़ी एवं पाउडर बनाने की तकनीक सिखाई गई। मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण रामकुमार सिंह तथा बटन व ऑयस्टर मशरूम उत्पाद व उससे जुड़े प्रसंस्करण का प्रशिक्षण ज्योति कुमारी ने दिया। वहीं, उद्यमिता विकास व व्यापारिक दृष्टिकोण पर संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार तिवारी ने विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर 55 महिला उद्यमियों को एमएसडीपी प्रशिक्षण का प्रमाणपत्र प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार तिवारी एवं ट्रेनर ज्योति कुमारी के हाथों प्रदान किया गया।

तिवारी ने कहा कि संस्था आगामी 16 महीनों तक महिला उद्यमियों को उत्पाद विकास, बिजनेस डेवलपमेंट, मार्केट लिंकेज और बैंक लिंकेज जैसी सेवाओं में सहयोग करती रहेगी। साथ ही विभिन्न स्टॉल व मेलों के जरिए बाजार उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि महिलाओं में उद्यमी बनने की ललक है तो बैंक भी हर स्तर पर सहयोग को तैयार है।कार्यक्रम के दौरान समाज सेविका मीरा देवी और प्रियंका कुमारी ने भी महिलाओं का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अंत में सभी महिला उद्यमियों ने संस्था के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. रमन गुजराल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इस तरह का प्रशिक्षण उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

### बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी ने धर्मेंद्र प्रधान पटना में घर- घर जाकर किया जनसंपर्क

# बिहार की जनता एनडीए की सरकार बनाने का ले चुकी है संकल्प : धर्मेन्द्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान आज प्रदेश की राजधानी पटना के कई मुहल्लों में पहुंचे और घर-घर जाकर लोगों से मुलाकात की और उनसे खुलकर बात की। इस दौरान उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाने का आह्वान भी किया। बिहार भाजपा के चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान आज पटना के आदर्श चौक, पश्चिमी पटेल नगर, दीघा विधानसभा में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने गर्व से स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभ को लेकर भी प्रतिक्रिया ली। उन्होंने लोगों से घुल-मिलकर बात की और आगामी चुनाव को लेकर और बढ़ते बिहार को लेकर लोगों की राय जानी। लोग बदलते बिहार को लेकर खुलकर अपनी राय रखी। कई लोगों ने भाजपा के इस जनसम्पर्क अभियान के पहल की प्रशंसा की। लोगों ने इस दौरान बेबाकी से अपनी राय रखी। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस दौरान कहा कि जनसंपर्क के दौरान मिले अपार स्नेह और समर्थन से यह स्पष्ट है कि बिहार की जनता, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सशक्त नेतृत्व में, प्रचंड बहुमत के साथ एनडीए की सरकार बनाने का संकल्प ले चुकी है। इस मौके पर पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद, विधायक संजीव चौरसिया, राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा और विधान पार्षद और राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख भी शामिल रहे।




# मानवता की सेवा को समर्पित मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी : नन्द किशोर यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के ग्यारहवें वार्षिकोत्सव का उदघाटन आज दीप प्रज्ज्वलित कर बिहार विधानसभा अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, विश्व हिंदू परिषद के पूर्व अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पद्मश्री डॉ आर एन सिंह, समाजसेवी एल एन पोद्दार, अध्यक्ष राधेश्याम बंसल, संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल, निवर्तमान अध्यक्ष रमेश गुप्ता, सचिव दिनेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुजीत सिंघानिया एवं अन्य ने किया। नन्द किशोर यादव ने कहा कि मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी मानवता की सेवा को समर्पित संस्था है। मारवाड़ी समाज के लोग व्यापार से ज्यादा सेवा का कार्य करते हैं। मौके पर अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने कहा कि मात्र 11 वर्षो में ही सोसाइटी ने न्यूनतम शुल्क में उच्चतम चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराकर एक मिसाल कायम की है। कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि वर्तमान में सोसाइटी परिसर में लगभग 38 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं। मौके पर सभी से आग्रह की तन मन धन से सेवा मेरे से संस्था में जुड़े। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने बताया कि यहां नियमित ओपीडी के अलावा समय-समय पर निःशुल्क वृहत एवं लघु चिकित्सा शिविरों का आयोजन होता है जिसमें चिकित्सक द्वारा अनुमोदित जांच, दवा तथा मरीज एवं परिजनों को भोजन भी निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। मौके पर संस्थापक अध्यक्ष महावीर अग्रवाल ने कहा कि अब तक सोसाइटी द्वारा लगभग 5,000 मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क कराए जा चुके हैं तथा 50,000 से अधिक मरीजों का निःशुल्क ओपीडी उपचार किया गया है। साथ ही ब्लड एवं अन्य सभी प्रकार की जांचें भी निःशुल्क या बहुत कम शुल्क पर उपलब्ध कराई जाती है। आज के कार्यक्रम में कई विजय किशोरपुरिया, रमेश गुप्ता सहित अनेकों पचास दानवीरों को सम्मानित किया गया। मंच संचालन सुबोध गोयल एवं धन्यवाद ज्ञापन हनुमान गोयल ने किया। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में शहर के सैकड़ों की संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे जिनमें प्रमुख पी के अग्रवाल, अध्यक्ष बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स, रामलाल खेतान, अध्यक्ष बिहार इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, गणेश खेतड़ीवाल, अध्यक्ष वनबंधु परिषद, प्रायोजक प्रशांत बंका, कमल नोपनी, विवेक साहा, संजय भलोटिया, अरुण रूंगटा, शम्भू अग्रवाल, गोपाल मोदी, विनोद तोदी, डॉ श्रवण कुमार, डॉ गीता जैन सहित अन्य थे।

# रेल संरक्षा आयुक्त ने किया अररिया-सुपौल नई रेल के अंतर्गत नवनिर्मित रेलखंड का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** सुमित सिंघल संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा समस्तीपुर मंडल के अररिया-सुपौल नई रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत लगभग 9 किमी लंबे नवनिर्मित अमहा पिपरा-त्रिवेणीगंज रेलखंड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान संरक्षा आयुक्त द्वारा अमहा पिपरा से त्रिवेणीगंज तक मोटर ट्रॉली से नवनिर्मित लाइन, पुल-पुलिया, ओएचई तथा स्टेशन भवन, पैनलरूम, रिले रूम एवं आईपीएस रूम का निरीक्षण किया। साथ ही संरक्षा आयुक्त (रेलवे) द्वारा विशेष ट्रेन से त्रिवेणीगंज से अमहा पिपरा के मध्य सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया। इस अवसर पर समस्तीपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा सहित निर्माण विभाग तथा समस्तीपुर के उच्चाधिकारीगण भी उपस्थित थे। विदित हो कि लगभग 95 किलोमीटर लंबे अररिया-सुपौल नई रेल परियोजना का कार्य कई चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण में मार्च, 2025 में 22 किमी लंबे सुपौल-अमहा पिपरा रेलखंड का कार्य पूर्ण किया गया था तथा आज दूसरे चरण में 9 किमी लंबे अमहा पिपरा-त्रिवेणीगंज रेलखंड का कार्य पूर्ण होने के उपरांत सीआरएस निरीक्षण किया गया।



# नवरात्र पर पीएम मोदी और सीएम नीतीश ने महिलाओं को दिया उपहार : लाजवंती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा की महामंत्री लाजवंती झा ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार जताते हुए कहा कि नवरात्र के मौके पर पीएम मोदी और मुख्यमंत्री ने बिहार की 75 लाख महिलाओं को उपहार दिया है। पटना प्रदेश कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री लाजवंती झा ने कहा कि यह पहला मौका है जब बिहार की बहनों को इतने बड़े स्तर पर स्वरोजगार के लिए राशि का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल 75 लाख बहनों को 10-10 हजार रुपये की राशि दे दी गई है जो बहनें बची हैं उन्हें तीन अक्टूबर को राशि दी जाएगी। 20 वर्ष के एनडीए सरकार में नारी सम्मान और नारी स्वाभिमान के लिए निरंतरता के साथ काम किया गया है। उन्होंने विभिन्न योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि यह दर्शाता है कि पीएम और सीएम महिलाओं के प्रति कितने संवेदनशील हैं। उन्होंने जीएसटी के स्लैब में कटौती की चर्चा करते हुए कहा कि इसके बाद महिलाओं में उत्साह है। बिहार की महिलाएं इसके लिए धन्यवाद दे रही हैं। उन्होंने इस दौरान सामाजिक पेंशन योजना की राशि बढ़ाने तथा ममता दीदी और आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय बढ़ाने को लेकर भी महिलाओं में उत्साह की बात कही। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि राजद के शासनकाल में 13.08 प्रतिशत महिलाएं ही कामकाज के लिए घरों से निकलती थीं क्योंकि तब असुरक्षा का भाव था, लेकिन आज 31 प्रतिशत महिलाएं काम करने निकल रही हैं। उन्होंने कहा कि आज महिला पुलिसकर्मियों की संख्या किसी भी प्रदेश से बिहार में अधिक है। उन्होंने विकास योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि आज योजनाओं का शिलान्यास भी मुख्यमंत्री कर रहे हैं और उद्घाटन भी वही कर रहे हैं। उन्होंने राजद और कांग्रेस के मंच से पीएम मोदी की मां को अपशब्द कहे जाने को लेकर कहा कि जिन्हें गाली दी जाती है वह पीएम की माता नहीं होती बल्कि समस्त नारी समाज होती है जिसे वे गाली देते हैं। उन्होंने विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव को निशाने पर लेते हुए कहा कि जब वे अपनी बहन के नहीं हो पा रहे हैं तब वे बिहार की अन्य महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए क्या सोचेंगे। उन्होंने राजद के शासनकाल की चर्चा करते हुए कहा कि चंपा विश्वास और शिल्पी हत्याकांड भी उसी दौर में हुआ। महागठबंधन में शामिल दलों ने बराबर महिलाओं के सम्मान को कुचला है। प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष अमृता सिंह राठौड़ ने प्रियंका गांधी से सवाल करते हुए कहा कि जब वे बिहार पहुंची तो क्या अच्छी सड़कें उन्हें नहीं मिली या बिजली नहीं मिली? उन्होंने कहा कि मोदी सरकार और नीतीश सरकार बराबर महिलाओं के उत्थान की बात की है। उन्होंने प्रियंका गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि वे निश्चिंत रहें अभी बहनों को 10 हजार रुपये मिले हैं और उसके बाद दो लाख रुपये भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में तब के पीएम भी बोलते थे कि एक रुपये भेजते थे और 15 पैसे पहुंचते थे आज जो भेजा जाता है वह खाता में पहुंचता है।

# लिट्ल एंगल्स प्ले स्कूल में दुर्गा पूजा के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह के दिशा निर्देश में रेलवे कॉलोनी, हाजीपुर स्थित लिट्ल एंगल्स प्ले स्कूल में दुर्गा पूजा के अवसर पर बच्चों को दशहरा और इससे जुड़े हमारे संस्कृति के बारे में शिक्षकों द्वारा पारंपरिक कथा के माध्यम से बताया गया। त्योहारों को आनंद और श्रद्धापूर्वक किस तरह से मनाया जाना चाहिए यह भी समझाया गया। बच्चों ने कार्यक्रम में काफी उत्साहपूर्वक एवं आनंद के साथ भाग लिया। सभी बच्चों को इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन द्वारा उपहार स्वरूप चॉकलेट दिया गया। इस अवसर पर शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को प्रारंभिक शिक्षा के महत्व के बारे में बताया गया जिसके फलस्वरूप वो अपने भविष्य को संवार सके।

# दानापुर मंडल में स्वच्छता जागरूकता को ले कार्यक्रमों का आयोजन

## आरा स्टेशन पर अमृत महोत्सव एवं स्वच्छता जागरूकता हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** 17 सितम्बर 2 अक्तूबर 2025 तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा (स्वच्छोत्सव) कार्यक्रम के अंतर्गत दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं स्कूल में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 02 अक्टूबर 2025 तक चलने वाला यह अभियान, स्वच्छता को एक साझा जिम्मेदारी के रूप में मनाने के लिए सभी वर्गों के लोगों को एक साथ ला रहा है। इसी कड़ी में दानापुर मंडल के मंडल पर्यावरण एवं गृह व्यवस्था प्रबंधन विभाग के द्वारा रेलवे सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, दानापुर में स्वच्छता के विषय पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चित्रकला एवं निबंध से संबंधित एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के छात्रों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।

अगली कड़ी में राजेंद्रनगर स्टेशन पर अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज, हरिद्वार की युवा इकाई के द्वारा संचालित श्री राम बाल संस्कारशाला के सहयोग से दानापुर मंडल ने स्थानीय स्कूल के विद्यार्थियों के बीच पेंटिंग के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए कार्यक्रम का आयोजिन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया तथा कचरा वेस्ट से कलाकृति बनाने की कला से भी रूबरू हुए जिसमें वेस्ट से बने रोबोट और हवाई जहाज बच्चों के लिए आकर्षण के केंद्र रहे। इसकी अगली कड़ी में एक संयुक्त अभियान के तहत आरा स्टेशन पर स्वच्छता जागरूकता एवं अमृत भारत ट्रेन की लोकप्रियता से संबंधित अमृत महोत्सव के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता एवं अमृत भारत ट्रेन के ऊपर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया जो यात्रियों के बीच कौतूहल का विषय रहा। मंडल के कलाकारों की प्रस्तुति यात्रियों को खूब पसंद आई।




# 483 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारियों का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य विभाग के अधीन विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी के विभिन्न पदों पर विशेषज्ञ डाक्टरों का चयन किया गया है। 800 विशेषज्ञ डाक्टरों के खाली पदों पर 483 डाक्टरों का चयन किया गया है। तकनीकी चयन आयोग ने इससे संबंधित परिणाम जारी कर दिया है। इनके चयन के लिए पटना स्थित बिहार तकनीकी सेवा आयोग को अधियाचना उपलब्ध कराई गई थी। इसके बाद अभ्यर्थियों का साक्षात्कार हुआ। इस साक्षात्कार के बाद विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी चर्म रोग, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी इएनटी, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, शिशु रोग एवं विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, रेडियोलॉजी का परीक्षाफल प्रकाशित किया जा चुका है। यह परीक्षाफल आयोग की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है। घोषित परीक्षाफल के अनुसार विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी स्त्री रोग के 534 रिक्तियों के सापेक्ष 277, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी माइक्रोबायोलॉजी के 19 रिक्त पदों के सापेक्ष 18, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी नेत्र रोग के 42 पदों के सापेक्ष 37, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी हड्डी रोग के 121 पदों के सापेक्ष 77, विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी पैथोलॉजी के 70 पदों के सापेक्ष 62 व विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी मनोचिकित्सक के रिक्त 14 पदों के सापेक्ष 12 अभ्यर्थी का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों की अगली प्रक्रिया पूरी कर उन्हें अलग-अलग स्थानों पर तैनाती दी जाएगी।

# कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र वितरण शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** लिटेरा पब्लिक स्कूल, पटना ने अपने मुख्य परिसर में जरूरतमंद दिव्यांगों के लिए कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र जैसी सामग्रियों के वितरण के लिए एक शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया। स्कूल के इस पहल को महिला इमदाद समिति और लायंस क्लब ऑफ हार्मनी और एलिम्को का सहयोग और समर्थन प्राप्त था। शिविर का उद्देश्य उचित चिकित्सा मूल्यांकन के बाद दिव्यांगों को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र प्रदान करके उन्हें सशक्त बनाना था। बड़ी संख्या में लाभार्थियों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए जिससे उन्हें अधिक गतिशीलता, स्वतंत्रता और सम्मान के साथ जीवन जीने में मदद मिली।

कार्यक्रम का एक आकर्षण 8वीं और 9वीं कक्षा के छात्रों का लाभार्थियों के साथ विशेष संवाद था। छात्रों ने लाभार्थियों के जीवन के अनुभवों और संघर्षों को सुना और इससे जुड़ी बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्राप्त की। इस संवाद ने युवा शिक्षार्थियों पर गहरी छाप छोड़ी और सामाजिक रूप से जिम्मेदार नागरिकों के पोषण के लिए स्कूल के दृष्टिकोण को और पुष्ट किया। कार्यक्रम में लिटेरा पब्लिक स्कूल की निदेशक ममता मेहरोत्रा और आशुतोष मेहरोत्रा, निदेशक (प्रशासन) उपस्थित थे। एलिम्को का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. चंदेशर और लायंस क्लब ऑफ हार्मनी की रीता सिन्हा ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और इस नेक कार्य में अपना सहयोग दिया।




# सनातन परंपरा को और मजबूत कर मठ मंदिरों को जनसेवा का केंद्र बनाएंगे : रणवीर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य धार्मिक न्यास पर्षद ने हाल ही राजधानी के बापू सभागार में बड़ी धार्मिक जुटान की थी। 18 सितम्बर को हुआ यह आयोजन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत भाजपा, जदयू के शीर्ष नेताओं की मौजूदगी का गवाह बना था। धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन के इस आयोजन में बिहार के चार हजार से अधिक मठ-मंदियों के साधु, संत, पुजारी शामिल हुए थे। खास बात यह रही कि इस धार्मिक सम्मेलन में बिहार के मठ, मंदिर और धार्मिक संस्थानों को पूजा-पाठ तक सीमित न रखकर, सामाजिक विकास का केन्द्र बनाने का संकल्प लिया गया। आयोजन से यह भी संदेश गया कि बिहार के धार्मिक संस्थान समाज के सकारात्मक बदलाव में अपनी भूमिका निभाने में हस्तक्षेप करने को प्रतिबद्ध हैं। ये पावन केन्द्र धार्मिक सुधार केन्द्र के संकल्प को लेकर अब आगे बढ़ेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले राज्य के शीर्ष राजनेता, वरिष्ठ अधिकारी, बड़े धार्मिक मठों के महंतों की एक मंच पर हुई यह जुटान कई मायने में खास है। इसका बड़ा सामाजिक प्रभाव पड़ सकता है। धार्मिक समागम की यह पहल बड़ा कदम साबित हो सकती है। इसे गोलबंदी में तब्दील करने की भी तैयारी है। वरिष्ठ भाजपा नेता तथा पूर्व विधान पार्षद प्रो. नंदन मूलतः शिक्षक तथा शिक्षाविद हैं और धार्मिक न्यास पर्षद का अध्यक्ष पद संभालने के महज कुछ ही माह में इन्होंने बिहार के मठ-मंदिरों को शिक्षा के केन्द्र के रूप में भी तब्दील करने की कोशिशों का बिगुल भी धार्मिक समागम के मंच से फूंक दिया है। उनका मानना है कि बिहार के अधिकांश प्रमुख धार्मिक स्थलों के पास पर्याप्त भूमि और भवन उपलब्ध हैं, लेकिन उनका उपयोग सीमित है। यहां शिक्षा, पुस्तकालय, करियर मार्गदर्शन, महिला प्रशिक्षण और स्वास्थ्य सेवाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा सकती है। यह कदम न केवल संसाधनों का सही इस्तेमाल होगा, बल्कि युवाओं और महिलाओं को नए अवसर भी प्रदान करेगा। धार्मिक संस्थानों के सामाजिक गतिविधियों का केन्द्र बनने से सभी वर्गों में संवाद बढ़ेगा और वर्गविभेद की दीवारें टूटेंगी। सामाजिक समरसता बढ़ेगी।



# विश्व पर्यटन दिवस पर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सेमिनार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की ओर से भव्य परिचर्चा और सेमिनार का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बिहार के पर्यटन क्षेत्र को नई पहचान दिलाना और इसे वैश्विक स्तर पर प्रस्तुत करना रहा। इस अवसर पर बिहार पर्यटन निगम के निदेशक नंदकिशोर ने दारोगा प्रसाद राय पथ स्थित, सिख हेरिटेज भवन में सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने बताया कि सरकार बिहार के ऐतिहासिक स्थलों को संरक्षित करने के साथ-साथ आधुनिक पर्यटन अवसंरचना विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही पर्यटन के थीम 'पर्यटन और सतत परिवर्तन' पर स्टेक फोल्डर के बारे में चर्चा की। इस परिचर्चा में होटल प्रबंधक, उद्योग जगत से टूर ऑपरेटर, पर्यटन संघ के साथ पर्यटन जागरूकता बढ़ाने और छोटे-छोटे पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज और संस्कृति में पर्यटन जागरूकता लाने पर विचार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की स्वयं संचालित परिसम्पत्ति प्री-पेड, टैक्सी काउण्टर, पटना एयरपोर्ट, एम भी कौटिल्या विहार जलयान, आकाशीय रज्जू पथ रोपवे राजगीर, आकाशीय रज्जू पथ रोपवे, मंदार बांका, प्रकाश कुंज के साथ होटल में आने वाले पर्यटकों को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर (27 सितंबर) एक दिन के लिए निर्धारित टैरिफ पर दस प्रतिशत की छुट निगम की ओर से दिया गया है। इसके साथ पटना एयरपोर्ट से आनेवाले देशी-विदेशी पर्यटकों को बिहार स्टेट टूरिज्म डेवलपमेंट कॉ लि, पटना के तरफ से एक गुलाब का फुल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन विकास निगम के वरिष्ठ अधिकारियों, पर्यटन विशेषज्ञों, शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, ऐतिहासिक स्थलों, धार्मिक पर्यटन केंद्रों और लोक कला की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की।

# पटना में स्कूली समय में चलेगी पिंक बस

## छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को मिलेगी सुरक्षित यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में पिंक बस सेवा अब स्कूली समय के अनुसार चलेगी, ताकि छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को सुविधा हो। परिवहन विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मिहिर कुमार सिंह ने इस संबंध में बिहार राज्य पथ परिवहन निगम को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से स्कूल-कॉलेज जाने वाली छात्राओं और महिला शिक्षिकाओं को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दो चरणों में कुल 100 पिंक बसों को हरी झंडी दिखाकर राज्य भर में इसकी शुरुआत की है। इनमें से 30 बसें पटना के विभिन्न मार्गों पर चलाई जा रही है। इसके अलावा पटना जिला और आसपास के क्षेत्रों को जोड़ने के लिए पिंक बसें संचालित की जाएंगी। पिंक बस का मासिक पास छात्राओं के लिए 450 रुपये, महिलाओं और ट्रांसजेंडर के लिए 550 रुपये निर्धारित किया गया है। पास बनवाने के लिए 'चलो मोबाइल एप' के जरिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है जो एक दिन में जारी हो जाता है।

# सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक ने बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों का किया भ्रमण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सशस्त्र सीमा बल के महानिदेशक संजय सिंघल ने दो दिवसीय दौरे के अंतर्गत नेपाल से लगे बिहार के सीमावर्ती क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां प्रशासनिक तथा प्रचालनात्मक गतिविधियों का जायजा लिया। इस दौरान महानिदेशक ने एकीकृत चेक पोस्ट रक्सौल में भारत के सहयोगी एजेंसियों के साथ बैठक की जिसमें सीमा पार अपराध, तस्करी तथा सुगम आवागमन के साथ-साथ अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद महानिदेशक सीमांत मुख्यालय, सशस्त्र सीमा बल, पटना पहुंचे जहां निशीत कुमार उज्ज्वल, महानिरीक्षक, सीमांत पटना द्वारा सीमांत पटना के अधीन भारत-नेपाल सीमा एवं बिहार तथा झारखण्ड के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में तैनात सभी बटालियनों में हो रहे कार्यों एवं दायित्वों के बारे में पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन द्वारा विस्तृत जानकारी दी गयी।



## संपादकीय

# बिल्डरों और बैंकों की साजिश ने बढ़ाई मध्यवर्ग की मुश्किलें

हर किसी का सपना होता है कि शहर में उसका भी अपना एक घर हो। इसके लिए वह अपने जीवन भर की पूंजी लगा देता है। खासकर मध्यम वर्ग के लोग इस सपने को पूरा करने के लिए अपने दैनिक खर्चे में कटौती कर बैंकों से कर्ज भी लेते हैं। मगर परेशानी तब बढ़ जाती है, जब तय समय पर उन्हें घर नहीं मिल पाता है। जाहिर है यह सब भवन निर्माताओं की मनमानी की वजह से ही होता है। ऐसे मामलों में कर्ज देने वाले बैंकों की भूमिका पर भी सवाल उठते रहे हैं। देशभर में ऐसे सैकड़ों मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें भवन निर्माताओं और बैंकों के बीच साठगांठ के आरोप लगे हैं। इसी घटनाक्रम में सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली–एनसीआर के बाद अब मुंबई, बंगलुरु, कोलकाता, मोहाली और प्रयागराज में घर खरीदारों से धोखाधड़ी करने के आरोप में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) को छह नए मामले दर्ज करने की अनुमति दी है। सीबीआइ का कहना है कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस संबंध में संज्ञेय अपराध का मामला बनता है। इसमें दोराय नहीं कि मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए बढ़ती महंगाई के इस दौर में शहरों में घर खरीदने के वास्ते रकम जुटाना काफी मुश्किल होता है। ऐसे में बैंकों से कर्ज लेना ही एकमात्र विकल्प होता है। मगर इन्हीं बैंकों के कर्मी अगर भवन निर्माताओं के साथ साठगांठ कर घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने लगें, तो कर्ज की यह सुविधा ही मुश्किल में डाल देती है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस वर्ष जुलाई में दिल्ली–एनसीआर में घर खरीदारों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोपों से जुड़े मामलों में बैंकों और भवन निर्माताओं के बीच साठगांठ की गहन जांच के लिए सीबीआइ को बाईस मामले दर्ज करने की अनुमति दी थी। ये मामले एनसीआर में कार्यरत भवन निर्माताओं और उत्तर प्रदेश तथा हरियाणा के विकास प्राधिकरणों से संबंधित हैं। इसके साथ ही न्यायालय ने दिल्ली–एनसीआर के बाहर की आवास परियोजनाओं की प्रारंभिक जांच करने के लिए सीबीआइ को छह सप्ताह का समय दिया था। दरअसल, शहरों में घर खरीदने वालों के लिए बैंकों ने ब्याज अनुदान योजना शुरू की है। इसके तहत बैंक स्वीकृत राशि सीधे भवन निर्माता के खातों में जमा करते हैं, जिन्हें तब तक स्वीकृत ऋण राशि पर किस्त का भुगतान करना होता है, जब तक कि आवास खरीदारों को नहीं सौंप दिए जाते। सर्वोच्च न्यायालय ऐसे 1,200 से अधिक घर खरीदारों की याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है, जिन्होंने एनसीआर, विशेष रूप से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गुरुग्राम में विभिन्न आवास परियोजनाओं में ब्याज अनुदान योजनाओं के तहत आवास बुक किए थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि आवास का कब्जा अभी तक नहीं मिला है और बैंक उन्हें कर्ज की किस्तों का भुगतान करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। ऐसे में सवाल है कि बैंक नियमों के विपरीत घर खरीदारों पर दबाव क्यों बना रहे हैं? साफ है कि बैंकों का यह रवैया आपसी मिलीभगत की ओर इशारा करता है और यही वजह है कि शीर्ष अदालत ने इन मामलों में कडा संज्ञान लिया है।

# स्मृति ह्रास की वैश्विक चुनौती

**आज दुनिया में पाँच करोड़ से अधिक लोग डिमेंशिया से पीड़ित हैं और इनमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी अल्ज़ाइमर रोगियों की है। अल्ज़ाइमर दिमाग की एक बीमारी है जिसमें इंसान धीरे-धीरे बातों को भूलने लगता है। शुरुआत में छोटी-छोटी बातें भूलती हैं जैसे किसी का नाम, चीज कहां रखी थी या हाल की घटना। लेकिन समय के साथ यह भूलना इतना बढ़ जाता है कि व्यक्ति को अपने परिवार के लोग, जगह या रोज के काम भी याद नहीं रहते। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि 2050 तक यह संख्या तीन गुना तक पहुँच सकती है। हर तीन सेकंड में दुनिया के किसी न किसी कोने में एक नया डिमेंशिया रोगी जुड़ जाता है। दुनिया में, 2025 तक 55 मिलियन (5.5 करोड़) से अधिक लोग मनोभ्रंश (डिमेंशिया) से पीड़ित हैं, और 2050 तक यह संख्या बढ़कर 139 मिलियन (13.9 करोड़) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें अल्जाइमर रोग इसका सबसे आम रूप है। भारत में, 2023 के एक अध्ययन के अनुसार 9 मिलियन (90 लाख) से अधिक बुजुर्ग मनोभ्रंश से जूझ रहे हैं,**


(ललित गर्ग)

अल्ज़ाइमर का सीधा संबंध मस्तिष्क की कोशिकाओं से है। यह एक प्रगतिशील रोग है जिसमें मस्तिष्क की कोशिकाएँ धीरे-धीरे नष्ट होने लगती हैं। उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा अधिक हो जाता है, लेकिन केवल यही कारण नहीं है।

मस्तिष्क और स्मृति की उपेक्षा से बढ़ रहा स्मृति लोप का रोग दुनिया की एक बड़ी गंभीर समस्या हैं। याददाश्त हर उम्र के व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी पूंजी है। तेज़-तर्रार और तनावग्रस्त जीवन ने शरीर और आत्मा दोनों को उपेक्षित कर दिया है। अल्ज़ाइमर की चुनौती हमें याद दिलाती है कि स्वस्थ मस्तिष्क ही स्वस्थ जीवन और स्वस्थ समाज का आधार है। मनुष्य अपनी स्मृति से ही मनुष्य है; जब यादें खोने लगती हैं तो पहचान भी धुंधला जाती है। स्मृति का ह्रास केवल व्यक्ति की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी अस्तित्वगत पहचान के मिट जाने की त्रासदी है। इस बढ़ते रोग की भयानकता के कारण ही 21 सितम्बर को पूरी दुनिया विश्व अल्ज़ाइमर दिवस मनाती है। यह केवल एक स्वास्थ्य-समस्या की याद नहीं दिलाता, बल्कि यह चेतावनी भी है कि आधुनिक जीवनशैली, मानसिक दबाव और बदलते सामाजिक ढाँचे ने हमारे मस्तिष्क को असमय थका दिया है।

आज दुनिया में पाँच करोड़ से अधिक लोग डिमेंशिया से पीड़ित हैं और इनमें सबसे बड़ी हिस्सेदारी अल्ज़ाइमर रोगियों की है। अल्जाइमर दिमाग की एक बीमारी है जिसमें इंसान धीरे-धीरे बातों को भूलने लगता है। शुरुआत में छोटी-छोटी बातें भूलती हैं जैसे किसी का नाम, चीज कहां रखी थी या हाल की घटना। लेकिन समय के साथ यह भूलना इतना बढ़ जाता है कि व्यक्ति को अपने परिवार के लोग, जगह या रोज के काम भी याद नहीं रहते। विश्व स्वास्थ्य संगठन का अनुमान है कि 2050 तक यह संख्या तीन गुना तक पहुँच सकती है। हर तीन सेकंड में दुनिया के किसी न किसी कोने में एक नया डिमेंशिया रोगी जुड़ जाता है। दुनिया में, 2025 तक 55 मिलियन (5.5 करोड़) से अधिक लोग मनोभ्रंश (डिमेंशिया) से पीड़ित हैं, और 2050 तक यह संख्या बढ़कर 139 मिलियन (13.9 करोड़) तक पहुंचने का अनुमान है, जिसमें अल्जाइमर रोग इसका सबसे आम रूप है। भारत में, 2023 के एक अध्ययन के अनुसार 9 मिलियन (90 लाख) से अधिक बुजुर्ग मनोभ्रंश से जूझ रहे हैं, और यह संख्या 2036 तक बढ़कर लगभग 17 मिलियन (1.7 करोड़) हो जाने का अनुमान है। आंकड़ों के अनुसार, यह समस्या महिलाओं को अधिक होती है। एम्स और निम्हैंस जैसी संस्थाएं इसकी शुरूआती पहचान और रिसर्च पर काम कर रही है। बुजुर्गों के साथ-साथ युवाओं में इस रोग का बढ़ना ज्यादा चिन्ताजनक है।

अल्जाइमर के बढ़ने के कारणों में मुख्य रूप से बढ़ती उम्र, आनुवंशिकी (कुछ जीन) और मस्तिष्क में असामान्य प्रोटीन जमाव शामिल हैं। इसके अलावा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोटापा और धूम्रपान जैसे जीवनशैली संबंधी कारक, और हृदय संबंधी समस्याएँ भी अल्जाइमर के जोखिम को बढ़ा सकती हैं। शोध बताते हैं कि लगातार मोबाइल इस्तेमाल करने वालों में 35 प्रतिशत तक याददाश्त



और एकाग्रता कम हो सकती है। लंदन यूनिवर्सिटी ने पाया कि मोबाइल पास होने मात्र से 10 प्रतिशत तक स्मृति घट जाती है। आईएएमएआई की रिपोर्ट बताती है कि भारत में 60 करोड़ स्मार्ट फोन इस्तेमाल करने वाले हर रोज औसतन 4.9 घंटे मोबाइल पर रहते हैं। एम्स के मुताबिक, युवाओं में डिजिटल डिमेंशिया जैसे लक्षण बढ़ रहे हैं। इस रोग की सबसे भयावह सच्चाई यह है कि यह केवल रोगी को नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार को प्रभावित करता है। स्मृति का खो जाना, निर्णय लेने की क्षमता का क्षीण हो जाना, बार-बार वही प्रश्न पूछना, भाषा और व्यवहार में असामान्यता आना और अंततः अपनी पहचान तक खो बैठना-यह सब न केवल रोगी बल्कि उसके आसपास के लोगों के लिए भी असहनीय स्थिति बन जाती है।

अल्ज़ाइमर का सीधा संबंध मस्तिष्क की कोशिकाओं से है। यह एक प्रगतिशील रोग है जिसमें मस्तिष्क की कोशिकाएँ धीरे-धीरे नष्ट होने लगती हैं। उम्र बढ़ने के साथ इसका खतरा अधिक हो जाता है, लेकिन केवल यही कारण नहीं है। असंतुलित जीवनशैली, तनाव, नींद की कमी, मानसिक निष्क्रियता, नशे की आदतें और अस्वास्थ्यकर आहार भी इसके बड़े कारण हैं। धीरे-धीरे मनुष्य की सोचने-समझने की शक्ति कम होने लगती है और उसका व्यक्तित्व बदल जाता है। यह रोग न केवल चिकित्सा की दृष्टि से, बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी गहरी चुनौती है। रोगी की देखभाल पर आने वाला खर्च कई बार परिवार की आर्थिक रीढ़ तोड़ देता है। परिवार के सदस्यों के लिए यह लगातार तनाव और थकान का कारण बनता है। कई बार यह रोग परिवारों में दूरी और टूटन का भी कारण बन जाता है। एक ओर बढ़ती वृद्धावस्था, दूसरी ओर उपेक्षा और अकेलेपन का संकट-ये सभी मिलकर स्थिति को और भी विकट बना देते हैं।

अल्जाइमर दिमाग से जुड़ी एक गंभीर बीमारी है, जिसमें दिमाग की कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं। इससे याददाश्त बुरी तरह प्रभावित होती है। व्यक्ति के व्यवहार और जीवन पर असर पड़ने लगता है। वह धीरे-धीरे सब कुछ भूल जाता है। प्रारंभिक चरण में स्मृति हल्की, लेकिन ध्यान देने योग्य होती है। लोग हाल ही में घटित घटनाओं या परिचित नामों को भूल सकते हैं। मध्यम अवस्था में संज्ञानात्मक गिरावट अधिक सपष्ट हो जाती है। रोगी को समस्या-समाधान करने, बोलने या नियमित काम करने में समस्या हो सकती है। निगलने में कठिनाई और फेफड़ों में संक्रमण जैसी जटिलताएं सामने आती हैं। उन्नत अवस्था में रोगी बात करने में असमर्थ हो सकते हैं। उन्हें हर समय देखभाल करने की जरूरत हो सकती है। वे खाने व चलने जैसे बुनियादी काम नहीं कर पाते। वे बार-बार गिर सकते हैं, जिसमें उन्हें चोट लग सकती है।

दुर्भाग्य यह है कि अल्ज़ाइमर का आज तक कोई पूर्ण उपचार उपलब्ध नहीं है। अमेरिका में हाल में कुछ दवाओं को शुरूआती स्तर पर अल्जाइमर की प्रगति धीमी करने के लिए मंजूरी मिली है। ये दवाएं दिमाग में एमीलॉइड प्लेक्स कम करने पर काम करती हैं, जिन्हें समस्या का मुख्य कारण माना जाता है। संभावना है जल्दी ही देश में भी ये दवाएं मिलने लगेंगी। दवाइयाँ केवल इसकी गति को कुछ समय के लिए धीमा कर सकती हैं। ऐसे में रोकथाम के लिये संकल्प, प्राकृतिक उपचार, मनोबल ही सबसे बड़ी दवा है। नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, योग और ध्यान जैसे अभ्यास, मानसिक सक्रियता बनाए रखना, नई-नई चीजें सीखना, किताबें पढ़ना और सामाजिक जुड़ाव बनाए रखना-ये सब मस्तिष्क को सक्रिय और स्वस्थ बनाए रखने के महत्वपूर्ण साधन हैं। जीवनशैली में थोड़े-से परिवर्तन अपनाकर इस रोग को देर तक टाला जा सकता है। लेकिन यह भी उतना ही सच है कि अल्ज़ाइमर से पीड़ित लोगों को सबसे अधिक आवश्यकता हमारी करुणा और सहानुभूति की होती है। यह केवल चिकित्सा की नहीं, बल्कि संवेदना की भी चुनौती है। हमें रोगियों को बोझ न समझकर उनके आत्मसम्मान को बनाए रखना चाहिए। उनके प्रति धैर्य, प्रेम और संवेदनशीलता का व्यवहार ही उन्हें कुछ हद तक संबल दे सकता है। इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और रोगियों में कलंक एवं हीनता के भाव को कम करने के लिए ही विश्व अल्जाइमर दिवस मनाया जाता है। विश्व अल्ज़ाइमर दिवस की थीम हर साल बदलती है ताकि डिमेंशिया देखभाल और जागरूकता के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा सके। 2025 की थीम है 'डिमेंशिया के बारे में पूछें, अल्ज़ाइमर के बारे में पूछें', जिसका उद्देश्य अल्ज़ाइमर रोग और डिमेंशिया के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना, खुले संवाद को प्रोत्साहित करना और समय पर निदान को बढ़ावा देना है। ये थीम दुनिया भर में जागरूकता अभियानों का मार्गदर्शन करती हैं, तथा हमें याद दिलाती हैं कि अल्जाइमर केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि एक सामाजिक चुनौती भी है, जिसके लिए करुणा, चिकित्सा सहायता और मजबूत नीतियों की आवश्यकता है, जो इस रोग के बारे में बेहतर समझ और रोगियों को मजबूत इच्छाशक्ति बनाने में मदद कर सकती है।

# मधुमेह की उलझाती पहेली को मिलकर सुलझाएं विशेषज्ञ

(रिद्दमा कौल)

दुनिया भर में मधुमेह (डायबिटीज) के एक नए रूप की काफी चर्चा हो रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों (एलएमआईसी) के कम वजन वाले लाखों नौजवान इस डायबिटीज के शिकार हैं और इसे 'टाइप 5' डायबिटीज की औपचारिक मान्यता दी जानी चाहिए। अंतरराष्ट्रीय मधुमेह महासंघ, यानी आईडीएफ ने इसी साल अप्रैल की विश्व मधुमेह कांग्रेस की 'वेल्लोर घोषणा' में इस नाम का प्रस्ताव पारित किया था और अब द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में इसे प्रकाशित किया गया है। इससे पहले तमिलनाडु के वेल्लोर में जनवरी में हुई एक बैठक में आम सहमति से इस नाम को स्वीकार किया गया था।

डायबिटीज की बीमारी कई तरह की होती है। सबसे चर्चित टाइप1 (स्व-प्रतिरक्षी, इंसुलिन-निर्भर) और टाइप2 (वजन-



**विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सन् 1985 में इसे 'कुपोषण-जनित मधुमेह' के रूप में वर्गीकृत किया था, मगर 1999 में इसे मधुमेह की सूची से हटा दिया गया, क्योंकि इस बात पर सहमति नहीं थी कि इस मधुमेह के लिए कुपोषण मुख्य वजह है। हालांकि, लैंसेट में प्रकाशित लेख में कहा गया है कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से दशकों के शोध के बाद अब पता चला है कि इन रोगियों में टाइप1 और टाइप2 से अलग लक्षण होते हैं।**

संबंधी) हैं। इनके अलावा, टाइप3 मधुमेह तब होता है, जब मस्तिष्क में न्यूरॉन्स इंसुलिन के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करते, जबकि टाइप3सी में अग्न्याशय की इंसुलिन उत्पादन क्षमता प्रभावित होती है। इसी तरह, टाइप4 में बुजुर्गों, दुबले-पतले वयस्कों में आयु के कारण इंसुलिन बनना बंद हो जाता है। लैंसेट के लेखकों का कहना है, 'हम मधुमेह पर काम करने वाले अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस विशिष्ट बीमारी को 'टाइप5' के रूप में मान्यता देने का आह्वान करते हैं।' इन लेखकों का कहना है कि निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में इस बीमारी से ग्रस्त लोगों की संख्या में काफी वृद्धि होने की आशंका है, क्योंकि ये देश कुपोषण व अति-पोषण की दोहरी मार झेल रहे हैं। लैंसेट के अनुसार, टाइप5 मधुमेह की पहचान 1955 में हुई थी, जो कम वजन वालों व बचपन में कुपोषित रहे लोगों में देखी जा रही है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सन् 1985 में इसे 'कुपोषण-जनित मधुमेह' के रूप में वर्गीकृत किया था, मगर 1999 में इसे मधुमेह की सूची से हटा दिया गया, क्योंकि इस बात पर सहमति नहीं थी कि इस मधुमेह के लिए कुपोषण मुख्य वजह है।


# जितना स्वस्थ होगा पर्यावरण, उतना बेहतर होगा स्वास्थ्य

**हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है।**

(योगेश कुमार गोयल)

बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं।

हमारा पर्यावरण जितना स्वस्थ होगा, हमारा स्वास्थ्य भी उतना ही अच्छा होगा। इसका सीधा सा अर्थ है कि हम अपने स्वास्थ्य के लिए काफी हद तक पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी हैं और इसलिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना हमारी प्रमुख जिम्मेदारी है। दरअसल पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य से बहुत गहरा संबंध है। उत्तम स्वास्थ्य के साथ प्रकृति और पर्यावरण हमें भोजन, कपड़े इत्यादि जीवित रहने के लिए भी हर चीज प्रदान करते हैं, इसलिए न केवल स्वस्थ रहने के लिए बल्कि धरती पर जीवन का अस्तित्व बचाए रखने के लिए प्रकृति और पर्यावरण का ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है लेकिन गहन चिंता का विषय यही है कि अब प्रकृति के साथ मानव जाति द्वारा किए जा रहे खिलवाड़ के कारण ही वैश्विक पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिसका खामियाजा अब दुनिया के लगभग तमाम देश भुगत भी रहे हैं। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ किए जा रहे भयानक खिलवाड़ के ही कारण धरती लगातार गर्म हो रही है। चक्रवाती तूफानों का बढ़ता सिलसिला, बाढ़, सूखा, जंगलों में लगने वाली भीषण आग तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं में तेजी, ये सब पर्यावरण का स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण जलवायु में हो रहे बदलावों का ही परिणाम हैं। वैश्विक तापमान में निरंतर हो रही बढ़ोतरी तथा मौसम का बिगड़ता मिजाज समस्त मानव जाति के लिए गंभीर चिंता बनता जा रहा है। भारत के ही संदर्भ में देखें तो अब सर्दियां कम हो रही हैं और गर्म दिन बढ़ रहे हैं, बारिश के मौसम में भी कहीं सूखे जैसी स्थिति बनी रहती है तो कहीं चारों तरफ तबाही ही तबाही नजर आती है। इस वर्ष भी हिमाचल, उत्तराखण्ड, जम्मू कश्मीर, पंजाब, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश से लेकर देश के अनेक हिस्सों में जल तबाही का भयानक नजारा देखा जाता रहा है। पर्यावरण को हो रहे गंभीर नुकसान की ओर



लोगों का ध्यान आकर्षित करने, पर्यावरण की स्थिति के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने तथा लोगों को इसे और बदतर होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 26 सितम्बर को एक विशेष थीम के साथ 'विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस' मनाया जाता है। 2025 के विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस का विषय है 'स्वच्छ वायु, स्वस्थ लोग', जो स्वच्छ वायु और अच्छे स्वास्थ्य के बीच सीधे संबंध पर जोर देता है। प्रदूषकों से मुक्त वायु श्वसन संबंधी बीमारियों को सीमित करने और लोगों के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2024 में यह दिवस 'पर्यावरणीय स्वास्थ्य- आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन तथा अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण' थीम के साथ मनाया गया था जबकि 2023 की थीम थी 'वैश्विक पर्यावरणीय सार्वजनिक स्वास्थ्य- हर दिन हर किसी के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए खड़ा होना' थीम के साथ मनाया गया था और 2022 की थीम थी 'सतत विकास लक्ष्यों के कार्यान्वयन के लिए पर्यावरणीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करना', जिसका अर्थ था पर्यावरणीय स्वास्थ्य तंत्र को इस प्रकार मजबूत बनाया जाए ताकि लंबे समय तक पर्यावरण और मानव की लंबी उम्र तथा अच्छी सेहत के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस दिन पर्यावरण के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाई जाती है। प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाना अब पहले के मुकाबले ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है। दरअसल पर्यावरणीय परिस्थितियों को बिगड़ने से रोकने के लिए कुछ भी नहीं करके हम न केवल पर्यावरण को बल्कि स्वयं को भी खतरे में डाल रहे हैं क्योंकि हमारा स्वास्थ्य हमारे पर्यावरण से जुड़ा है और पर्यावरण को हो रहे निरंतर नुकसान से मानव जीवन को भी नुकसान झेलना पड़ता है।

बढ़ते प्रदूषण और प्रकृति से खिलवाड़ के कारण ग्रीनहाउस प्रभाव, जलवायु परिवर्तन, शहरीकरण इत्यादि के कारण हमारे भोजन, पानी और वायु की गुणवत्ता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण लोगों को सांस लेने में तकलीफ, त्वचा संबंधी रोग सहित कई तरह की गंभीर बीमारियां भी हो रही हैं।

# केंद्रीय मंत्री ने किया ओवरब्रिज का शिलान्यास

## 146 करोड़ की लागत से बनकर तैयार होगा ब्रिज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** दो लाख के अधिक आबादी वाले क्षेत्र अमरपुर, बारो, निपानिया मधुरापुर, गढ़हरा सही कई गांव के लोगों का सपना अब कहीं न कहीं पूरा होने जा रहा है। बताते चलें कि बरौनी जंक्शन पश्चिमी 7 गुमटी और रजवाड़ा पर बन रहे ओवर ब्रिज का शिलान्यास भारत सरकार के मंत्री गिरिराज सिंह के द्वारा शनिवार को वाटिका चौक पर रिमोट दबाकर किया। उपस्थित अतिथियों को केशव शांडिल्य के द्वारा पुष्प देकर सम्मानित किया गया। बेगूसराय के सांसद का केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि दो लाख से अधिक आबादी वाले क्षेत्र



मथुरापुर, निपानिया, अमरपुर, गंगा प्रसाद, बारो, मधुरापुर गढ़हरा वासियों के लिए एक ऐतिहासिक पल है। नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की सरकार में बिहार में सबसे ज्यादा विकास बेगूसराय जिला में हुआ है। साथ ही बेगूसराय वासियों को एक और एक और तोहफा मिल रहा है जो खास कर तेघड़ा विधानसभा वासियों के लिए एनएच पर फोर लाइन लाइन की स्वीता भी मिल गई है। जल्दी ही उसका भी काम शुरूहोगा। पांच किमी के अंदर तीन ओवर ब्रिज का शिलान्यास ये तेघड़ा विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार है। निपानिया ओवरब्रिज 146 करोड़ की लागत से बनेगी तो वहीं रजवाड़ा गुमटी व अमत ब्रिज 70 करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने ठेकेदार को ही हिदायत देते हुए कहा कि अगर कोई गड़बड़ हुआ तो हम जेल भेजने का भी काम करेंगे। इस अवसर पर उपस्थित, भाजपा नेता केशव शांडिल्य, अरविंद चौधरी, बरौनी के मुख्य पार्षद संजीव कुमार, विनय मुखिया, विवेक मुखिया, रुस्तम आजाद, हेमंत शर्मा, चंदन कुमार, डक्टर हेमंत सहित सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के समाजसेवी बुद्धिजीवी जनप्रतिनिधि सहित एनडीए कार्यकर्ता मौजूद थे।

# नदी में डूबने से वृद्ध महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के डफरपुर पंचायत के छतौना में बूढ़ी गंडक नदी में डूबने से एक महिला की मौत हो गई। घटना शुक्रवार शाम की है। स्थानीय गोताखोरों ने डूबी हुई महिला के शव को शनिवार की सुबह नदी से बाहर निकाला। शव की शिनाख्त डफरपुर पंचायत के वार्ड संख्या 13 अब्बूपुर के टूना महतो की 46 वर्षीया पत्नी गीता देवी के रूप में की गई। पुत्र अनमोल कुमार ने बताया कि माँ प्रतिदिन भगवती स्थान में संध्या पूजा अर्चना करने जाती थी। देर रात तक नहीं लौटने पर उसकी खोजबीन करने लगा, पर रात में कोई अतापता नहीं चला। सुबह जब नदी किनारे खोजबीन के क्रम में भगवती स्थान के सामने बूढ़ी गंडक नदी के किनारे ग्रामीणों के साथ जाने पर नदी किनारे उसकी चप्पल रखी हुई थी। उसके नदी में डूबने की आशंका होने लगी। लोगों ने कयास लगाया कि शौच के लिए नदी किनारे गई होगी। शौच के बाद उसकी धुलाई के लिए चप्पल खोलकर पानी के करीब गई होगी। पैर फिसलने से वह असंतुलित होकर गहरे पानी में जाने से वह डूब गई। स्थानीय गोताखोर सुरेंद्र मांझी ने डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इसे ढूंढ लिया। नावकोठी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। मौके पर अंचलाधिकारी सूरज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीव पांडे, प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि पमपम कुमार, उप मुखिया राजकुमार, पंसस अजीत कुमार आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# हत्या मामले के आरोपितों को आजीवन कारावास की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय ब्रजेश कुमार सिंह ने स्पीडी ट्रायल करते हुए हत्या मामले के आरोपित समस्तीपुर जिला के हसनपुर थाना क्षेत्र के मुर्राहा निवासी चंद्रशेखर पासवान एवं बुचो पासवान को अभियोजन साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास एवं पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनायी अर्थदंड की राशि जमा नही करने पर छह महीना अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी। आरोपितों पर आरोप है कि दिनांक 29 सितम्बर 2014 को समय 6:45 बजे संध्या में गढ़पूरा मछली बाजार अवस्थित वादी के बड़ा भाई मृतक राजेश पासवान के पान दुकान पर आरोपीत चंद्रशेखर पासवान, बुचो पासवान, वैजनाथ पासवान एवं सत्यनारायण पासवान पर आया और आरोपी चंद्रशेखर पासवान मृतक राजेश पासवान से बोला कि तुमसे रुपये की मांग की थी अभी तक क्यों नही दिया। आरोपी वैजनाथ पासवान के आदेश पर चंद्रशेखर पासवान कमर से पिस्तौल निकाल कर राजेश पासवान को गोली मार दिया। जिससे राजेश पासवान गंभीर रूप से जख्मी होकर जमीन पर गिर गया। सभी आरोपित गोली फायर करते हुए भाग गए। जख्मी हालत में राजेश पासवान को ईलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय लाया गया जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। अभियोजन की ओर से अपर लोक अभियोजक राम प्रकाश यादव ने न्यायालय में आठ साक्षियों का साक्ष्य करवाया जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का समर्थन किया जिसके आधार पर न्यायालय ने आरोपितों को दोषी पाया। न्यायालय ने आरोपी सत्यनारायण पासवान एवं वैजनाथ पासवान को साक्ष्य के अभाव में मुकदमा से बरी कर दिया। आरोपितों के विरुद्ध मृतक राजेश पासवान के भाई ग्रामीण वादी मुकेश कुमार ने गढ़पुरा थाना काण्ड संख्या 91/2014 दर्ज करवायी थी। न्यायालय ने मृतक के परिजन को डीएलएसए से आर्थिक सहायता प्रदान करने का आदेश दिया।

# बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

## कई बिन्दुओं पर की गई चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला अधिकारी कौशल कुमार के निर्देश के आलोक में शनिवार को आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के क्रम में अंबेडकर सभागार में जिला स्तरीय सहायक निर्वाची पदाधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार द्वारा दिया गया। अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुदीप शंकर झा (बेनीपुर) एवं पुष्पा प्रिया (सदर) ने प्रशिक्षण सत्र में मार्गदर्शन प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण में कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई जिनमें-नामांकन प्रक्रिया, विधि-व्यवस्था संबंधी दिशा-निर्देश,आदर्श आचार संहिता, भेद्यता मानचित्रण, मतदान दलों की तैनाती एवं मतदान दिवस के निर्देश, मतदाता सूची से संबंधित प्रक्रियाएँ, डाक मत पत्र की प्रक्रिया, व्यय लेखा एवं अनुश्रवण ईवीएम एवं वीवीपैट का संचालन, एमसीएमसी की भूमिका, मीडिया प्रबंधन, स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता शामिल है। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेश कुमार ने निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता एवं सुगमता सुनिश्चित करने के लिए सभी पदाधिकारियों को पूर्ण निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने का आह्वान किया। निर्वाचन से जुड़ी तैयारियों को समयबद्ध रूप से संपन्न करने एवं निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करने पर भी बल दिया गया।

# भक्तिभाव से हुई देवी के पंचम स्वरूप की पूजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बलिया।** शनिवार को पांचवी स्वरूप सकन्द माता की पूजा अर्चना की गयी। सभी दुर्गा पूजा समितियां के द्वारा पंडालों एवं तोरण द्वार को सजाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। बलिया एवम डंडारी में संध्या आरती के समय विभिन्न दुर्ग पूजा पंडालों एवं मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमर रही है। बलिया नगर के छोटी बलिया बाजार पुरानी दुर्गा स्थान में बड़ी दुर्गा मां के मंदिर दरबार में संध्या महाआरती में भक्तों की खासकर हजारों महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ती है। मां के जयकारे से माहौल भक्तिमय बना रहता है। अध्यक्ष राजकुमार प्रसाद बताते है कई दशक से महाआरती का कार्यक्रम होता है। इस मंदिर का बिशेष महत्व है जो जिस मनोकामना लेकर आते है वह पूरी होती है। पुजारी हेमंत झा शास्त्री के आरती स्त्रोत व भजन पर लोग झूमते रहते है। बलिया नगर परिषद क्षेत्र के स्टेशन परिसर धर्मशाला परिसर, कर्पूरी स्थान चौक, पुरानी दुर्गा स्थान, शीतला स्थान, शक्ति चौरा, शेरन चक, लखमीनिया बाजार सहित बड़ी बलिया बाजार दो जगहों पर एवं प्रखंड क्षेत्र के ताजपुर पंचायत अंतर्गत मीरअलीपुर, गोखले नगर विष्णुपुर, हुसैना, पहाड़पुर, हसनपुर, सदानंद-पुर में दो जगहों पर जबकि बरियारपुर में दो जगहों पर वहीं राहतपुर में एक जगह, डंडारी, तेतरी, वांक, बिशनपुर, सिसौनी, कटरमाला, बलहा दुर्गा मंदिर पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की जाती है साथ ही कई दुर्गा पूजा समितियों के द्वारा अष्टमी नवमी एवं दशमी को देवी जागरण नाटक मंचन के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता है। वही दुर्गा पूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर स्थानीय प्रशासन भी चुस्त दुरूस्त दिख रही है। प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी डीएसपी साक्षी कुमारी के नेतृत्व में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय सजग दिख रहे हैं। प्रशासन किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। ज्ञात हो कि वर्ष 2023 में प्रतिमा विसर्जन के दौरान नगर परिषद क्षेत्र के मिसिकार टोला के समीप हुई घटना की पूर्णावृत्ति ना हो इसके लिए प्रशासन के द्वारा कई तरह के सुरक्षा के इंतजाम किए गये। जिसमें पूजा एवं विसर्जन के दौरान ड्रोन कैमरा से निगरानी सभी मुख्य चौक चौराहा सहित पूजा पंडालों में भी सीसीटीवी कैमरे से निगरानी सभी पूजा पंडालों के समीप दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की तैनाती की गई। पुलिस बल के सहयोग से दिवा एवं रात्रि गश्ती की व्यवस्था की गई है। थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक में भी एसडीओ सुश्री तरनिजा व एएसपी सह बलिया डीएसपी साक्षी कुमारी ने साफ शब्दों में हिदायत दे दी गई है कि मेला एवं विसर्जन के दौरान किसी तरह के अपवाह फैलाने वाले लोग बख्से नहीं जाएंगे। असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उन पर नजर रखी जाएगी। साथ ही उन्होंने पूजा समितियां को भी आश्वासन दिया है कि आप सुरक्षा की चिंता ना करें।

# सरैंया में सोने-चांदी के जेवर व नगदी की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैंया निवासी हरेंद्र यादव के घर में चोरी की घटना घटित हुआ है। वह स्व विसुनदेव यादव का पुत्र है। उसके घर में रखे मोबाइल, सोने-चांदी के जेवर जिसमें चांदी पायल 5 पीस, सोना के जीवतिया 2, चांदी के 3 पीस, 2000 से अधिक रुपये, घर के बाहर रखे साइकिल को चोरों ने चोरी कर ली। घटना शुक्रवार रात की है। गृहस्वामी हरेंद्र यादव मजदूरी कर घर आया और खाना खाकर सो गया। चोर घर के बगल के दिवाल के सहारे छत पर चढ गये। सीढ़ी के रास्ते आंगन में उतर गये। गृहस्वामी के घर की कुंडी बाहर से लगा दिया। दूसरे घर



में रखे बक्से को निकाला और बाउंड्री में बक्सा खोलकर सारा सामान निकाल लिया। चोर जाते समय घर के बाहर रखे साइकिल को उठाकर लेते गये। वही मोबाइल के खोल को फेंक दी।

# संत पॉल स्कूल में स्वच्छता जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तेघड़ा।** संत पॉल पब्लिक स्कूल तेघड़ा के प्रबंधन द्वारा भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम स्वच्छता जागरुकता अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का निर्णय लिया। इसके अंतर्गत विद्यालय की प्राचार्या तनु सौरभ के नेतृत्व में विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं की अलग-अलग टोली बना कर स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम रखा गया। जिसके अंतर्गत तेघड़ा अनुमंडल बाजार के सड़क को सफाई करते हुए रास्ते में स्थित मंदिर, मस्जिद एवं सार्वजानिक स्थलों का सफाई कर भारत सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम स्वच्छता अभियान में सहयोग के लिए लोगों से अपील भी की। बताते चलें कि इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार सिंह ने कहा स्वच्छ परिवेश, स्वच्छ वातावरण और स्वच्छ माहौल में ही अच्छे चित्त, अच्छे मन और अच्छे स्वास्थ्य की कल्पना की जा सकती है और अच्छे स्वास्थ्य से अच्छी शिक्षा और और अच्छे संस्कार की।वही विद्यालय की प्राचार्या तनु सौरभ ने कहा स्वच्छता में सुधार के माध्यम से ही सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है। बेहतर स्वास्थ्य से बेहतर समाज और बेहतर राष्ट्र की कल्पना कर सकते है। देश को खुले में शौच से मुक्त करना और हर घर में शौचालय की सुविधा प्रदान करना।

# 'भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका' विषय पर संगोष्ठि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** मिल्लत कॉलेज दरभंगा में 'भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका' विषय पर बहुविषयक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉक्टर सिद्धार्थ शंकर सिंह की अध्यक्षता में की गई। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के यशस्वी कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी ने कहा कि आज महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में तेजी के साथ आगे बढ़ रही हैं।पिछले दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संघर्ष की स्थिति में भारतीय महिला सैन्य पदाधिकारियों ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा देश का मस्तक ऊंचा करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने लड़कियों को 35% का आरक्षण देकर तथा विभिन्न प्रकार का स्कॉलरशिप प्रदान कर साथ ही महिलाओं को विभिन्न योजनाओं से राशि प्रदान कर उन्हें सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने आशा प्रकट की कि इस अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी से जो निष्कर्ष सामने आएगा वह महिलाओं की स्थिति को और भी सशक्त बनाने का कार्य करेगी।

कुलसचिव डॉक्टर दिव्या रानी हंसदा ने नारियों की सबलता और कर्तव्यनिष्ठता पर बल देते हुए कहा कि नारी अब अबला तथा बेचारी नहीं है तथा अब वह लगातार आगे बढ़ रही हैं। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सिद्धार्थ शंकर सिंह ने गायत्री मंत्र उच्चारण के साथ ही अल्लामा इकबाल की शायरी का जिक्र करते हुए कहा कि यह सेमिनार बहुत ही बड़े स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें कश्मीर से कन्याकुमारी तक तथा इंग्लैंड, फ्रांस सहित कई देशों के विद्वान जुड़ रहे हैं। मिल्लत महाविद्यालय एलुमनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर अशफाक हाशमी ने अपने वक्तव्य में 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' का उल्लेख करते हुए देश के विकास में नारियों की सहभागिता की बात कही। सेमिनार की स्मारिका का विमोचन कुलपति प्रोफ़ेसर संजय कुमार चौधरी तथा सभी मंचासीन अतिथियों के द्वारा किया गया। विषय प्रवर्तन कराते हुए दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉक्टर सोनी शर्मा ने वैदिक काल से आज तक की महिलाओं की भूमिका की विशद् चर्चा की ।मंच संचालन अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र कुमार मिश्रा जबकि धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव डॉक्टर शाहनवाज आलम ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर एम.सी मिश्रा, डॉ ए. एस. जिलानी, डॉ अब्दुर राफ़े, डॉक्टर कीर्ति चौरसिया, डॉ मुन्ना शाह, डॉक्टर सुनीता झा, प्रोफ़ेसर इफ्तेखार अहमद। आनलाइन में चार तकनीकी सत्र आयोजित किए गए जिनके चेयरपर्सन थे डॉक्टर मुदस्सिर हसन भट्ट, डॉक्टर वीरेंद्र कुमार मिश्रा, डॉक्टर कीर्ति चौरसिया, डॉक्टर जमशेद आलम। डॉ. मुस्तफा कमाल अंसारी की अध्यक्षता में समापन सत्र का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता डी.बी.के.एन कॉलेज नरहन, समस्तीपुर के प्राचार्य आदित्य चंद्र झा थे।

# उद्योग विभाग और खादी ग्रामोद्योग ने लगाया पूजा पंडालों के समीप स्टॉल

## तीन सर्वश्रेष्ठ पंडालों को किया जाएगा पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला उद्योग केन्द्र तथा खादी और ग्रामोद्योग के सहयोग से इस बार नई पहल करते हुए स्वदेशी अपनाओ अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। सेवा पर्व के तहत स्वदेशी अपनाओ देश को आत्मनिर्भर बनाओ के नारों के साथ दुर्गा पूजा के अवसर पर पंडालों के समीप स्टॉल लगाकर खादी ग्रामोद्योग द्वारा निर्मित वस्त्र, उद्यमियों द्वारा निर्मित उत्पाद, वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोजेक्ट का उत्पाद डिस्काउंट दर पर बिक्री किया जा रहा है। इसको लेकर महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र निखिल कश्यप ने स्टालों का निरीक्षण शनिवार को किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग का उद्देश्य है कि बिहार की संस्कृति, परम्परा एवं स्थानीय कला को लोगों तक पहुंचाया जाए तथा 'लोकल फॉर वोकल' अभियान को और मजबूत बनाया जाए। दुर्गा पूजा में इस बार अलग-अलग पूजा पंडालों में विभाग की ओर से स्टॉल लगाये गए है। इन स्टॉलों में बिहार और भारत की विरासत से जुड़े हैण्डमेड (हस्तनिर्मित) प्रोडक्ट्स और परंपरागत सामान प्रदर्शित किये जा रहे है। इससे न सिर्फ लोगों को अपनी संस्कृति के बारे में जानकारी मिलेगी, बल्कि स्थानीय कलाकारों और उद्यमियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। महाप्रबंधक ने बताया कि पंडालों में बिहार और भारतीयता की विरासत एवं परम्परा के प्रदर्शनी के आधार पर जिसमें बिहार की स्मृति, संस्कृति और परम्परा को प्रदर्शित किया गया हो वैसे तीन सर्वश्रेष्ठ पंडालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरस्कार 25,000, द्वितीय पुरस्कार 15,000 एवं तृतीय पुरस्कार 5,000 दिया जाएगा। आरा के बाजार शो रुम स्थित पुराना होमगार्ड कार्यालय के पास, स्टेशन रोड सरकारी बस स्टैंड के पास और जगदेव नगर में उद्योग विभाग द्वारा स्टॉल लगाया गया है। जो दो अक्टूबर तक संचालित रहेगा, यहां खादी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत की छूट भी दी जा रही है। महाप्रबंधक ने निरीक्षण के दौरान स्टॉल पर उपस्थित कर्मियों और उद्यमियों से आमजनों को प्रोडक्ट्स की जानकारी देते रहने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि यह पहल न केवल त्योहारों की रौनक बढ़ायेगी, बल्कि स्थानीय कारीगरों और छोटे उद्योगों को भी नई पहचान दिलाएगी। मौके पर उद्योग विस्तार पदाधिकारी सतीश कुमार, जिला खादी ग्रामोद्योग पदाधिकारी उदय शंकर दुबे, प्रधान लिपिक अखिलेश, डीआरपी सौरभ, अनुराग, एमएसएमई मित्रा बंटी और नीरज समेत, विशाल आदि मौजूद थे।

# लहेरिया पोखर के पास बदमाशों ने बाइक सवार को लूटा

## दहशत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** बाढ़ के लहेरियापोखर बजरंगबली मंदिर के पास कुछ लोगों ने स्टेशन बाजार से खरीदारी कर घर लौट रहे पंडारक के ग्वासा शेखपुरा गांव निवासी पप्पू कुमार के साथ मारपीट कर लूटपाट की। बदमाशों ने सोने की चेन और 5000 रुपए लूटने के बाद बाइक भी छीनने की कोशिश की जिसमें कामयाब नहीं हो सके। पीड़ित पप्पू कुमार ने पुलिस को बताया कि वह बाढ़ स्टेशन बाजार से घरेलू सामान खरीद कर अपने घर बाइक से लौट रहा था। लहरियापोखर के पास जब वह पहुंचा तो चार लोगों ने उसकी बाइक को रोक कर अचानक हमला कर दिया। पिस्तौल दिखाकर धमकी भी दी। घटना को अंजाम देकर अपराधी भाग निकले। इस संबंध में थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस नामजद अपराधियों को पकड़ने में कामयाब नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक तरफ पुलिस दशहरा पर्व के अवसर पर बेहतर सुरक्षा इंतजाम का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर मुख्य सड़क लूटपाट की वारदात धड़ल्ले से हो रही है।

## एक नजर

### रोगी कल्याण समिति की बैठक

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार पटना एवं जिला स्वास्थ्य समिति भोजपुर आरा के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़हरा में गठित रोगी कल्याण समिति के गठन के बाद शनिवार को पहली बैठक हुई। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति बड़हरा मोहित भारद्वाज और प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह सदस्य सचिव रोगी कल्याण समिति बड़हरा डा अरविंद कुमार मौजूद थे। सीएचसी बड़हरा के सभागार में 6 सदस्यों साथ बैठक हुई। बैठक में बबुरा के रिंकी देवी व संजय पासवान, केवटिया के नागेंद्र सिंह, रामपुर के रविंद्र कुमार पासवान और पड़रिया के सीमा देवी कल्याण समिति के सदस्य शामिल थे। इस पहली बैठक में सभी पदाधिकारी और सदस्यों का परिचय हुआ। उसको बाद विभिन्न मुद्दो पर चर्चा हुई। उसके बाद अगली बैठक का शुभकामना देते हुए सम्पन्न किया गया।

### नाव दुर्घटना से बचाव की दी गई जानकारी

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में बच्चों को नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव की जानकारी दी गई। चेतना सत्र के दौरान फोकल शिक्षक ने बच्चों को नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि बरसात में उफनायी नदियों में नाव डूबने की दुर्घटना में बहुमूल्य जिंदगियां चली जाती है।इन्हें रोका जा सकता है,यदि हम नाव दुर्घटना से बचने का उपाय कर ले। नाव चलने से पहले देख लें कि लदान क्षमता दर्शाने वाला सफेदपट्टी का निशान डूबा तो नहीं है, ओवर लोडेड तो नहीं है। यदि ऐसा है तो तुरंत उतर जाएं। जब बारिश हो रही हो तो नाव की यात्रा न करें, छोटे बच्चों को अकेले नाव की यात्रा न करने दे, जर्जर टूटी-फूटी नाव पर सवारी न करें यह जानलेवा हो सकता है। नाव पर मवेशी आदि नहीं ले जाना चाहिए, नाव पर चढ़ते उतरते समय पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। इसके अलावे पानी में डूबने से होने वाले खतरे के बचाव को लेकर बोलते हुए उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति पानी में डूब जाय तो तत्काल उसे पूरी सावधानी के साथ पानी से बाहर निकालें व प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल पहुंचाए। मौके पर प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह, रईस उद्दीन, विश्वनाथ, शिक्षक अजनीश, अमर शंकर, शानू, पूनम, नितेश, प्रभात, सुमन आदि मौजूद थे।

### अभियुक्त गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के समसा पंचायत के जीतपुर से एक वांछित को नावकोठी पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में भेज दिया है। गिरफ्तार वांछित ललित नारायण मिश्रा का पुत्र जय कृष्ण मिश्रा उर्फ झा जी है। वह थाना कांड संख्या 102/25 का प्राथमिकी नामजद अभियुक्त है। उस पर आद्रा भवन के सामने पोखर के समीप बांसबिट्टी के समीप 20 मई को पुलिस पर हमला किया था। वह चार महीने से फरार चल रहा था। इस गिरफ्तारी में एसएचओ राजीव कुमार रंजन, एस आई रंजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन के पोर्टल पर प्रकाशन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सामाजिक सुरक्षा निदेशालय द्वारा संचालित पेंशन योजनाओं के लाभार्थियों के भुगतान के एनआईसी पोर्टल पर प्रकाशित कर दी गई है।सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पेंशन नेहा कुमारी ने बताया कि जिला पदाधिकारी के निर्देश पर एनआईसी पोर्टल के साथ साथ सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को भी निर्देशित किया गया है कि वे भी अपने अपने प्रखंडों के तकनीकी त्रुटियां से लंबित लाभार्थियों की सूची सूचना पट पर प्रदर्शित करें। साथ ही पंचायत में भी इसकी सूचना प्रदर्शित करें।उन्होंने बताया कि इसके लिए एक अभियान के तहत कैंप मोड में सभी तकनीकी कारणों से त्रुटिपूर्ण लाभार्थियों के दस्तावेज को विवरण का संशोधन कर उन्हें पेंशन से लाभान्वित किया जाएगा। साथ ही लंबित पेंशन का भी भुगतान भी कराया जाएगा। सहायक निदेशक ने लाभार्थियों से भी अपील की है कि जिनका-जिनका पेंशन लंबित है, वह अपने प्रखंड कार्यालय जाकर सुधार कारण ताकि उनका पेंशन प्रारंभ किया जा सके।

### जनता दरबार का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें एक भूमि विवाद का नया मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया है तथा एक भी पुराने मामले का निष्पादन नहीं किया गया। दर्ज किये गया मामला हसनपुर बागर की यात्री देवी व मोहन चौधरी वगैरह के बीच आपसी बंटवारा से संबंधित विवाद है। जनता दरबार में कुल 13 मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार, चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार, शेखपुरा के सुखो ताप्ती व मनोज पासवान, रजाकपुर के अमीर महतो व अमीन महतो, पहसारा के रमेश सहनी व राम उदय सहनी आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख तय की गयी।मौके पर आर ओ लबली कुमारी, अमरजीत कुमार, अबोध कुमार सिंह तथा फरियादी आदि मौजूद थे।

### पांच आरोपित गिरफ्तार

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार को अलग अलग मामले के पांच आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि थाना कांड संख्या 408/25 में थाना क्षेत्र के मसुदनपुर वार्ड 8 निवासी कमल किशोर चौधरी के पुत्र सुमन कुमार व अमन कुमार विमल किशोर चौधरी के पुत्र निर्मल कुमार को गिरफ्तार किया गया। जिसके द्वारा मोटरसाइकिल पर ट्रिपल लोडिंग जाने के क्रम में पुलिस के द्वारा समझाने पर पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप है। जबकि कांड संख्या 176/15 में वारंटी लखमिनिया निवासी झब्बू सोनार के पुत्र गरीब साह सोनार एवं कांड संख्या 217/07 में स्थाई वारंटी राहतपुर निवासी मदन सिंह के पुत्र शालू सिंह उर्फ शैलेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि सभी गिरफ्तार आरोपियों को शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### बच्चे को बचाने में युवक डूबा

**डंडारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के कटहरी गांव में शनिवार को गांव के ही डमुर सोती में एक बच्चे को बचाने के चक्कर में युवक स्वयं डूब गया। डूबे हुए युवक की पहचान कटहरी गांव निवासी मो. इब्राहिम के 19 वर्षीय पुत्र मो. इंदास उल्लाह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही डंडारी थाना के एसआई मो. फिरोज खान पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की पूरी जानकारी ली। पुलिस अधिकारी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजना चाहा। लेकिन परिजनों के द्वारा पोस्टमार्म कराने से इनकार कर दिया गया। घटना के संबंध में बताया गया कि परोस का ही एक बच्चा पंचायत भवन के पीछे स्थित पानी से भरे डमुर सोती में स्नान कर रहा था, इसी दौरान बच्चा डूबने लगा। बच्चे को डूबते देख मो. इंदास बच्चे को किनारे की ओर धकेल कर बचा तो दिया परंतु वह स्वयं गहरे पानी में फंस कर डूब गया। डूबे युवक की शव को ग्रामीणों ने बाहर निकाला तो परिजनों में कोहराम मच गई। मृत युवक के पिता मो. इब्राहिम, माता गजला प्रवीण गहरे सदमे में हैं। वहीं दूसरी ओर पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पंचायत के मुखिया मो. अहसन, प्रखंड प्रमुख तनवीर अहमद, पैक्स अध्यक्ष मो. परवेज आलम, मो. अरशद सहित ग्रामीणों की भीड़ पीड़ित परिवार को सांत्वना देने में जुटे थे।

## भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए फर्स्टक्राई पर कार्रवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने भ्रामक विज्ञापनों और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए डिजिटल एज रिटेल प्राइवेट लिमिटेड (फर्स्टक्राई) पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में सीसीपीए की ओर से यह बात कही गई। बयान के अनुसार गलत और भ्रामक मूल्य प्रस्तुतीकरण के लिए डिजिटल एज रिटेल प्राइवेट लिमिटेड (फर्स्टक्राई) पर 2,00,000 रुपये का जुर्माना लगाया है। यह आदेश उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 10, 20 और 21 के तहत पारित किया गया है। सीसीपीए ने डिजिटल एज रिटेल (फर्स्टक्राई) के खिलाफ अपने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और अनुचित व्यापार प्रथाओं में शामिल होने के लिए आदेश जारी किया है। प्राधिकरण ने कंपनी को इस प्रथा को सुधारने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि मूल और रियायती मूल्य, दोनों में सभी कर शामिल हों। कंपनी को कहा गया कि अतिरिक्त शुल्क का साफ उल्लेख किया जाए। यह कार्रवाई एक उपभोक्ता की शिकायत के आधार पर की गई थी कि फर्स्टक्राई ने उत्पादों को सभी करों सहित एमआरपी के साथ प्रदर्शित किया था। रिपोर्ट में आगे कहा गया है, राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) के आंकड़ों से समर्थित जांच से पता चला है कि एमआरपी पर छूट का विज्ञापन करने, लेकिन रियायती मूल्य पर अलग से जीएसटी वसूलने से उपभोक्ताओं को मिलने वाला लाभ काफी कम हो गया। उदाहरण के लिए, 27 प्रतिशत छूट के साथ विज्ञापित उत्पाद जीएसटी लागू होने के बाद प्रभावी रूप से केवल 18.2 प्रतिशत छूट पर बेचे गए। सीसीपीए ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की धारा 2(28) के तहत भ्रामक मूल्य निर्धारण, भ्रामक विज्ञापन और धारा 2(47) के तहत अनुचित व्यापार प्रथाओं के कारण यह कार्रवाई की है।

## नीरव मोदी के बहनोई को सीबीआई कोर्ट से मिली माफी, बनाया जाएगा सरकारी गवाह

नई दिल्ली, एजेंसी। मुंबई की एक विशेष अदालत ने करोड़ों डॉलर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले से जुड़े मामले में फरार कारोबारी नीरव मोदी के बहनोई मयंक मेहता को माफी दे दी है। इसके साथ ही वे सरकारी गवाह बन गए हैं। विशेष सीबीआई न्यायधीश एवी गुजराती ने 22 सितंबर को मेहता की क्षमादान याचिका को इस शर्त पर स्वीकार कर लिया कि वह अपराध और संबंधित प्रत्येक अन्य व्यक्ति के संबंध में अपनी जानकारी में आने वाली सभी परिस्थितियों का पूर्ण और सच्चा खुलासा करेंगे। आदेश में कहा गया है कि क्षमादान के बाद आरोपी को मामले में सरकारी गवाह के रूप में चिह्नित किया जाएगा। इसकी एक प्रति शुक्रवार को उपलब्ध कराई गई। ब्रिटिश नागरिक और लगभग 35 वर्षों से हांगकांग में रहने वाले मेहता, भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक षड्यंत्र), 420 (धोखाधड़ी), 409 (आपराधिक विश्वासघात) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) मामले में आरोपी हैं। अपनी याचिका में मेहता ने दलील दी कि उन्हें धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों में पहले ही क्षमादान दिया जा चुका है। सीबीआई से जुड़ा मामला भी वही है। मेहता ने यह भी कहा कि वह कार्यवाही में भाग लेने के लिए स्वेच्छा से सितंबर 2021 में भारत आए थे। मेहता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अमित देसाई ने कहा कि आरोपी ने अभियोजन पक्ष और भारत सरकार को कई पहलुओं में सहायता की है।

### दुनियाभर में सालाना 2.70 लाख करोड़ की दवाएं बेचता है भारत

# अमेरिकियों को चुकानी होगी कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ब्रांडेड व पेटेंट दवाओं पर सौ फीसदी आयात शुल्क की घोषणा के लिए अमेरिकी परिवारों को ही भारी कीमत चुकानी होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत से अमेरिका निर्यात होने वाली दवाओं में 80 फीसदी जेनेरिक हैं जिनके बारे में ट्रंप ने चर्चा तक नहीं की।

दूसरा ज्यादातर बड़ी दवा कंपनियां डॉ रेड्डीज, ल्यूपिन, अरबिंदो, सन फार्मा, सिप्ला और जाइडस की फैक्टरियां अमेरिका में मौजूद हैं जिन्हें ट्रंप ने इस टैरिफ से बाहर रखा है। केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा, अमेरिका सहित पूरी दुनिया को भारत सबसे कम दाम पर दवाएं देता है, इसके बारे में डोनाल्ड ट्रंप भली भांति जानते हैं। अगर अमेरिका जेनेरिक दवाओं पर शुल्क बढ़ाता है तो उसका सीधा नुकसान वहां के मरीजों और परिवारों पर पड़ेगा। उन्हें इन दवाओं के लिए अधिक कीमत देनी होगी। मंत्रालय से साझा आंकड़ों के मुताबिक भारत हर साल पूरी दुनिया को 2.70 लाख करोड़ रुपये की दवाएं दे रहा है जिसमें 93 हजार करोड़ रुपये की दवाएं अमेरिका जा रही हैं। इसमें 65 हजार करोड़ रुपये की दवाएं जेनेरिक हैं जिन्हें ट्रंप ने 100 फीसदी टैरिफ से बाहर रखा है। इस साल की पहली छमाही में भारत पहले ही अमेरिका को तीन हजार करोड़ रुपये का निर्यात कर चुका है। अमेरिका



में सबसे अधिक दवाएं गुजरात और तेलंगाना से जा रही हैं। यह दोनों राज्य मिलकर कुल 1.06 लाख करोड़ रुपये की दवाएं निर्यात कर रहे हैं। इसके बाद महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु सहित भारत के 30 राज्यों में करीब 10 हजार से अधिक एमएसएमई कंपनियां जेनेरिक दवाओं का उत्पादन कर रही हैं। अधिकारी ने कहा, सुर्खियों में रहने के लिए ट्रंप ने टैरिफ को पकड़ लिया है। वह आए दिन इसका इस्तेमाल भारत के लिए कर रहे हैं, जबकि भारत का दवा कारोबार सिर्फ अमेरिका पर निर्भर नहीं है। ट्रंप का यह फैसला भारत के फार्मा उद्योग को झटका देने से ज्यादा अमेरिका की दवा नीति पर सवाल खड़ा करता है। टैरिफ की घोषणा के बाद, शुक्रवार को उन प्रमुख फार्मा कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई, जिनका अमेरिकी बाजार में बड़ा कारोबार है। सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज, ल्यूपिन और सिप्ला समेत अन्य कंपनियों के शेयर 9.40 फीसदी तक टूट गए।?निफ्टी फार्मा इंडेक्स भी लुढ़क गया।

### भारत की बदौलत अमेरिका ने बचाए 115 लाख करोड़

भारत में आयात शुल्क पर ट्रंप पूरी दुनिया में चर्चा कर रहे हैं लेकिन उन्होंने अब तक यह आंकड़े साझा नहीं किए कि भारत से जाने वाली दवाओं के जरिये अमेरिका को कितना लाभ हुआ है? इस बारे में भारत के केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की रिपोर्ट बताती है कि साल 2013 से 2022 के बीच भारत से अमेरिका जाने वाली दवाओं ने 1.3 लाख करोड़ डॉलर (115.3 लाख करोड़ रुपये) की बचत कराई है और 2022 में भारतीय दवाओं से अमेरिका को भारी बचत हुई थी।

### आत्मनिर्भर बनने का अवसर

प्रमुख उद्योगपति निरंजन हीरानंदानी ने नए टैरिफ को एक तरह से भारत के लिए अच्छा अवसर बताया है। उन्होंने कहा, यह कदम भारत को अपनी विनिर्माण क्षमताओं को तेजी से बढ़ाने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को जल्द हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा। यह फैसला भारतीय कंपनियों को अपने व्यापार मॉडल और निर्माण को लेकर रणनीतिक पुनर्गठन के लिए मजबूर करेगा।

**2024 में अमेरिका ने किया 233 अरब डॉलर का आयात :** अमेरिकी जनगणना ब्यूरो के अनुसार, 2024 में अमेरिका ने लगभग 233 अरब डॉलर की दवाइयों और औषधीय उत्पादों का आयात किया। कुछ दवाओं की कीमतें दोगुनी होने की संभावना अमेरिकियों को चौंका सकती है क्योंकि स्वास्थ्य देखभाल के खर्च के साथ-साथ मेडिकेयर और मेडिकेड की लागत भी बढ़ सकती है।

### जैन ने अपनी शिकायत में कई दस्तावेज जमा किए हैं, जिनमें चार इस्तीफे के पत्र भी शामिल हैं

# इंडसइंड बैंक में 10 साल से चल रहा था अकाउंटिंग गड़बड़ी का खेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
इंडसइंड बैंक में 10 साल से अकाउंटिंग गड़बड़ी का खेल चल रहा था। यह खुलासा बैंक के पूर्व मुख्य वित्तीय अधिकारी और व्हिसलब्लोअर गोबिंद जैन ने किया है। गोबिंद जैन ने मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंसेज विंग के सामने आरोप लगाया है कि बैंक की डेरिवेटिव्स पोर्टफोलियो में अकाउंटिंग गड़बड़ी साल 2015 से चली आ रही है और इसकी जानकारी तत्कालीन बोर्ड, वरिष्ठ प्रबंधन और पूर्व वित्त प्रमुख एसवी जरेगांवकर को थी।

जैन ने अपनी शिकायत में कई दस्तावेज जमा किए हैं, जिनमें चार इस्तीफे के पत्र भी शामिल हैं। इनमें उन्होंने बार-बार तत्कालीन एमडी और सीईओ सुमंत काथपालिया से आग्रह किया था कि स्वतंत्र ऑडिटर नियुक्त कर मामले की जांच कराई जाए। बैंक के प्रवक्ता ने कहा है कि मामले की जानकारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया को दी गई है और इसे 'फ्रॉड' की श्रेणी




में रिपोर्ट किया गया है। साथ ही कानून के मुताबिक शिकायतें संबंधित एजेंसियों को सौंपी गई हैं।

गोबिंद जैन ने सबसे पहला इस्तीफा 11 जून 2024 को सौंपा था। उस वक्त जैन ने साफ कहा था कि वे जून तिमाही के नतीजों पर साइन नहीं करेंगे लेकिन काथपालिया ने उनका इस्तीफा रोक लिया। इसके बाद 20 अगस्त 2024 को जैन ने दूसरा इस्तीफा भेजा और लिखा कि वे अब आगे काम करने में असहज महसूस कर रहे हैं। 29 सितंबर 2024 को भेजे गए पत्र में उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वतंत्र ऑडिट जरूरी है, वरना बैंक को गंभीर नुकसान झेलना पड़ सकता है। जैन ने पत्र में लिखा कि यह स्थिति उनके करियर और प्रतिष्ठा के लिए घातक साबित हो सकती है। 30 सितंबर 2024 को भेजे गए पत्र में उन्होंने फिर चेतावनी दी कि यदि पीडब्ल्यूसी द्वारा ऑडिट शुरू नहीं किया गया तो वे इस्तीफा देने को मजबूर होंगे। आखिरकार, 17 जनवरी 2025 को जैन का इस्तीफा स्वीकार किया गया। इसके बाद, 10 मार्च 2025 को बैंक ने खुलासा किया कि डेरिवेटिव्स लेन-देन में गड़बड़ी के कारण उसे 1,577 करोड़ रुपये का झटका लग सकता है। बाद में कई ऑडिट के बाद बैंक ने मार्च तिमाही के नतीजों में करीब 2,000 करोड़ रुपये का एकमुश्त घाटा दर्ज किया। पूछताछ के दौरान कई अधिकारियों ने आरोप लगाया कि जैन के दबाव डालने के बाद शीर्ष अधिकारियों ने समय रहते शेयर बेच दिए।

## कम समय में डिलीवरी देने वाले प्लेटफॉर्म युवाओं की पसंद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टेक्नोलॉजी और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के साथ क्विक कॉमर्स भी उत्पादों की डिलीवरी में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। 13 से 28 साल के युवा सबसे कम समय में डिलीवरी करने वाले प्लेटफॉर्म को तवज्जो दे रहे हैं। इन्हीं प्लेटफॉर्म पर सबसे ज्यादा विजिट हो रहा है। आने वाले समय में कुछ घंटों में मिलने वाली डिलीवरी पर ही ई-कॉमर्स कंपनियों का फोकस होगा।

विभिन्न रिपोर्ट के मुताबिक, फैशन से लेकर ग्रॉसरी व ब्यूटी से पर्सनलर केयर जैसे उत्पाद कुछ मिनटों में ग्राहकों तक पहुंच रहे हैं। उदाहरण के तौर पर शिपरॉकेट का औसत डिलीवरी समय 24 घंटे से लेकर 3.5 दिन है। मासिक एक से 1.5 करोड़ लेनदेन करने वाले शिपरॉकेट के पास चार लाख रिटेलर हैं। शिपरॉकेट डीटूसी ब्रांड और छोटे एवं मझोले उद्योगों के साथ मिलकर काम करता है। शिपरॉकेट के सह-संस्थापक एवं सीओओ गौतम कपूर कहते हैं, भारत का क्विक कॉमर्स बाजार 2030 तक 40 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। फिर भी, देश का अधिकांश फुलफिलमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर पुरानी प्रणालियों और ग्राहकों से दूर स्थित इन्वेंट्री पर आधारित है। ग्राहकों की जरूरतों और खुदरा विक्रेताओं की आपूर्ति के बीच का अंतर बढ़ता जा रहा है। शिपरॉकेट इसी अवसरों का लाभ उठाकर कम समय में आपूर्ति सुनिश्चिता करता है और मिनटों में भी डिलीवरी कर देता है।

# इराक-कुर्द क्षेत्र के बीच तेल निर्यात दो साल बाद फिर शुरू

- अमेरिका ने भी किया समर्थन
- प्रतिदिन 2.4 लाख बैरल का लक्ष्य
- त्रिपक्षीय समझौता और कंपनियों की हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
इराक ने एलान किया है कि वह दो साल से ज्यादा समय से बंद पड़े तेल निर्यात को फिर से शुरू करेगा। यह निर्यात उत्तरी कुर्दिश क्षेत्र से तुर्किए के जेहान बंदरगाह के जरिए किया जाएगा। शनिवार सुबह छह बजे से पंपिंग शुरू होगी। इस कदम को इराक की तेल आमदनी बढ़ाने और बगदाद व कुर्दिश प्रशासन के बीच रिश्तों को संतुलित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

तेल निर्यात की शुरुआत 2023 की शुरुआत में रुकी थी, जब अंतरराष्ट्रीय वाणिज्य मंडल ने इराक के पक्ष में फैसला सुनाया था। यह मामला कुर्दिश प्रशासन के स्वतंत्र रूप से तेल बेचने से जुड़ा था। अब बहाली से इराक की आय में वृद्धि होगी और



वैश्विक बाजार में आपूर्ति बढ़ेगी।

इराक के स्टेट ऑयल मार्केटिंग ऑर्गनाइजेशन के प्रमुख अली नजर अल-शतारी ने कहा कि प्रतिदिन 2.4 लाख बैरल पंप करने का लक्ष्य है। इनमें से करीब 1.8 से 1.9 लाख बैरल निर्यात होंगे, जबकि 50 हजार बैरल कुर्द क्षेत्र में स्थानीय खपत के लिए रखे जाएंगे।

यह समझौता इराकी तेल मंत्रालय, कुर्द क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय और अंतरराष्ट्रीय तेल कंपनियों के बीच हुआ है। कंपनियों को उत्पादन और परिवहन की लागत के लिए प्रति बैरल 16 डॉलर दिए जाएंगे। नॉर्वे की कंपनी डीएनओ ने भी निर्यात की तैयारी शुरू कर दी है।

तेल निर्यात बहाली से न केवल इराक की आर्थिक स्थिति सुधरेगी बल्कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी स्थिरता आएगी। हालांकि राजस्व बंटवारे और प्रबंधन को लेकर विवाद पूरी तरह खत्म नहीं हुए हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह कदम दोनों पक्षों के बीच भरोसे की नींव मजबूत कर सकता है।

### अमेरिका की भूमिका और समर्थन

इराकी अधिकारियों ने बताया कि अमेरिका ने इस समझौते की निगरानी की और इसे समर्थन दिया। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे दोनों देशों के लिए लाभकारी बताया। इराक और तुर्की के बीच मौजूदा निर्यात समझौता जुलाई 2026 तक मान्य है। इसके नवीनीकरण पर बातचीत आगे होगी।

### लंबे समय से जारी विवाद

इराक और कुर्दिश प्रशासन के बीच तेल राजस्व को लेकर लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। 2014 में कुर्दिश क्षेत्र ने स्वतंत्र पाइपलाइन के जरिए जेहान बंदरगाह तक तेल पहुंचाना शुरू किया था। बगदाद ने इसे अवैध बताया, जबकि कुर्द अधिकारियों का कहना था कि बजट फंडिंग न मिलने की वजह से यह जरूरी कदम था।

## वित्तीय वर्ष की दूसरी छमाही के लिए 6.77 लाख करोड़ उधार लेने की योजना

### वित्त मंत्रालय ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
केंद्र सरकार चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 6.77 लाख करोड़ रुपये उधार लेगी। इससे चालू वित्त वर्ष के लिए कुल उधारी में 10,000 करोड़ रुपये की कमी आएगी। वित्त मंत्रालय ने अपने एक बयान में यह बताया है।

2025-26 के बजट में सरकार ने 14.82 लाख करोड़ रुपये की सकल उधारी की योजना बनाई थी। हालांकि, पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 5,000 करोड़ रुपये कम उधार लिए हैं और दूसरी छमाही (अक्तूबर-मार्च) के अनुमानों में भी इतनी ही कमी की गई है। इस तरह, चालू वित्त वर्ष मेंए कुल उधारी 14.72 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

वित्त मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है, भारत सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही (वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी छमाही) में दिनांकित प्रतिभूतियों के माध्यम से 6.77 लाख करोड़ रुपये उधार लेने की योजना बनाई है, जिसमें सॉवरेन ग्रीन बॉन्ड (एसजीआरबी) जारी करने के माध्यम से 10,000 करोड़ रुपये शामिल हैं।

पहली छमाही में सरकार ने 8 लाख करोड़ रुपये उधार लेने की योजना बनाई थी, जिसमें से उसने





7.95 लाख करोड़ रुपये उधार लिए।

6.77 लाख करोड़ रुपये का सकल बाजार उधार 6 मार्च, 2026 तक 22 साप्ताहिक नीलामियों के माध्यम से पूरा किया जाएगा। आर्थिक मामलों की सचिव अनुराधा ठाकुर ने कहा कि इस वर्ष के लिए कुल सकल उधारी अब 14.72 लाख करोड़ रुपये है। यह प्रारंभिक अनुमान से थोड़ा कम है। ठाकुर ने कहा, सरकार राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार का लक्ष्य राजकोषीय घाटा (व्यय और राजस्व के बीच के अंतर) को वित्त वर्ष 2026 में सकल घरेलू उत्पाद के 4.4 प्रतिशत तक लाना है, जो वित्त वर्ष 2025 में 4.8 प्रतिशत था।

# गणित में एमएससी की डिग्री, बिजनेस में लगा दिया फॉर्मूला... सालाना 3 करोड़ की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
यह कहानी है हरियाणा के सिरसा जिले के गांव रूपावास के रहने वाले अक्षय कुमार जेवलिया की। उन्होंने हाई एजुकेशन के बाद भी नौकरी की लकीर पर चलने से इनकार कर दिया। गणित विषय में एमएससी की डिग्री होने के बावजूद अक्षय ने अपने पुश्तैनी काम पशुपालन में ही अपना भविष्य देखा। उनकी दूरदर्शिता और कड़ी मेहनत ने एक छोटे से पारिवारिक काम को 3 करोड़ रुपये सालाना के बड़े व्यवसाय में बदल दिया। इसने यह साबित किया कि पारंपरिक पेशे को भी आधुनिक सोच से सोने की खान बनाया जा सकता है। आइए, यहां अक्षय कुमार जेवलिया की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

नौकरी की जगह पुश्तैनी काम



गणित विषय में एमएससी की अच्छी-खासी डिग्री हासिल करने के बाद जहां आमतौर पर युवा नौकरी की तलाश में भागते हैं, वहीं अक्षय कुमार जेवलिया ने 2017 में एक साहसिक फैसला लिया। उनके परिवार के पास पहले से 6 पशु थे। लेकिन, अक्षय ने इसे एक छोटे काम के बजाय बड़े बिजनेस के रूप में देखा। उन्होंने दो और भैंसें खरीदीं और कुल 8 भैंसों के साथ अपना डेयरी फार्म शुरू किया। शुरुआत में वह सिर्फ 40 लीटर दूध बेच पाते थे। अक्षय को पशुओं से बचपन से ही लगाव था। अच्छी नस्लों और उनकी देखभाल का उनका पुश्तैनी ज्ञान ही उनकी पहली पूंजी बना। उन्होंने नौकरी की सुरक्षा को ठुकरा कर एक बड़े उद्यम की नींव रखी।

### मेहनत और ज्ञान से बढ़ी तरक्की

अक्षय की मेहनत जल्द ही रंग लाई। पशुओं के प्रति उनका लगाव और वैज्ञानिक समझ उनके काम आई। उन्होंने न सिर्फ पशुओं की संख्या बढ़ाई, बल्कि उनके लिए अपने खेत में अच्छी व्यवस्था और बड़े शेड भी बनवाए। उनके रखरखाव की बेहतर समझ और अच्छी नस्ल के चुनाव के कारण सिर्फ एक साल में भैंसों की संख्या बढ़कर 40 हो गई। व्यवसाय लगातार आगे बढ़ता रहा। लेकिन, अक्षय ने एक महत्वपूर्ण व्यापारिक कदम उठाया। उन्हें समझ आया कि दूध व्यापारी सस्ते में दूध खरीदकर शहर में महंगा बेच रहे हैं। इसलिए उन्होंने खुद ही शहर जाकर सीधे उपभोक्ताओं को दूध बेचने का फैसला किया। उन्होंने दूध की उत्कृष्ट क्वालिटी के दम पर सिरसा शहर में अपना ग्राहक आधार तैयार किया। इससे उन्हें अपने उत्पाद का उचित और बेहतर दाम मिलने लगा।

### हर महीने 25 लाख की बंपर कमाई

आज अक्षय का डेयरी फार्म 2017 की शुरुआत से मीलों आगे निकल चुका है। उनके पास कुल 370 पशु हैं। इनमें से 180 भैंसें नियमित रूप से दूध देती हैं। अक्षय हर दिन औसतन 1,300 लीटर दूध बेचते हैं। सिरसा शहर में उनके बड़े सप्लायर ग्राहक हैं। साथ ही वह खुदरा बिक्री भी करते हैं। इस बड़े पैमाने के कारण अक्षय की मासिक कमाई औसतन 25 लाख रुपये हो गई है।

# पदाधिकारियों ने ग्रामीण क्षेत्रों का किया दौरा

## आदि सेवा केंद्र के सफल संचालन एवं विलेज विजन एक्शन प्लान रहा फोकस पर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत स्थापित किए जा रहे आदि सेवा केंद्र के सफल संचालन एवं विलेज विजन एक्शन प्लान तैयार करने के उद्देश्य से आज उप विकास आयुक्त अलोक कुमार, परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप समेत जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की टीम द्वारा विभिन्न प्रखंडों के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया गया। इस क्रम में उप विकास आयुक्त ने मुरहू प्रखंड के कुंजला, परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री आलोक शिकारी कच्छप ने कर्रा प्रखंड के कुदलूम वहीं अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न प्रखंड अंतर्गत गाँव-गाँव जाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया तथा क्षेत्र की आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी ली, साथ हीं ₹आदि सेवा केंद्र₹ का भी शुभारंभ किया।



अधिकारियों ने ग्रामीणों को सरकार की ओर से संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और उनसे फीडबैक प्राप्त किया। इस दौरान यह सुनिश्चित किया गया कि क्षेत्र में कोई भी योग्य लाभुक सरकारी योजनाओं से वंचित न रहे। यदि किसी पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया है, तो उसे चिन्हित कर शीघ्र योजना से जोड़ने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई।

शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, स्वरोजगार, आधारभूत संरचना विकास समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों द्वारा बताई गई समस्याओं एवं सुझावों को संकलित कर विलेज विजन एक्शन प्लान में शामिल किया गया, ताकि प्रत्येक पंचायत व गाँव के लिए क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप अगामी 5 वर्षों के लिए ठोस विकासात्मक योजना तैयार की जा सके।

इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कहा कि आदि सेवा केंद्र ग्रामीण अंचलों के लिए एक बहुउद्देशीय सहायता केंद्र के रूप में कार्य करेगा, जहाँ से ग्रामीणों को योजनाओं से जुड़ी जानकारी, सुविधा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यह केंद्र न केवल शासन और जनता के बीच सेतु का काम करेगा बल्कि क्षेत्रीय विकास को गति देने में भी सहायक सिद्ध होगा।

ग्राम स्तरीय संवाद कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। उपस्थित ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि इससे विकास योजनाएँ जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुँचेंगी और क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

# विधि व्यवस्था को ले निर्देश जारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। अनुमंडल पदाधिकारी ने अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक कर दुर्गा पूजा के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर कई दिशा-निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश के अनुसार बताया गया कि झंडा मैदान, गिरिडीह नगर का केंद्रीय एवं महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल है। यह मैदान न केवल नागरिकों के मनोरंजन एवं सामुदायिक गतिविधियों हेतु उपयोगी है, बल्कि किसी भी आपातकालिन परिस्थिति में राहत एवं बचाव कार्य के लिए उपयुक्त स्थल है। विगत वर्षों में इस मैदान को निजी मेलों, डिजनीलैंड जैसे व्यावसायिक आयोजनों हेतु 30-40 दिनों की अवधि तक किराये पर दिया जाता रहा है, दीर्घकालिक आयोजन से शहर में भारी यातायात की समस्या जाम लगने का कारण बनती है।

जिससे ध्वनि प्रदूषण एवं शांति भंग, स्वच्छता एवं नगर की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ता है अतः इन परिस्थितियों को देखते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने झण्डा मैदान में बी एनएसएस 2023 की धारा 152 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के द्वारा निम्न शर्तों के अधीन निषेधाज्ञा लागू किया गया है।

# विश्व पर्यटन दिवस पर जनजागरूकता कार्यक्रम




नव बिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। विश्व पर्यटन दिवस 2025 के अवसर पर गिरिडीह जिलान्तर्गत अधिसूचित महत्त्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान तहत जिले के श्रेणी ए में अधिसूचित खंडोली डैम में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, जिला खेल कार्यालय से संचालित प्रशिक्षण केंद्रों के खिलाड़ी, महिला स्वयं सहायता समूहों तथा पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर प्रतिभागियों ने न केवल साफ-सफाई अभियान में हिस्सा लिया बल्कि एक पेड़ आपके नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। साथ ही खंडोली डैम में वॉटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से उन्वातो की थीम झ टूरिज्म एंड ट्रांसफार्मेशन को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य स्थल खंडोली डैम में जिला खेल पदाधिकारी सह जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिलावासियों से पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सक्रिय भागीदारी की अपील की। इस मौके पर जिला पर्यटन विशेषज्ञ अमन राज भी उपस्थित रहे और कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग दिया। साथ ही मुख्य प्रशिक्षक कोच मुकेश कुमार, श्री अशुतोष कुमार तथा विभिन्न सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स भी मौजूद रहे।

# निमार्णाधीन बिरसा मुण्डा लाइब्रेरी का उपायुक्त ने लिया जायजा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। समाहरणालय के समीप कल्याण विभाग द्वारा संचालित बिरसा मुण्डा ट्राइबल लाइब्रेरी-सह-बहुउद्देशीय सभागार के निर्माण कार्य का उपायुक्त आर. रॉनिटा ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने भवन निर्माण की वर्तमान प्रगति, उपयोग हो रहे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता एवं कार्य के तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कार्य की गति को और तेज किया जाए, ताकि निर्धारित समयसीमा के भीतर भवन का निर्माण पूर्ण हो सके। उन्होंने विशेष रूप से कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान देने को कहा और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य स्वीकृत मानकों एवं तकनीकी दिशानिर्देशों के अनुरूप हों। उपायुक्त ने कहा कि बिरसा मुण्डा ट्राइबल लाइब्रेरी-सह-बहुउद्देशीय सभागार का निर्माण से जिले के युवाओंआ एवं विद्यार्थियों को अध्ययन और सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन हेतु एक सशक्त मंच प्राप्त होगा। निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए आलोक शिकारी कच्छप तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# मंत्री ने किया पूजा पंडालों का भ्रमण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने शनिवार को गिरिडीह शहरी क्षेत्र के विभिन्न दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों , नगर निगम एवं पूजा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ स्थल पर जाकर तैयारियों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था, बिजली आपूर्ति, पेयजल, यातायात प्रबंधन तथा अग्निशमन के पर्याप्त इंतजाम की समीक्षा की और तुरंत समाधान हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग मिलकर समय पर सभी आवश्यक कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि शहर की शान हमारे पूजा पंडाल हैं। यहाँ प्रति वर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं, इसलिए हमारी ज़िम्मेदारी है कि उन्हें स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम वातावरण मिले। उन्होंने सभी पूजा पंडालों में साफ-सफाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देने, पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने तथा भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# नौदुर्गा रूप धारण का हुआ आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। नवरात्र के शुभ अवसर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में नौदुर्गा रूप धारण का आयोजन हुआ। शिशु वाटिका की बहनों ने विभिन्न आकर्षक परिधानों एवं अस्त्र-शस्त्र से भूषित जगत जननी जगदंबा के नौ रूपों को धारण कर विद्यालय परिसर में अध्यात्म का वातावरण बना दिया। प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा कि नवरात्र पूजा का हिंदू धर्म में अत्यंत महत्व है क्योंकि यह मां दुर्गा की नौ रूपों की आराधना का पर्व है जो भक्ति शक्ति और आध्यात्मिकता का प्रतीक है।मां दुर्गा के नौ रूपों का हर दिन उनका अलग रूप और संदेश जीवन के लिए मार्गदर्शक होता है।नवरात्र साहस,सकारात्मकता,निः स्वार्थ प्रेम,अनुशासन और आध्यात्मिक ज्ञान सीखने वाला उत्सव है।कार्यक्रम में समस्त आचार्य-दीदी उपस्थित थे।

# लतरातु डैम में पर्यटकों के लिए निःशुल्क मोटर बोट सेवा उपलब्ध





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूंटी। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आज पर्यटन निदेशालय एवं जिला पर्यटन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में कर्रा प्रखंड स्थित प्रसिद्ध लतरातु डैम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पर्यटकों के लिए मोटर बोट सेवा निःशुल्क उपलब्ध कराई गई, जिससे उपस्थित पर्यटकों ने उत्साहपूर्वक लतरातु डैम की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान पर्यटकों को झारखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों की जानकारी ब्रोशर एवं पैम्पलेट के माध्यम से दी गई। आयोजन का उद्देश्य स्थानीय एवं राज्य स्तरीय पर्यटन को बढ़ावा देना तथा पर्यटकों को राज्य के समृद्ध प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक स्थलों से अवगत कराना था। इस अवसर पर जिला पर्यटन पदाधिकारी राजेश कुमार चौधरी, जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञ श्रेयांक बयापू, कार्यालय प्रधान लिपिक प्रदीप मिंज तथा कर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्लैक पैंथर एजेंसी एवं लतरातु रिसॉर्ट के कर्मियों का विशेष योगदान रहा। इस पहल से न केवल स्थानीय पर्यटन को नई दिशा मिली, बल्कि पर्यटकों को झारखंड के विविध पर्यटन स्थलों की विस्तृत जानकारी भी प्राप्त हुई।

# सांसद खेल महोत्सव का आगाज

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह । कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में शनिवार को सांसद खेल महोत्सव 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। सांसद अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव की शुरूआत साइक्लोथॉन से हुई, जो जे.जे. कॉलेज, कोडरमा से महाराणा प्रताप चौक, झुमरीतिलैया तक निकाली गई। इस साइक्लोथॉन में बड़ी संख्या में युवाओं, छात्र-छात्राओं और खेल प्रेमियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों के जोश और उत्साह ने पूरे वातावरण को ऊर्जा से भर दिया। साइक्लोथॉन ने न केवल फिट इंडिया और खेलो इंडिया के संदेश को सशक्त किया, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और पर्यावरण संरक्षण का भी प्रेरक संदेश दिय साइक्लोथॉन के बाद चंद्रवती स्मारक उच्च विद्यालय फुटबॉल मैदान, डोमचांच में महोत्सव का पहला उद्घाटन फुटबॉल मुकाबला खेला गया। इस रोमांचक मैच में कोडरमा और गिरिडीह की टीमें आमने-सामने हुईं। कड़े संघर्ष के बीच कोडरमा की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 3झ2 से जीत दर्ज की। खेल भावना से



परिपूर्ण इस मुकाबले ने उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया सांसद खेल महोत्सव 26 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा।

महोत्सव में फुटबॉल, कबड्डी, खो-खो, लगोरी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, एथलेटिक्स और शतरंज जैसी प्रतियोगिताएँ शामिल होंगी। इन प्रतियोगिताओं का आयोजन कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा, ताकि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, विधायक नागेन्द्र महतो (बगोदर), विधायक डॉ. नीरा यादव (कोडरमा), विधायक अमित यादव (बरकट्ठा), विधायक डॉ. मंजू कुमारी (जमुआ), भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीडीह महादेव दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष कोडरमा अनुप जोशी, भाजपा जिलाध्यक्ष हजारीबाग विवेकानंद, जिला परिषद अध्यक्ष गिरीडीह मुनिया देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष गिरीडीह छोटेलाल यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष कोडरमा निर्मला देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण सिंह, रमेश सिंह सहित भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती का आधार हैं, बल्कि सामाजिक एकजुटता और नशामुक्त समाज निर्माण का भी प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे बड़ी संख्या में इस महोत्सव में भाग लें और इसे ऐतिहासिक बनाने में योगदान दें।

# मनाया गया नवरात्रि उत्सव

गिरिडीह ।आजल्ल चाणक्य पब्लिक स्कूल में नवरात्रि उत्सव बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों को धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने रंगझबिरंगे परिधानों में माँ के स्वरूप को प्रस्तुत किया, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और उल्लास से भर उठा कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक गरबा और डांडिया प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी तालबद्ध प्रस्तुति ने पूरे समारोह को और भी आकर्षक बना दिया इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकझशिक्षिकाओं ने भी बच्चों के साथ डांडिया खेला और दुर्गा पूजा का महत्व बताते हुए कहा कि नवरात्रि शक्ति, साधना और भक्ति का पर्व है। माँ दुर्गा का पूजन इसलिए किया जाता है ताकि हम बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश ग्रहण कर सकें। उन्होंने समझाया कि माँ दुर्गा स्त्रीझशक्ति का प्रतीक हैं और यह पर्व हमें धैर्य, साहस और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है अंत में कार्यक्रम का समापन ह्लजय माता दीह्व के जयघोष और माँ दुर्गा की आरती के साथ हुआ।

# कंपनी का उद्देश्य मजबूत रिश्ते और भरोसा भी गढ़ना : डॉ. अमरजीत सिंह सलूजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। सलूजा स्टील एंड पावर पीवि टी. एलटीडी. के चेयरमैन डॉ. अमरजीत सिंह सलूजा के जन्मदिन आगामी 2 अक्टूबर को है। इसके उपलक्ष्य में शनिवार को गिरिडीह स्थित स्नेहदीप वृद्धाश्रम में सेवा और संवेदना का संदेश दिया गया। 2 अक्टूबर गांधी जयंती के राष्ट्रीय अवकाश के कारण समारोह पूर्व में आयोजित किया गया, ताकि उत्सव को समाजसेवा से जोड़ा जा सके।




इस मौके पर बताया गया कि कंपनी का उद्देश्य केवल मजबूत स्टील बनाना नहीं, बल्कि मजबूत रिश्ते और भरोसा भी गढ़ना है। इस मौके पर चेयरमैन डॉ. अमरजीत सिंह सलूजा, मनमीत कौर, गुरप्रीत कौर, रश्मि सालुजा डायरेक्टर मार्केटिंग तथा उपेन्द्र कुमार सिन्हा महाप्रबंधक, एसएसपीएल उपस्थित रहे।, जिन्होंने स्नेहपूर्वक आशीर्वाद प्राप्त किए और सेवा में सहभागिता निभाई। इस मौके पर कंपनी टीम ने वृद्धाश्रम के निवासियों को साड़ियाँ, फल, टी-शर्ट, तथा अन्य खाद्य व दैनिक आवश्यकता की वस्तुएँ सम्मानपूर्वक वितरित कीं। वंही वृद्ध आश्रम में मौजूदहर बुजुर्ग के के मुस्कान और हर आशीर्वाद ने यह विश्वास दृढ़ किया कि विकास तभी सार्थक है जब उसमें मानवीयता की गर्माहट हो। इस मौके पर सलूजा स्टील एंड पावर लिमिटेड के अध्यक्ष डॉक्टर अमरजीत सिंह सलूजा ने कहा कि सलूजा स्टील & पावर पीवि टी. एलटीडी. स्नेहदीप वृद्धाश्रम के सेवाभाव को नमन करती है और शहर के वरिष्ठ नागरिकों के आशीर्वाद को अपनी सबसे बड़ी पूँजी मानती है–यही आशीर्वाद शालू द स्टील के चेयरमैन के जन्मदिन का सबसे अनमोल उपहार है।

# प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। उपायुक्त रामनिवास यादव के नेतृत्व में गिरिडीह के शहरी क्षेत्रों में निकाला गया फ्लैग मार्च जिले में विधि व्यवस्था सुद्दढ़, बरती जा रही एहतियायत शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में उल्लासपूर्वक मनाएं त्योहार किसी भी तरह का उपद्रव व अफवाह फैलाने वाले असमाजिक व अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी दुर्गा पूजा को द्दष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। दुर्गा पूजा पर्व शांतिपूर्वक के साथ मनाने को लेकर आज उपायुक्त के नेतृत्व में गिरिडीह के शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से लोगों को सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, ट्रैफिक डीएसपी, थाना प्रभारी, मुफस्सिल, थाना प्रभारी, पचंबा, थाना प्रभारी, टाऊन थाना समेत अन्य संबंधित अधिकारी, पुलिस कर्मी उपस्थित थे इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि नवरात्रि पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था संधारण के साथ-साथ अन्य आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। पर्व के निमित्त बेहतर समन्वय, सद्भाव के साथ जिला प्रशासन व अन्य समुदाय के लोगों के साथ मिलकर शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। पर्व को लेकर जिला स्तर, अनुमंडल स्तर, ब्लॉक स्तर तथा थाना स्तर पर शांति समिति के सदस्यों और समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक कर लिया गया है। बैठक के माध्यम से आमजनों से आह्वान किया गया है कि पर्व की गरिमा के साथ नवरात्रि पर्व मनाएं। इसके साथ ही पर्व को लेकर सभी व्यवस्थाओं और तैयारियों को लगभग पूर्ण कर लिया गया है। जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और तैयार है। सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए गए हैं। सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ।इसके साथ ही आवश्यक स्थलों पर बैरिकेडिंग भी किया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष 24.7 सक्रिय रखने का निर्देश दिया गया है।

सभी अधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया गया है मौके पर पुलिस अधीक्षक, डॉ बिमल कुमार ने कहा कि जिलेवासियों के सामूहिक भागीदारी से पर्व में शांति व्यवस्था कायम रहेगी। विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन को मदद मिलेगी। शांति और भाईचारा जिले की पहचान है। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर जिले में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने की आवश्यकता है। पर्व-त्योहार खुशियां मनाने और एक-दूसरे से प्रेम बांटने का अवसर प्रदान करता है। त्योहार में सभी लोग खुशियों का माहौल बनाएं रखें। संयमित और अनुशासित तरीके से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में उल्लासपूर्वक त्योहार मनाएं। त्योहार के मद्देनजर प्रशासनिक आवश्क तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और तत्परता के साथ कार्य कर रही है। सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। दंडाधिकारी एवं पुलिस बलों की तैनाती कर दी गयी है। किसी भी तरह का उपद्रव व अफवाह फैलाने वाले असमाजिक व अराजक तत्वों के विरूद्ध सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बाल विवाह की दर में 69% की आयी गिरावट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। भारत में बाल विवाह की दर में बेतहाशा गिरावट दर्ज की गई है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) की ओर से जारी शोध रिपोर्ट, टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवाड्र्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया के अनुसार देश में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है जबकि लड़कों में इस दर में 72 प्रतिशत की कमी आई है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियां व एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे प्रभावी साबित हुए हैं। रिपोर्ट बताती है कि लड़कियों की बाल विवाह की दर में सबसे ज्यादा 84 प्रतिशत गिरावट असम में दर्ज की गई है। इसके बाद संयुक्त रूप से महाराष्ट्र व बिहार 70 प्रतिशत का स्थान है जबकि राजस्थान व कर्नाटक में क्रमशः 66 और 55 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। झारखण्ड के गिरिडीह में बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए काम कर रहे जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन बनवासी विकास आश्रम ने जिला




प्रशासन, पंचायतों और सामुदायिक सदस्यों के साथ बेहद करीबी समन्वय से काम करते हुए पिछले तीन वर्षों में जिले में चार हजार से अधिक बाल विवाह न करने के अंडर टेकिंग लिए हैं। इस रिपोर्ट को जेआरसी के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन सी-लैब ने तैयार किया है। बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन जेआरसी 250 से भी ज्यादा नागरिक समाज संगठनों का देश का सबसे बड़ा नेटवर्क है। यह बाल अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश के 451 जिलों में काम कर रहा है इस रिपोर्ट के नतीजों से उत्साहित बनवासी विकास आश्रम के सचिव सुरेश कुमार शक्ति ने कहा, ह्लबाल विवाह के खात्मे के लिए अपने जिले में हम अग्रिम मोर्चे पर हैं और सरकार, प्रशासन व समुदायों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हमारा हर कदम उस भविष्य की ओर ले जाता है जहां हर बच्चे को पढ़ने की सुविधा मिले और वह बड़ा होकर वो बने जो वो बनना चाहता है। यह रिपोर्ट इस बात पर मुहर लगाती है कि शिक्षा, जागरूकता व कानूनी हस्तक्षेप 2030 तक बाल विवाह के खात्मे के लिए सबसे कारगर औजार हैं।

सर्वे में हिस्सा लेने वाले 99 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उन्होंने मुख्यतः गैरसरकारी संगठनों के जागरूकता अभियानों, स्कूलों व पंचायतों के जरिए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के बारे में सुना या जाना है। रिपोर्ट इस तथ्य को उजागर करती है कि 2024 में शुरू हुए भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में गैरसरकारी संगठनों की सबसे अहम भूमिका रही है।

रिपोर्ट बताती है कि सर्वे में शामिल सभी राज्यों के 31% गांवों में 6-18 आयुवर्ग की सभी लड़कियां स्कूल जा रही थीं लेकिन इसमें खासी विषमताएं देखने को मिलीं। महाराष्ट्र के 51% गांवों में सभी लड़कियां स्कूल में थीं जबकि बिहार में सिर्फ 9% गांवों में सभी लड़कियां स्कूल में थीं। सर्वे में शामिल लोगों ने गरीबी (88%), बुनियादी ढांचे की कमी (47%), सुरक्षा (42%) और परिवहन के साधनों की कमी (24%) को लड़कियों की शिक्षा में सबसे बड़ी रुकावट बताया। इसी तरह 91% लोगों ने गरीबी और 44% ने सुरक्षा को बाल विवाह के पीछे सबसे बड़ा कारण बताया।

## एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक टी20 जीत के मामले में दूसरे पायदान पर पहुंचा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने एशिया कप 2025 में सुपर-4 राउंड के आखिरी मैच में श्रीलंका को सुपर ओवर में हराया। इसी के साथ टीम इंडिया किसी एक टीम के विरुद्ध सर्वाधिक टी20 मुकाबले जीतने के मामले में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर पहुंच गई। रोचक बात यह है कि भारत और श्रीलंका के बीच पिछले 2 टी20 मैच टाई रहे हैं, जिन्हें भारत ने सुपर ओवर में जीता।

किसी एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक जीत के मामले में पाकिस्तान शीर्ष पर है, जिसने न्यूजीलैंड के विरुद्ध



49 टी20 मुकाबलों में 24 जीत दर्ज की है। वहीं, इंग्लैंड की टीम पाकिस्तान के विरुद्ध 31 टी20 मुकाबलों में 21 मैच जीत चुकी है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। भारतीय टीम 15 के स्कोर पर शुभमन गिल (4) का विकेट गंवा चुकी थी। यहां से कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अभिषेक शर्मा के साथ 59 रन की साझेदारी की, जिसने भारत को संभाला। सूर्या 13 गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हुए, जबकि अभिषेक शर्मा ने 31 गेंदों में 2 छक्कों और 8 चौकों की मदद से 61 रन की पारी खेली। भारतीय टीम 92 के स्कोर तक अपने 3 विकेट गंवा चुकी थी। यहां से तिलक वर्मा ने संजू सैमसन के साथ 66 रन जुटाते हुए टीम को 150 के पार पहुंचाया। तिलक वर्मा 34 गेंदों में 49 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि सैमसन ने 39 रन की पारी खेली। विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम ने भी 20 ओवरों के खेल तक 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। पथुम निसांका ने 107 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि कुसल परेरा ने 58 रन टीम के खाते में जोड़े। इसके बाद खेल सुपर ओवर तक पहुंचा, जिसमें भारत ने आसान जीत दर्ज कर ली।

## उन्हें बेंच पर बैठा देना चाहिए, इस स्टार खिलाड़ी के खराब प्रदर्शन से निराश हुए वकार यूनुस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के खिलाफ दो करारी हार के बावजूद पाकिस्तान किसी तरह एशिया कप 2025 के फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहा। हालांकि टूर्नामेंट की सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीम भारत के खिलाफ फाइनल मुकाबले को देखते हुए, पाकिस्तानी खेमे में कुछ खिलाड़ियों की फॉर्म को लेकर चिंताए हैं। पाकिस्तान के महान खिलाड़ी वकार यूनिस के लिए सैम अयूब ऐसे ही एक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यूएई में एशिया कप अभियान की शुरुआत से अब तक 6 मैचों में केवल 23 रन बनाए हैं। यूनिस का



साफ कहना है कि अयूब को टीम से बाहर ही रखना चाहिए। सैम ने एशिया कप में पाकिस्तान के लिए 6 मैच खेले हैं, जिनमें से 4 में वह खाता खोले बिना ही आउट हो गए। वकार यूनुस ने सोनी लिव पर कहा, देखिए, मैंने दूसरी बार शून्य पर आउट होने के बाद कहा था, मैंने कहा था कि इस खिलाड़ी को बेंच पर बैठा देना चाहिए। ऐसा नहीं है कि वह प्रतिभाशाली नहीं है, वह बहुत प्रतिभाशाली है। मुझे लगता है कि वह पाकिस्तान क्रिकेट का भविष्य है। लेकिन कभी-कभी जब चीजें आपके अनुकूल नहीं होती हैं, तो आप बस अपने आप में सिमट जाते हैं, लगातार नीचे गिरते रहते हैं और यही उसके साथ हो रहा है। आज दोपहर जब वह मैदान पर आया तो उसकी बॉडी लैंग्वेज खराब थी। अयूब बल्ले से पूरी तरह फ्लॉप रहे हैं, लेकिन उन्होंने गेंद से पाकिस्तान को कुछ विकेट दिलाए हैं, इसलिए टीम में अपनी जगह बरकरार रखने में कामयाब रहे हैं। लेकिन यूनिस चाहते हैं कि उनकी बल्लेबाजी के आधार पर ही कोई कड़ा फैसला लिया जाए और उन्होंने प्रबंधन से उन्हें फाइनल के लिए बेंच पर बैठाने की मांग की।

एशिया कप फाईनल इंडिया-पाक

# दुबई में भारत-पाकिस्तान की ऐतिहासिक टक्कर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 अब अपने रोमांचक फाइनल मुकाम पर पहुंच चुका है और अब क्रिकेट फैन्स को मिलेगा वह मुकाबला, जो इस टूर्नामेंट का सबसे ज्यादा रोमांचक होने वाला है. भारत बनाम पाकिस्तान एशिया कप 2025 का फाइनल रविवार, 28 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा. यह पहला मौका होगा जब भारत और पाकिस्तान एशिया कप के फाइनल में भिड़ेंगे. ऐसे में यह मैच सिर्फ एक ट्रॉफी के लिए नहीं, बल्कि गर्व और प्रतिष्ठा के लिए भी होगा.



### भारत और पाकिस्तान का सफर

टीम इंडिया पूरे टूर्नामेंट में अब तक अजेय रही है. सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम ने दमदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों से प्रभावित किया है. दूसरी ओर, पाकिस्तान ने सुपर-4 में बांग्लादेश को हराकर फाइनल का टिकट पक्का किया था. सलमान अली आगा की कप्तानी वाली टीम फाइनल में अपनी कमजोरियों को पीछे छोड़कर नया इतिहास रचने उतरेगी.

### फाइनल का रोमांच, दुबई की पिच

40 साल से ज्यादा पुराने एशिया कप इतिहास में यह पहला भारत-पाक फाइनल है. दुबई की पिच पर बल्लेबाजों और गेंदबाजों, दोनों को मदद मिल सकती है. फैन्स उम्मीद कर रहे हैं कि अभिषेक शर्मा, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और शाहीन अफरीदी जैसे स्टार खिलाड़ी मैदान पर अपनी छाप छोड़ेंगे.

### दोनो टीमों की संभावित प्लेइंग 11

**भारत :** अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव( कप्तान ), तिलक वर्मा, संजू सैमसन( विकेटकीपर ), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह.

**पाकिस्तान :** सलमान अली आगा ( कप्तान ), अबरार अहमद, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस ( विकेटकीपर ), मोहम्मद नवाज, साहिबजादा फरहान, सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी.

# बिग बैश लीग में खेलेंगे अश्विन

### इस टीम ने कर लिया साइन; बन जाएंगे पहले भारतीय क्रिकेटर

नई दिल्ली, एजेंसी। पूर्व भारतीय दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन अब बिग बैश लीग में खेलते दिखेंगे. बीबीएल टीम सिडनी थंडर ने अश्विन को साइन कर लिया है. अश्विन ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेले वाले पहले भारतीय क्रिकेट होंगे. वह बीबीएल में डेविड वॉर्नर की सिडनी थंडर के लिए खेलते दिखेंगे. इसी साल इंटरनेशनल क्रिकेट और आईपीएल से संन्यास लेने वाले 39 साल के रविचंद्रन अश्विन 14 दिसंबर से 25 जनवरी तक होने वाले बीबीएल के दूसरे हाफ में उपलब्ध होंगे. यानी वह पूरे टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे. अश्विन टूर्नामेंट के बीच में सिडनी थंडर से जुड़ेंगे. अश्विन के हवाले से कहा, सिडनी थंडर मेरे इस्तेमाल के बारे में स्पष्ट थे. उनके साथ मेरी बातचीत



बहुत अच्छी रही और हम मेरी भूमिका को लेकर पूरी तरह सहमत हैं. मुझे डेव ( डेविड ) वॉर्नर का खेल बहुत पसंद है. मैं टीम के लिए प्रदर्शन करने के लिए बेताब हूं. सिडनी थंडर के महाप्रबंधक ट्रेंट कोपलैंड ने इसे बीबीएल के इतिहास में सबसे बड़ा करार बताया.

चेस

## ग्लोबल शतरंज लीग में इस टीम से खेलेंगे गुकेश और एरिगैसी, 13 दिसंबर से खेला जाएगा टूर्नामेंट





**मुंबई , एजेंसी।** टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल पर छह टीमों वाले जीसीएल का तीसरा सत्र 13 से 24 दिसंबर तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। विश्व चैंपियन डी. गुकेश और अर्जुन एरिगैसी जैसे शीर्ष भारतीय ग्रैंडमास्टर अगामी ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) में पीबीजी अलास्का नाइट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। पीबीजी अलास्का नाइट्स फ्रेंचाइजी इस लीग के तीसरे सत्र के लिए शुक्रवार को आयोजित खिलाड़ियों के ड्राफ्ट से भारत के इन दोनों शीर्ष खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ने में सफल रही। टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल पर छह टीमों वाले जीसीएल का तीसरा सत्र 13 से 24 दिसंबर तक मुंबई में आयोजित किया जाएगा। अल्पाइन एसजी पाइपर्स ने अमेरिका के ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारूआना को अपने साथ जोड़ा। पीबीजी अलास्का नाइट्स ने अन्य फ्रेंचाइजी टीमों को पछाड़कर गुकेश को अपनी टीम में शामिल किया। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद गंगा ग्रैंडमास्टर्स के साथ बने रहे। विश्व के पांचवें नंबर के एरिगैसी के लिए तीन टीमों ने कड़ी बोली लगाई लेकिन अंत में पीबीजी अलास्का नाइट्स ने बाजी मारी। अमेरिका के ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो ने अपग्रेड मुंबा मास्टर्स द्वारा चुने गये। गंगा ग्रैंडमास्टर्स ने 20 वर्षीय विंसेंट कीमर के साथ अपनी टीम को और मजबूत किया।

एशिया कप फाइनल से पहले सूर्या को गावस्कर से मिली खास सलाह

## बताया पाक के खिलाफ कैसा हो गेम प्लान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुनील गावस्कर का मानना है कि श्रीलंका के खिलाफ कठिन मैच ने भारत को संयम और धैर्य दिखाने का मौका दिया और यह फाइनल से पहले टीम के लिए लाभदायक होगा. अर्शदीप सिंह की शानदार गेंदबाज़ी ने सुपर ओवर में जीत दिलाई, जिससे भारत का आत्मविश्वास और बढ़ा है.

एशिया कप फाइनल से पहले महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने सूर्यकुमार यादव को सलाह दी है कि पाकिस्तान के



खिलाफ मैदान पर उतरने के बाद अपनी नैचुरल गेम खेलने से पहले कुछ गेंदें लेकर पिच की स्थिति को समझें. अब तक टूर्नामेंट में 35 वर्षीय सूर्यकुमार ने 5 पारियों में केवल 71 रन बनाए हैं. उनका औसत 23.66 और स्ट्राइक रेट 107.57 रहा है. उनका स्कोर रहा- 7 नॉटआउट, 47 नॉटआउट, 0, 5 और 12. एशिया कप का यह प्रदर्शन आईपीएल 2025 से बिल्कुल अलग रहा, जहां उन्होंने 717 रन 65.18 की औसत और 167.91 की स्ट्राइक रेट से बनाए थे. शुक्रवार को श्रीलंका के खिलाफ सूर्यकुमार ने 13 गेंदों पर 12 रन बनाए और फिर वानिंदु हसरंगा का शिकार बने.

एशिया कप

# मैच हारा, मगर इतिहास रच गई श्रीलंका

### ● ओपनर पथुम निसांका-कुसल परेरा की जोड़ी ने किया धमाल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत ने एशिया कप 2025 के अंतिम सुपर 4 मुकाबले में श्रीलंका को सुपर ओवर में शिकस्त दी। इस मुकाबले में पथुम निसांका और कुसल परेरा की जोड़ी ने टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। इससे पहले यह रिकॉर्ड विराट कोहली और केएल राहुल के नाम था, जिन्होंने 8 सितंबर 2022 को अफगानिस्तान के खिलाफ सुपर-4 मुकाबले में पहले विकेट के लिए 119 रन जोड़े थे। टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में 100+ साझेदारी के मामले में तीसरी जोड़ी पाकिस्तान के उमर अकमल और शोएब मलिक की है, जिसने 29 फरवरी 2016 को यूएई के खिलाफ चौथे विकेट के लिए अटूट 114 रन की साझेदारी की थी। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। टीम इंडिया की ओर से सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 61 रन की पारी खेली, जबकि तिलक वर्मा ने नाबाद 49 रन बनाए। इसके जवाब में श्रीलंकाई टीम ने भी निर्धारित ओवरों में 5 विकेट खोकर 202 रन बनाए। इस टीम के लिए पथुम निसांका ने 58 गेंदों में 6 छक्कों और 7 चौकों की मदद से 107 रन की पारी खेली, जबकि कुसल परेरा ने 58 रन टीम के खाते में जुटाए। मैच सुपर ओवर तक पहुंचा, जहां श्रीलंकाई टीम सिर्फ 2 रन बना सकी और भारत ने पहली ही गेंद पर जीत दर्ज की। अब रविवार को भारत-पाकिस्तान के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाना है। टीम इंडिया इस संस्करण में दो बार पाकिस्तान को शिकस्त दे चुकी है। ऐसे में फैंस को उम्मीद है कि फाइनल में भी भारत का पलड़ा भारी रहेगा। भारत-पाकिस्तान के बीच टी20 फॉर्मेट के एशिया कप में पहली बार खिताबी मैच खेला जा रहा है।





# क्रिकेटरों की कड़ी मेहनत ने मुझे बचपन में प्रेरित किया: उसैन बोल्ट

**मुंबई, एजेंसी।** ओलंपिक में स्वर्ण पदकों की झड़ी लगाने वाले दुनिया के सबसे तेज धावक उसैन बोल्ट ने खुलासा किया है कि क्रिकेटरों की कड़ी मेहनत ने उन्हें एथलेटिक्स में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। जमनाबाई नरसी परिसर में एक फायरसाइड चैट में जमैका के इस धावक ने कहा, मैं बचपन से ही क्रिकेट का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं। मैंने बचपन से ही क्रिकेट देखा है। क्रिकेटरों की प्रतिभा को देखना, उनके काम करने का तरीका, खुद को आगे बढ़ाने का तरीका और खुद को ढालने का तरीका, इन सबने मुझे छोटी उम्र में ही कड़ी मेहनत करने और सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रेरित किया। बोल्ट ने कहा, भारत में होना एक अविश्वसनीय अनुभव है। इतने सारे उत्साही प्रशंसकों से मिलना मुझे याद दिलाता है कि खेल क्यों मायने रखते हैं और क्यों वे दुनिया भर के लोगों को जोड़ते हैं। यहां की ऊर्जा अद्भुत है, और मुझे ड्रीम सेट गो के उस विजन का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है, जो विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करता है, जो प्रशंसकों को उनके पसंदीदा खेलों के और भी करीब लाता है। उन्होंने कहा, मेरे लिए, यह कड़ी मेहनत जितना ही सरल है, आप समझ रहे हैं न? इसमें खेल के प्रति कड़ी मेहनत और समर्पण की जरूरत होती है। मुझे ट्रैक एंड फील्ड बहुत पसंद है, इसलिए यह एक ऐसी चीज है, जिसे मैं बचपन से ही पसंद करता रहा हूं और मैंने इस पर बहुत मेहनत की है।



# 'मैं मुंडी काट दूंगा'

## युवराज सिंह के पिता योगराज ने भारत-पाकिस्तान फाइनल से पहले हारिस और फरहान को दी चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एशिया कप 2025 के फाइनल में भारत और पाकिस्तान की टीम पहुंच चुकी है और इस महामुकाबले से पहले कई कंट्रोवर्सी सामने आ चुकी हैं। एशिया कप में फाइनल से पहले भारत-पाकिस्तान के बीच 2 मैच हो चुके हैं और दोनों में भारत को जीत मिली थी, लेकिन दोनों मैचों में कुछ ना कुछ ऐसा हुआ जिसने जमकर सुर्खियां बटोरी। भारत-पाकिस्तान के बीच ग्रुप मैच के दौरान भारतीय खिलाड़ियों का पाकिस्तान से हाथ नहीं मिलाना और सूर्यकुमार यादव के बयान ने सुर्खियां बटोरी तो वहीं सुपर 4 के मुकाबले में हारिस रऊफ और साहिबजादा फरहान के गेस्चर व बातों ने सबका ध्यान खींचा। सुपर 4 मुकाबले में हारिस राऊफ ने भारतीय खिलाड़ियों के साथ अभद्र व्यवहार किया था जबकि फरहान ने अपनी अर्धशतकीय पारी के बाद गन सेलीब्रेशन किया था।

**योगराज सिंह ने दिया विवादित बयान-** सुपर 4 मैच में हारिस रऊफ और शाहीन अफरीदी ने अभिषेक शर्मा और शुभमन गिल को परेशान करने की कोशिश की




तो भारतीय ओपनरों ने पाकिस्तानी गेंदबाजों को बल्ले से करारा जवाब दिया। रऊफ काफी आक्रामक थे लेकिन भारतीय बल्लेबाजों ने भी उन्हें उसी अंदाज में जवाब दिया। अब भारत के पूर्व क्रिकेटर योगराज सिंह ने एक विवादित बयान देकर इस मामले को और बढ़ा दिया है। दोनों देशों के बीच फाइनल मुकाबले से पहले ये बयान काफी चर्चा में है। योगराज सिंह ने कहा कि वह हमेशा अपने देश के साथ रहेंगे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने सभी को याद दिलाया कि दोनों देशों के बीच राजनीतिक तनाव के बावजूद दोनों तरफ के खिलाड़ियों का सम्मान होना चाहिए और हमें उसी तरह से प्रतिक्रिया देनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तानी खिलाड़ियों को गलत तरीके से निशाना बनाया जाता है जो क्रिकेट के लिए अच्छा नहीं है।

स्पोर्ट्स नाउ पर योगराज सिंह ने कहा कि मैं हमेशा अपने देश के साथ रहूंगा। मैं इस देश का नागरिक हूं। अगर कोई मेरे देश के खिलाफ कुछ कहता है, तो मैं उसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। मैं मुंडी काट दूंगा।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी, हाशिम गैंग का गैंगस्टर अमृतसर एयरपोर्ट से गिरफ्तार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस की स्पेशल टीम ने हाशिम गैंग के गैंगस्टर रूबल सरदार को अमृतसर एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया है। रूबल सरदार के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर नोटिस जारी किया गया था। दिल्ली पुलिस ने हाशिम गैंग के सदस्यों पर लगातार कार्रवाई शुरू कर दी है। इस दौरान रूबल सरदार फरार चल रहा था। फरारी के दौरान रूबल के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया था। इस दौरान जानकारी मिली कि वो अमृतसर एयरपोर्ट से कहीं जाने की तैयारी कर रहा है। इसकी सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस की टीम अचानक पहुंची और रूबल को गिरफ्तार कर लिया है।

### दिल्ली सरकार के अस्पतालों में बढ़ाई गई यह सुविधा, हर रोज 1500 मरीजों को हो रहा फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार ने अपने छह प्रमुख सरकारी अस्पतालों में 150 नई हेमोडायलिसिस मशीनें लगाई है। इससे स्वास्थ्य सेवा में मजबूती आया है। इन मशीनों से हर रोज 1500 से अधिक मरीजों को डायलिसिस की सुविधा मिल सकेगा। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सेवा पखवाड़ा 2025 पहल के तहत इस विस्तार से वेटिंग टाइम में कमी आई है। लोगों के लिए समय पर इलाज सुनिश्चित हुआ है। बुराड़ी अस्पताल को 55, जनकपुरी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल को 45, अंबेडकर नगर अस्पताल को 25, डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल को 10, संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल को 5 और जग प्रवेश चंद्र अस्पताल को 10 डायलिसिस मशीनें मिलीं। इन अतिरिक्त मशीनों के साथ दिल्ली सरकार के अस्पतालों में डायलिसिस मशीनों की कुल संख्या 300 हो गई है। बुराड़ी अस्पताल में डायलिसिस के मरीज राजेश कुमार ने कहा कि पहले हमें डायलिसिस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता था। नई मशीनों की मदद से मेरे जैसे और भी मरीजों को हर दिन समय पर इलाज और मदद मिल रही है। इससे हमारे जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। बयान में कहा गया है कि गंभीर देखभाल के साथ-साथ, दिल्ली सरकार का स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान भी बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंच रहा है। अब तक 1,558 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इनमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 60 विशेषज्ञ शिविर शामिल हैं, जिनसे 935896 लोग लाभान्वित हुए हैं। इनमें से 569294 महिलाओं और 386270 पुरुषों की जांच की जा चुकी है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि 150 डायलिसिस मशीनों की स्थापना से हमें हर दिन ज्यादा लोगों की जान बचाने में मदद मिलेगी। साथ ही, स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार पहल यह सुनिश्चित करती है कि महिलाओं और बच्चों को जरूरी निवारक देखभाल और पोषण मिले। मैं शहर की सभी महिलाओं से इन सेवाओं का लाभ उठाने का आग्रह करता हूं। बयान में कहा गया है कि अभियान में टीबी की रोकथाम पर भी जोर दिया गया है। इसके तहत 18530 महिलाओं की जांच की गई और रोगियों की सहायता के लिए 1041 निक्षय मित्र पंजीकृत किए गए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर पोषण किट और स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किए जा रहे हैं।

# मॉनसून की विदाई से लौटी गर्मी



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में तेज धूप के चलते शुक्रवार को अधिकतम पारा 36 डिग्री के पार पहुंच गया। लोधी रोड मौसम केन्द्र के अधिकतम तापमान में तीन डिग्री से भी ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच भी तेज धूप के चलते दिन के समय लोगों को गर्मी का अहसास होगा।

दिल्ली में मॉनसून की वापसी के बाद अब हवा की दिशा में बदलाव हुआ है। इससे मौसम में रहने वाली नमी कम हुई है और लोगों को उमस से खासी राहत मिली है, लेकिन अभी भी सुबह से ही तेज धूप निकल रही है।

दिल्ली के सफदरजंग मौसम केन्द्र में शुक्रवार दिन का अधिकतम तापमान 36.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जो कि सामान्य से 1.8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान 25.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

दिल्ली के लोधी रोड मौसम केन्द्र में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। यहां पर अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस रहा। जो कि सामान्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो-तीन दिन अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। वहीं, मौसम के अलग-अलग कारकों के चलते दिल्ली की हवा लगातार साफ-सुथरी बनी हुई है।

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद ने अपने क्षेत्र की तीन बहुमंजिला इमारतों पर एंटी स्मॉग गन लगा दिया। एनडीएमसी परिषद सदस्य दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार दिन में आयोजित कार्यक्रम इनका उद्घाटन किया। इस तरह के सात अन्य इमारतों पर भी जल्द ही एंटी स्मॉग गन तैनात की जाएगी। दिल्ली को खासतौर पर जाड़े के समय होने वाले प्रदूषण से बचाने के लिए बहुमंजिला इमारतों पर एंटी स्मॉग गन लगाने की कवायद चल रही है। इस एंटी स्मॉग गन से पानी की बेहद बारीक बूंदों का छिड़काव किया जाता है।

धूल पर प्रभावी नियंत्रण के उपाय होंगे वहीं, दिल्ली के लोगों के प्रदूषण से बचाने के लिए सड़क पर उड़ने वाली धूल पर नियंत्रण के प्रभावी उपाय किए जाएंगे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि राजधानी में प्रदूषण नियंत्रण के प्रभावी उपाय किए जाएंगे ताकि प्रदूषण से लड़ाई में जीत हासिल हो सके। सिरसा ने कहा कि सड़कों पर धूल नियंत्रण के साथ-साथ कचरा जलाने, गाड़ियों के धुएं को कम करने और सस्टेनेबल ट्रांसपोर्ट को बढ़ावा भी दिया जाएगा। कार्यशाला में दिल्ली नगर निगम, डीडीए, एनडीएमसी, दिल्ली पुलिस समेत पंद्रह विभागों के 170 से ज्यादा इंजीनियर और टेक्नीशियन ने हिस्सा लिया।

## 5 स्टार होटलों में होंगे दिल्ली की सीएम व कैबिनेट सदस्यों के कार्यक्रम

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली सरकार अपनी मुख्यमंत्री और उनके कैबिनेट सहयोगियों के विभागों से जुड़े बड़े सरकारी कार्यक्रमों व अन्य महत्वपूर्ण समारोहों का आयोजन शहर के 5 स्टार होटलों में करने की योजना पर काम कर रही है, और इसके लिए उसने तैयारियां शुरू करते हुए ऐसे पांच सितारा होटलों को सूचीबद्ध करने का काम शुरू करते हुए उनसे इसके संबंध में आवेदन भी आमंत्रित किए हैं। अधिकारियों ने कहा कि फाइव स्टार होटलों के साथ शुरू की जाने वाली यह व्यवस्था सरकार के बड़े कार्यक्रमों की मेजबानी की योजना के लिए बहुत उपयोगी साबित होगी।

आमतौर पर दिल्ली सरकार का सामान्य प्रशासन विभाग मुख्यमंत्री कार्यालय और कैबिनेट मंत्रियों के कार्यालय ऐसे उच्च-स्तरीय समारोहों के साथ-साथ अन्य राज्य-स्तरीय समारोहों और कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। इस बारे में शुक्रवार को जानकारी देते हुए व्रष्ठ के एक अधिकारी ने बताया कि ऐसे आयोजनों के लिए विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में स्थित पांच सितारा होटलों को सूचीबद्ध करना शुरू कर दिया है और इसके लिए 16 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा, ऐसे सरकारी कार्यक्रमों को आयोजित करने के इच्छुक पांच सितारा होटलों को आवेदनों के पैनल में शामिल करने से पहले अपेक्षित पात्रता की जांच की जाएगी। विभाग बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। उन्होंने बताया कि दिल्ली के 2025-26 के बजट में एक अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव, एक वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन और शहर में पर्यटन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अन्य पहलों की योजनाएं शामिल हैं। इनमें से अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के आयोजन के लिए सरकार ने 30 करोड़ रुपए आवंटित भी किए हैं। अपने बजट भाषण में, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने घोषणा की थी कि उनकी सरकार एक वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन आयोजित करने की भी योजना बना रही है।

## थप्पड़ मारा, वर्दी फाड़ी.. बिना हेलमेट रोकने पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिसकर्मी पर हमला; दो अरेस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्या एक साधारण हेलमेट चेकिंग इतनी भयानक बन सकती है कि पुलिस अधिकारी पर भीड़ हमला कर दे? उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में बुधवार को कुछ ऐसा ही हुआ। वजीराबाद फ्लाईओवर के पास ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर को कुछ लोगों ने बुरी तरह पीटा और ये सब कैमरे में कैद हो गया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा ये वीडियो देखकर हर कोई हैरान है ङ्क जहां पुलिसकर्मी को धक्के मारे जा रहे हैं और आसपास खड़े लोग तमाशा देखते रहे। घटना 24 सितंबर की दोपहर करीब 3:48 बजे की है। सब-इंस्पेक्टर सुरज पाल सिंह वीआईपी रूट पर चेकिंग कर रहे थे, तभी उन्होंने स्कूटी पर सवार दो लोगों को बिना हेलमेट देखा। सिग्नल देकर रोका, लेकिन वो गाली-गलौज कर भाग निकले। सिंह ने पीछा किया और सिग्नेचर ब्रिज की तरफ उन्हें रोक लिया। लेकिन यहां से मामला उलझ गया ङ्क दोनों ने चिल्लाना शुरू किया, भीड़ जमा हो गई और देखते ही देखते हमला हो गया। सिंह को कई चोटें आईं, उनकी वर्दी फट गई और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा। पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने न सिर्फ मारपीट की, बल्कि अफवाहें फैलाकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश भी की।

## एफआईआर के बाद चैतन्यानंद ने खाते से निकाले 50 लाख रुपए, जांच अधिकारियों का बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली वसंत कुंज शारदा इंस्टीट्यूट में छात्राओं के साथ यौन शोषण मामले पर बड़ा अपडेट सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, चैतन्यानंद पर एफआईआर होने के बाद से अब तक उसने अपने खातों से 50 लाख रुपए से ज्यादा पैसे निकाले हैं। इसका खुलासा करते हुए जांच करने वाले पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चैतन्यानंद दो खाते चला रहा था, जिससे अब तक 50 लाख रुपए निकालने गए हैं। इस दौरान कोर्ट ने चैतन्यानंद को एक बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने चैतन्यानंद की तरफ से दायर की गई याचिका खरिज करते हुए उसे राहत देने से इनकार कर दिया है। जांच के दौरान अधिकारियों को पता चला कि चैतन्यानंद ने खाता खोलने और ट्रांसफर के समय अलग-अलग जानकारियों वाले दस्तावेज़ जमा करके दो अलग-अलग नामों से बैंक खाते खुलवाए थे। चैतन्यानंद को लेकर पुलिस ने यह भी कहा कि एफआईआर दर्ज होने के बाद से लगभग 50-55 लाख रुपये निकाले जा चुके हैं। इस बीच स्वामी चैतन्यानंद को कोर्ट से झटका भी लगा है। दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को सरस्वती के खिलाफ कथित धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के एक मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

इस मामले पर सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हरदीप कौर ने कहा कि मौजूदा मामले की जाँच अभी शुरुआती चरण में है और इस मामले में जाँच अधिकारी (आईओ) को धोखाधड़ी, ठगी, षडयंत्र और धन के दुरुपयोग की पूरी कड़ी का पता लगाने के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ की जरूरत है। जांच अधिकारी के अनुसार, आरोपी अपने दिए गए पते पर मौजूद नहीं है और उसका मोबाइल फोन भी बंद है। इस मामले पर बात करते हुए कोर्ट ने कहा कि आरोपों की गंभीरता और अपराध को देखते हुए, यह कोर्ट आरोपी को अग्रिम जमानत देने के पक्ष में नहीं है।

## चैतन्यानंद सरस्वती पर चौतरफा शिकंजा, दिल्ली पुलिस ने 18 बैंक खाते और 28 एफडी फ्रीज कराए



**नई दिल्ली, एजेंसी।**
विवादों में घिरे बाबा चैतन्यानंद सरस्वती के 18 बैंक खाते और 28 एफडी को दिल्ली पुलिस ने फ्रीज कर दिया है। इसमें आठ करोड़ रुपये हैं। उधर, बाबा के हुलिया बदलने की संभावना को देखते हुए उसके अलग-अलग आठ स्कैच बनवाए गए हैं। ये स्कैच अन्य राज्यों को भी भेजे जा रहे हैं, जिससे कि उसकी पहचान करने में सहूलियत हो। श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट एंड रिसर्च संस्थान परिसर में शुक्रवार को पुलिस जांच के लिए पहुंची। पुलिस टीम ने संस्थान के कार्यालय, बाबा चैतन्यानंद सरस्वती के कार्यालय और उसके निजी आवास की तलाशी ली। यहां से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। साथ ही चैतन्यानंद सरस्वती पर आरोप लगाने वाली सभी 32 छात्राओं से जुड़े दाखिले संबंधित दस्तावेज भी जब्त किए हैं। इसके अलावा बाबा के करीबी लोगों से पुलिस ने करीब डेढ़ घंटे तक पूछताछ की। शुक्रवार को पुलिस टीम ने संस्थान की तलाशी के बाद 300 पेज के दस्तावेज बरामद किए हैं। इसमें कई अहम सुराग मिले हैं। इसके अलावा पुलिस ने श्वेता और बाबा के अन्य दो करीबियों से करीब डेढ़ घंटे तक पूछताछ की है। पुलिस टीम ने इनसे बाबा की संभावित लोकेशन और छात्राओं के आरोपों में इनकी भूमिका की जांच कर रही है। दिल्ली पुलिस ने स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके पास मौजूद 18 बैंक खाते और 28 एफडी फ्रीज करवा दी हैं।
इनमें आठ करोड़ रुपये मौजूद थे। ये पैसे आरोपी द्वारा बनाए गए ट्रस्ट से जुड़े पाए गए हैं। उनके खिलाफ श्री शारदा पीठम, श्रृंगेरी की संपत्ति में धोखाधड़ी, जालसाजी और करोड़ों रुपये के गबन के गंभीर आरोप हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि तलाशी के दौरान आरोपी चैतन्यानंद सरस्वती के दो पासपोर्ट और पैन कार्ड बरामद किए गए हैं। आरोपी पर उड़ीसा में भी मामला दर्ज है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्री शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट एंड रिसर्च संस्थान में स्कॉलरशिप के लिए होने वाली परीक्षा में चैतन्यानंद सरस्वती के आदेश पर ज्यादा से ज्यादा ईडब्लूएस कोटे की छात्राओं को पास किया जाता था। जिससे कि दाखिला होने के बाद आरोपी उनका शोषण कर सकें। जांच में सामने आया है कि छात्राओं को एहसान जताकर उनसे बात मानने के लिए दबाव डाला जाता था। स्वयंभू धर्मगुरु चैतन्यानंद सरस्वती की अग्रिम जमानत याचिका शुक्रवार को पटियाला हाउस अदालत ने खारिज कर दी। धर्मगुरु ने कथित धोखाधड़ी, जालसाजी व आपराधिक साजिश के एक मामले में अग्रिम जमानत की मांग करते हुए याचिका दाखिल की थी।

## एफबीआई की बड़ी कार्रवाई, नस्लीय न्याय आंदोलन में हिस्सा लेने वाले अपने 20 एजेंटों को नौकरी से निकाला




**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका की प्रमुख जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) ने नस्लीय न्याय आंदोलन में भाग लेने वाले एजेंटों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। इसके तहत एफबीआई ने लगभग 20 ऐसे एजेंटों को नौकरी से निकाल दिया है, जो 2020 में जॉर्ज फ्लॉयड की मौत के बाद वॉशिंगटन में हुए नस्लीय न्याय आंदोलन के दौरान प्रदर्शन में घुटनों पर बैठे दिखाई दिए थे। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया कि नाम ना बताने के शर्त पर इस बात की जानकारी तीन ऐसे अधिकारियों ने दी है जो इस मामले से जुड़े हैं। सूत्रों के अनुसार, इन एजेंटों को पहले अस्थायी रूप से अन्य विभागों में भेजा गया था, लेकिन पिछले कुछ समय में उन्हें पूरी तरह से निकाल दिया गया। बताया जा रहा है कि करीब 20 एजेंटों को नौकरी से निकाला गया है। बता दें कि इस पूरे मामले की शुरुआत 2020 में हुई, जब मिनियापोलिस में पुलिस हिरासत में जॉर्ज फ्लॉयड की मौत हुई। इस घटना के बाद अमेरिका और दुनियाभर में नस्लीय भेदभाव और पुलिस हिंसा के खिलाफ प्रदर्शन हुए थे। ऐसे ही एक प्रदर्शन में कुछ एफबीआई एजेंट एकजुटता दिखाने के लिए घुटनों पर बैठे, जिसकी तस्वीरें सामने आई थीं। हालांकि एफबीआई के इस कदम के बारे में दूसरी ओर यह फैसला एफबीआई डायरेक्टर कश पटेल द्वारा एजेंसी में किए जा रहे बड़े बदलावों के तहत लिया गया है। हाल ही में चार वरिष्ठ एजेंटों और अधिकारियों को भी अचानक हटा दिया गया, जिससे एफबीआई के अंदर कर्मचारियों का मनोबल गिरने की बात कही जा रही है। इनमें से एक, स्टीव जेनसन, कैपिटल हिल पर 6 जनवरी 2021 को हुए हमले की जांच में शामिल थे। दूसरे अधिकारी, ब्रायन ड्रिस्कोल, ट्रंप प्रशासन की शुरुआत में कार्यकारी एफबीआई निदेशक रहे और उन्होंने उन एजेंटों के नाम देने से इनकार किया जो 6 जनवरी की जांच में शामिल थे। तीसरे अधिकारी, क्रिस मेयर, जिनके बारे में सोशल मीडिया पर गलत अफवाह थी कि उन्होंने ट्रंप के मार-ए-लागो स्थित घर से जुड़े गोपनीय दस्तावेजों की जांच की थी। चौथे अधिकारी, वाल्टर जियार्डिना ने ट्रंप के सलाहकार पीटर नवैरो के खिलाफ हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच की थी। गौरतलब है कि ऐसे घटनाक्रम में निकाले गए तीन वरिष्ठ एजेंटो, जेनसन, ड्रिस्कोल और स्पेंसर इवांस ने सरकार पर मुकदमा दायर किया है। उनका आरोप है कि डायरेक्टर पटेल ने खुद कहा था कि एजेंटों को उनके केस वर्क के आधार पर निकालना संविधान के खिलाफ हो सकता है, लेकिन व्हाइट हाउस और न्याय विभाग का दबाव था, इसलिए वो इसे रोक नहीं सके।

## अमेरिकी यौन अपराधी एप्सटीन केस में मस्क का नाम सामने आया

**वाशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्सटीन की संपत्ति से जुड़े नए दस्तावेज सामने आए हैं। इनमें खुलासा हुआ है कि 2007 में दोषी ठहराए जाने के बाद भी एप्सटीन कई बड़े नेताओं और उद्योगपतियों से जुड़े रहे। इन नामों में टेस्ला मालिक इलॉन मस्क, पेपाल के सह-संस्थापक पीटर थिल और ट्रम्प के सहयोगी स्टीव बैनन शामिल हैं। अमेरिकी हाउस ओवरसाइट और गवर्नमेंट रिफॉर्म कमेटी को कुल 8,544 दस्तावेज सौंपे गए हैं। इनमें रोजाना के शेड्यूल, फ्लाइट लॉग, पैसों के रिकॉर्ड और फोन मैसेज शामिल हैं।

दस्तावेजों के मुताबिक, दिसंबर 2014 में मस्क की एप्सटीन के प्राइवेट आइलैंड की यात्रा की योजना बनी थी। एक नोट में लिखा था– क्या यह अब भी तय है? वहीं 2017 में पीटर थिल से लंच और 2019 में स्टीव बैनन के साथ नाश्ते का जिक्र है। यह मुलाकात एप्सटीन की गिरफ्तारी से कुछ महीने पहले की बताई जा रही है।

रिकॉर्ड्स में प्रिंस एंड्रयू से जुड़े मसाज भुगतान का भी उल्लेख है। साथ ही साल 2000 से फ्लाइट लॉग्स में एप्सटीन, गिसलेन मैक्सवेल, प्रिंस एंड्रयू और अन्य लोगों की यात्राओं का विवरण दर्ज है। डेमोक्रेट सांसदों ने कहा कि दस्तावेज दिखाते हैं कि एप्सटीन 2007 के विवादित प्लीडील के बाद भी ताकतवर और अमीर लोगों से नजदीकी बनाए हुए थे। एप्सटीन पर दर्जनों नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप थे, लेकिन 2007 में फ्लोरिडा में हुए एक प्लीडील के तहत उसने सिर्फ एक वेश्यावृत्ति से जुड़े आरोप कबूल किए।

नतीजा यह हुआ कि उसे 13 महीने की जेल हुई, वह भी दिन में काम करने की अनुमति के साथ ।

## बांग्लादेशी प्रवासी बोले- यूनुस पाकिस्तानी है, पाकिस्तान वापस जाओ

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।**
बांग्लादेशी प्रवासियों ने शुक्रवार को न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र हेडक्वार्टर के बाहर मुख्य सलाहाकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस को पाकिस्तानी करार देते हुए यूनुस इज पाकिस्तानी और गो बैक टू पाकिस्तान जैसे नारे लगाए।

प्रदर्शनकारी बोले यूनुस बांग्लादेश को तालिबान जैसा देश बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूनुस इस्लाम-वादी ताकतों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने यूनुस पर अगस्त 5, 2024 में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के पद से हटने के बाद अल्पसंख्यकों, खासकर हिंदुओं पर अत्याचार बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यूनुस के सत्ता में आने के बाद से मानवाधिकारों की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। कई लोग देश छोड़ने पर मजबूर हुए हैं।

प्रदर्शनकारी बोले- हसीना सरकार को गैरकानूनी ढंग से हटाया

एक प्रदर्शनकारी ने एएनआई से कहा, हम हिंदू, बौद्ध, ईसाई और अन्य अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ हैं। हम हिंदू नेता चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की मांग करते हैं, जिन्हें यूनुस ने गैरकानूनी ढंग से जेल में कैद कर रखा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि शेख हसीना की सरकार को गैरकानूनी ढंग से हटाया गया। उनकी सरकार लोकतांत्रिक थी। यूनुस ने सत्ता हड़प ली और अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए।

अगस्त 2024 में तख्तापलट के बाद हिंदू निशाना बने

5 अगस्त, 2024 को बांग्लादेश में लंबे छात्र आंदोलन के बाद शेख हसीना सरकार का तख्तापलट हुआ था। हसीना को देश छोड़कर भागना पड़ा। इसके साथ ही बांग्लादेश में हालात बिगड़ गए। पुलिस रातों-रात अंडरग्राउंड हो गई। बेकाबू भीड़ के निशाने पर सबसे ज्यादा अल्पसंख्यक, खासतौर पर हिंदू आए। बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल की रिपोर्ट के मुताबिक, यहां सांप्रदायिक हिंसा में 32 हिंदुओं की जान चली गई। रेप और महिलाओं से उत्पीड़न के 13 केस सामने आए। करीब 133 मंदिरों पर हमले हुए। ये घटनाएं 4 अगस्त 2024 से 31 दिसंबर 2024 के बीच हुईं।




## लताड़ के बाद बदले नाटो चीफ के सुर, बोले- हमने भारत को खोया नहीं है, करीबी संबंध रखने की कोशिश

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत की लताड़ के बाद नाटो प्रमुख मार्क रुट के सुर बदले नजर आ रहे हैं। रुट ने हाल ही में दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को फोन किया और रूसी तेल के आयात को लेकर भारत पर अमेरिकी टैरिफ के प्रभाव के मद्देनजर यूक्रेन पर रणनीति के बारे में पूछा। इस पर भारत ने कड़ी आपत्ति जताई थी।

अब एक इंटरव्यू के दौरान मार्क रुट ने कहा कि वे भारत से अच्छे संबंध बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं और भारत को चीन या रूस के हाथों खोया नहीं है। नाटो महासचिव ने कहा, नरेंद्र मोदी चीन में शी जिनपिंग और व्लादिमीर पुतिन के साथ थे। लेकिन हमने अभी तक मोदी को नहीं खोया है और हम अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए हुए हैं। विवाद की जड़ 25 सितंबर को नाटो चीफ द्वारा दिया गया एक बयान है। रुट ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा से इतर सीएनएन को बताया कि ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ का रूस पर ''बड़ा प्रभाव'' पड़ रहा है और नई दिल्ली पुतिन से फोन पर बात कर रही है। नाटो प्रमुख ने दावा किया, ''और नरेन्द्र मोदी उनसे यूक्रेन पर अपनी रणनीति बताने के लिए कह रहे हैं क्योंकि भारत पर टैरिफ का असर पड़ रहा है।'' इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि ऐसी ''अटकलें या लापरवाही भरी'' टिप्पणियां, जो प्रधानमंत्री मोदी को किसी भी तरह से गलत तरीके से पेश करती हैं या ऐसी बातचीत होने का दावा करती हैं, जो कभी हुई ही नहीं, ''अस्वीकार्य'' हैं। भारत द्वारा रूस से कच्चे तेल की निरंतर खरीद को उचित ठहराते हुए जायसवाल ने कहा कि इस मामले में कोई ''दोहरा मापदंड'' नहीं हो सकता।

# हरी झंडी दिखाकर आजीविका एक्सप्रेस योजना का शुभारंभ

## महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की ओर नई पहल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में आजीविका और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और हरी झंडी दिखाकर आजीविका एक्सप्रेस योजना के तहत वाहनों को रवाना किया। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीण महिलाएं और सखी मंडल की दीदियां उत्साह से भरी रहीं। सभी ने माना कि यह योजना उनके लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का मजबूत आधार बनेगी।




**महिला समूहों को मिला नया संबल**

योजना अंतर्गत प्रखंड चंदनकियारी की चंद्रा संकुल स्तरीय संगठन और प्रखंड चास की जागृति शक्ति मंडल से जुड़ी मां दुर्गा सखी मंडल की लाभुक दीदी सुमन कुमारी को लाभ प्रदान किया गया। इस पहल से संकुल स्तरीय संगठनों को विभिन्न व्यावसायिक गतिविधियों के माध्यम से आय में वृद्धि होगी। सखी मंडल की दीदियां बाजार में सामान ढुलाई और यात्रियों के आवागमन से प्रत्यक्ष आय अर्जित कर पाएंगी। ग्रामीण स्तर पर महिला उद्यमिता और स्वावलंबन को गति मिलेगी। मौके पर दीदी सुमन कुमारी ने कहा कि पहले हम दूसरों पर निर्भर थे, अब खुद अपने वाहन से आय का साधन बना सकेंगे। यह योजना हमें आत्मनिर्भर बनाएगी।

**जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता**

मौके पर उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि आजीविका एक्सप्रेस योजना ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का माध्यम है। इससे वे आर्थिक रूप से मजबूत होंगी और अपने परिवार व समाज को बेहतर भविष्य दे सकेंगी। प्रशासन का पूरा प्रयास रहेगा कि ऐसी योजनाओं से अधिक से अधिक महिलाएं जुड़ें। वहीं, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के बिना समाज का विकास अधूरा है। यह पहल महिलाओं को स्वरोजगार की ओर अग्रसर करेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी।

# खाद्य सुरक्षा स्वच्छता सुनिश्चित करने को लेकर दिशा-निर्देश जारी

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, ट्रांसपोर्टर, मिल्क विक्रेता, स्वीट शॉप, फलझसब्जी विक्रेता, केटरिंग/इवेंट मैनेजमेंट, बेकरी एवं अन्य खाद्य व्यवसाय संचालकों के लिए दिशाझनिर्देश जारी किया है। इन निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य है। उल्लंघन की स्थिति में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

- प्रतिष्ठानों में धूम्रपान/ तम्बाकू / मदिरा का सेवन करना एवं संक्रामक बीमारी से ग्रस्त मरीजों का प्रवेश प्रतिबंधित है।
- फूड लाईसेंस / रजिस्ट्रेशन, फोसटैक प्रशिक्षण प्रमाण पत्र एवं फूड शेफ्टी डिस्पले बोर्ड प्रतिष्ठानों के प्रमुख स्थान पर दशार्ना सुनिश्चित करेंगे।
- पैंकिग खाद्य पदार्थ के लेबल पर पैंकिग / विनिर्माण की तिथि, बेच नं०/ लोट नं०, बेस्ट बिफोर (वैधता की तिथि), न्यूट्रिशन वैल्यू, भेज/नन भेज, का लोगो आदि का होना अनिवार्य है।
- होटल, रेस्तरां और अन्य खाद्य स्टॉल के मालिक जो नमकीन, मिठाई या अन्य खाद्य पदार्थ बेचते है या बक्री के लिए प्रदर्शित करते हैं, उन्हें इच्छुक खरीदारों की जानकारी के लिए घी, खाद्य तेल, वनस्पति और अन्य वसा में पकाए गए खाद्य पदार्थों की अलग-अलग सूचियों वाला एक नोटिस बोर्ड लगाना होगा।
- पका हुआ या तैयार भोजन बेचने वाले खाद्य व्यवसाय संचालक को बिक्री के लिए प्रदर्शित किए जाने वाले खाद्य पदार्थों की प्रकृति वाला एक नोटिस बोर्ड प्रदर्शित करना होगा।
- खाद्य पदार्थ निर्माण हेतु होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, बेकरी फैक्ट्री, आइसक्रीम फैक्ट्री, मीट शॉप आदि का पानी जांच कराना अनिवार्य है।
- खाद्य कारोबारकर्ता (फूड हैंडलिंग स्टाफ) का मेडिकल फिटनेस जांच अनिवार्य है।
- खाद्य पदार्थों का व्यवसाय करते समय सभी कर्मियों (फूड हैंडलिंग स्टाफ) को मास्क, हेड केप, दस्ताने पहनना अनिवार्य है।
- खाद्य कारोबारियों को अपने प्रतिष्ठान के आस-पास साफ-सफाई, शुद्ध पेय जल के साथ ढक्कन लगा डस्टबीन रखना अनिवार्य है।
- मिठाइयों एवं अन्य खाद्य पदार्थों के निर्माण में अखाद्य एवं ओद्योगिक रंग जैसे चम्पई, गाई छाप का उपयोग नहीं करेंगे। खाद्य एवं अखाद्य पदार्थ को अलग-अलग भंडारित करना अनिवार्य है।
- सभी खाद्य सामग्री एफएसएसएआइ अनुज्ञप्तिधारी / रजिस्टर्ड विक्रताओं से ही खरीदने एवं बेचने के साथ ही इसका रिकार्ड रखना सुनिश्चित करेंगें।
- खाद्य पदार्थों जैसे-समोसे, पकोड़े, जलेबी, कचौड़ी आदि को अखबार, प्रिन्टेड पेपर, प्लास्टिक / पॉलिथीन में बेचना सख्त मना है तथा खाद्य पदार्थों को ढक कर रखेगें।
- बिना वैध फूड लाईसेंस एवं रजिस्ट्रेशन के खाद्य सामग्री का उत्पादन, भण्डारण, वितरण, प्रसंस्करण, लेवलिंग, पैकेजिंग, परिवहन, आयात-निर्यात, बिक्री आदि करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 63 के तहत जुर्माने की राशिं दस लाख तक होगी।
- उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्यवाई की जा सकती है।
- राज्य जिला खाद्य सुरक्षा प्रशासण हमेशा आपके साथ है। इसका सहयोग एवं समर्थन प्राप्त किया जाय।

# विजयादशमी उत्सव पर स्वयंसेवकों का आकर्षक पथ संचलन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो महानगर के विभिन्न स्थानों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के द्वारा आज छठे दिन भी बोकारो नगर व विभिन्न बस्तियों में विजयादशमी उत्सव के अवसर पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। बोकारो महानगर के दयानंद नगर (सेक्टर 4,5 एवं 6) के 'सेक्टर 4ई' बस्ती, विवेकानंद नगर (सेक्टर 8, 9 एवं 11) के 'सेक्टर 9डी' बस्ती में पथ संचलन, महर्षि अरविंद नगर के कुमीर्डीह बस्ती, सुभाष नगर के 'प्रभात कॉलोनी' बस्ती, सिद्धू कान्हू नगर के 'भवानीपुर साईड' बस्ती, चन्दनकियारी नगर के 'बाबूग्राम' बस्ती एवं 'रामडीह' बस्ती आदि स्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में विधिवत शास्त्र पूजन किया गया। उसके उपरांत बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ। इन सत्रों में संघ के स्वयंसेवकों को संगठन की शताब्दी यात्रा, राष्ट्र साधना के कार्यों और समाज जीवन में संघ की भूमिका से अवगत कराया गया।दयानंद नगर (सेक्टर 4,5 एवं 6) के 'सेक्टर 4ई' बस्ती, के स्वामी विवेकानंद संयुक्त विद्यार्थी शाखा स्थल पर आयोजित



उत्सव एवं पथ संचलन मारूति शोरूम के पास से सिटी सेंटर होते हुए पुनः शाखा स्थल पर समापन हुआ। नगर संघचालक परमेश्वर लाल वर्णवाल, महानगर प्रचारक सुधीर कुमार, विभाग संपर्क प्रमुख राजकुमार सिंह, नगर सह कार्यवाह कुंदन कुमार, नगर पालक प्रशांत कुमार, बस्ती पालक रोहित नायक,अघनु गोराई, गिरधारी, ए के वर्मा, दीनदयाल शर्मा, पप्पु द्ववेदी, संतोष कुमार, प्रशांत कुमार आदि उपस्थित थे। विवेकानंद नगर (सेक्टर 8, 9 एवं 11) के "सेक्टर 9ए,बी,सी,डी" बस्ती में घोष दल के साथ भव्य पथ संचलन हुआ। संचलन के बाद सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9/डी बोकारो के सभागार में शस्त्र पूजन के बाद प्रांत के सामाजिक सद्भावना संयोजक संघ के वरिष्ठ प्रचारक विजय घोष के द्वारा शताब्दी वर्ष में संघ की उपलब्धि और योजनाओं के ऊपर पाथेय प्राप्त हुआ। इस अवसर पर विभाग सह कार्यवाह पंकज कुमार, महानगर सह कार्यवाह जैनेंद्र चौहान विवेकानंद नगर के नगर कार्यवाह मधुसूदन गोपालन सह कार्यवाह कुलदीप पांडे सहित अनेक स्वयंसेवक बंधु उपस्थित रहे संचालन में घोष दल ने सभी का ध्यान आकृष्ट किया। सूभाष नगर के प्रभात कॉलोनी बस्ती में विजयदशमी,शस्त्र पूजन सह पथ संचलन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें बस्ती प्रमुख अतीश एवं बस्ती पालक संजय, बौद्धिककर्ता विभाग कुटुंब प्रबोधन संदीप तिवारी, विभाग सामाजिक सद्भाव प्रमुख सह नगर पालक संजय कुमार, डॉ शशि भूषण पांडे, जयशंकर प्रसाद, त्रिलोकी नाथ, राहुल, दयानंद परमार जी साथ ही मनीष, नरेश, दामोदर, रमेश, प्रार्थना वाचक संजीत इत्यादि इस उत्सव में भाग लिए।

# सांसद खेल महोत्सव को लेकर खेल संघों की महत्वपूर्ण बैठक

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद लोकसभा के अंतर्गत सांसद खेल महोत्सव जो 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक निर्धारित है। आयोजन हेतु शनिवार को सांसद कार्यालय सरायढाला धनबाद में सांसद खेल महोत्सव की चेयरमैन एंजेला सिंह की अध्यक्षता में खेल संघो के अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। जिसमे सभी खेलों की सुचारू रूप से आयोजन हेतु विचार विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया की शहरी क्षेत्र के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों का भी रजिस्ट्रेशन कराया जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को भी अपने होनर दिखाने का मौका मिले और जिला राज्य तथा देश का प्रतिनिधित्व कर सके। सभी खेल संघो ने उम्मीदो के साथ यह बताए की लगभग 20000 से 25000 खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन करा कर सांसद खेल महोत्सव धनबाद




में खिलाड़ियों का भागीदारी कराएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि धनबाद के लोकप्रिय सांसद ढुल्लू महतो जी ने कहा यह खेल महोत्सव धनबाद के हर विधानसभा में भव्य तरीका से आयोजन होगा और सभी गेमों का फाइनल मैच चिटाही मे आयोजित होगी। बैठक में एंजेला सिंह, अजय सिंह, विनय सिंह, जुबेर आलम, मोहम्मद सलाउद्दीन, मृदुल बोस, शुभंकर सरकार, सूरज प्रकाश लाल, शशिकांत पांडे, तारकनाथ दास, श्यामल दाँ, मुकेश सिंन्हा,संजय झा, मिल्टन पार्थ सारथी, राम जी मिश्रा, संजय मुखर्जी सतनारायण यादव, आदि उपस्थित थे। किसी भी खिलाड़ी को आगे की जानकारी के लिए खेल संघ के साथ संपर्क करे।आर्चरी-जुबेर आलम ,फुटबॉल-मृदुल बोस , उदय मिश्रा, वॉलीबॉल-सूरज प्रकाश लाल, साइकिलिंग-शशिकांत पांडे,क्रिकेट-ज्ञान,कबड्डी-श्यामल दाँ,कुश्ती- मुकेश कुमार, जूडो- पप्पू कुमार शामिल हुए।

# किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई को किया मॉक ड्रिल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सेक्टरझ4 सिटी सेंटर स्थित मजदूर मैदान एवं मानसरोवर पूजा पंडालों में आपदा की स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल आयोजित किया गया। इस दौरान आपदा प्रबंधन दल एवं नागरिक सुरक्षा के सदस्यों ने आग लगने की स्थिति, भगदड़ की स्थिति एवं घायल व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास किया गया। इस दौरान सेक्टर-4 सिटी सेंटर स्थित मानसरोवर पूजा पंडाल में जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार एवं मजदूर मैदान पूजा पंडाल में कार्यपालक दंडाधिकारी चास श्रीमती जया कुमारी ने मॉक ड्रिल का नेतृत्व किया गया। उक्त मॉक ड्रिल का उद्देश्य श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और आपदा की स्थिति में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के लिए जागरूकता बढ़ाना था। मौके पर जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी चास



जया कुमारी, सिविल डिफेंस के डिविजनल वार्डन डॉ एसपी वर्मा, , अग्निशामक पदाधिकारी भगवान ओझा, सेक्टर- 4 थाना प्रभारी संजय कुमार, मेडिकल टीम उपस्थित थे। मॉक ड्रिल के दौरान अग्निशामक दल ने आग बुझाने का प्रदर्शन किया तथा उपस्थित लोगों को प्राथमिक उपचार एवं बचाव के तरीके बताए। साथ ही नागरिक सुरक्षा टीम द्वारा सीपीआर के बारे मे विस्तार से बताया, और यह भी कहा की ऐसी बेहोशी की स्थिति में अगर नब्ज चल रहा हो तो घबराए नहीं मरीज के दोनों पैर को हार्ट लेबल से ऊंचा कर दे और चेहरे पर साधारण पानी का छींटा मारे इसके बाद रोगी को रिकवरी पोजिशन में रखे दे।

**किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई हो सके-**

जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी श्री शक्ति कुमार ने मौके पर कहा कि पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए आपदा से निपटने की तैयारी बेहद जरूरी है। इस मॉक ड्रिल से न केवल प्रशासनिक टीम बल्कि आयोजकों और आम श्रद्धालुओं को भी आपात स्थिति में सुरक्षित तरीके से कार्य करने की जानकारी मिलती है। साथ ही आगे कहा कि हमारा उद्देश्य है कि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई हो सके।

# वीडियो कॉल से लिया जाएगा डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मियों का अटेंडेंस

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर सहित अन्य कर्मियों की वीडियो कॉलिंग कर औचक अटेंडेंस लेने का निर्देश दिया। इसके लिए सिविल सर्जन को वीडियो कॉलिंग सेल बनाने का भी निर्देश दिया। दरअसल, बैठक में उपायुक्त को बताया गया कि विभाग में जीपीएस आधारित अटेंडेंस सिस्टम नहीं है। इसलिए इसका दुरुपयोग कर कई डॉक्टर और कर्मी प्रतिनियुक्त स्थल के बजाय अन्य स्थल से बायोमैट्रिक अटेंडेंस बना लेते हैं। इसकी गंभीरता देखते हुए उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के सभी बायोमैट्रिक अटेंडेंस को जिओ फेंसिंग करने तथा स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर व कर्मियों ने प्रतिनियुक्त स्थल छोड़ कहां कहां से अटेंडेंस बनाया है, उसका ब्यौरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले डॉक्टर एवं कर्मियों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया। उन्होंने एक हॉस्पिटल मैनेजर नामित कर सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी चिकित्सक के ओपीडी, आईपीडी, प्रसव सहित अन्य सेवा का प्रतिदिन रिपोर्ट देने तथा टेलीफोन एक्सचेंज रोड स्थित एसएसएलएनटी हॉस्पिटल में चिकित्सीय सेवा को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया।
बैठक में उपायुक्त आदित्य रंजन, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार, डीपीएम प्रतिमा कुमारी, डॉ रोहित गौतम, डॉ सुनील कुमार, डॉ मंजू दास, भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चंदन कुमार, जिला परिषद के मुख्य अभियंता संजय दास मौजूद थे।

# बीएसएल विस्तारीकरण हेतु बोकारो वासियों ने प्रधानमंत्री को भेजी पोस्टकार्डों की पहली खेप

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट के स्थागित विस्तारीकरण को प्रारंभ करने और बोकारो जेनरल अस्पताल को सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल बनाने की मांग को लेकर सेक्टर 2 मुख्य डाकघर से हजारों हस्ताक्षरित पोस्टकार्ड का पहली खेप प्रधानमंत्री को भेजा गया। इन पोस्टकार्डों को प्रथम विस्थापित जो बीएसएल में इंजीनियर के रूप में योगदान देकर डीजीएम से सेवानिवृत्त हुए प्रदुमन प्रसाद साव सहित अनेक प्रमुख समाज सेवियों की उपस्थिति में मुख्य डाकघर के पोस्टमास्टर रामचन्द्र उराँव को सौंपा गया। ये पोस्टकार्ड कुमार अमित के नेतृत्व में इन माँगों के समर्थन में चलाए जा रहे महाहस्ताक्षर अभियान के तहत बोकारो के हर वर्ग के लोगों के द्वारा लिखा जा रहा है। इस अवसर पर सभी ने एक स्वर में इस विस्तारीकरण को बोकारो के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए इस परियोजना को प्रारंभ होने तक इस अभियान को जारी रखने की बात कही। कुमार अमित ने बताया इन पोस्टकार्डों का अगला खेप दुर्गा पूजा के बाद प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्व शिविर का आयोजन 06 अक्टूबर से

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनता दरबार में ज्यादातर मामले भूमि के दाखिल-खारिज, जमाबंदी में सुधार, भू-मापी एवं लगान-रसीद जमा करने के समस्याओं के निराकरण को लेकर उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार जिले के सभी अंचल कार्यालयों अंतर्गत प्रत्येक हल्का कार्यालय/पंचायत सचिवालय में एक-एक दिन का विशेष राजस्व शिविर दिनांक 06 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर 2025 तक पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 04 बजे तक संचालित होगा। उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारियों को विशेष राजस्व शिविर का व्यापक प्रचार झ प्रसार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शिविर की जानकारी संबंधित पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों यथा जिला परिषद सदस्य, मुखिया, पंचायत समिति सदस्य एवं वार्ड सदस्य को देना सुनिश्चित करेंगे। आयोजित विशेष शिविर का सतत पर्यवेक्षण के लिए भूमि सुधार उप समाहर्ता (डीसीएलआर) चास झ बेरमो को अपने - अपने अनुमंडल अंतर्गत अंचलों का वरीय पदाधिकारी बनाया गया है। इसकी जानकारी अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने शनिवार को दी।

### 23 अक्टूबर को डॉ श्रीकृष्ण सिंह की जयंती मनाने का निर्णय

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सोमवार को ब्रह्मर्षि परिवार बोकारो के



सदस्यों की बैठक सेक्टर 4 में डॉक्टर कृष्ण सिंह के प्रतिमा स्थल पर हुई। इस बैठक में दीपावली की वजह से इस वर्ष 21 अक्टूबर के बदले 23 अक्टूबर को डॉ श्री कृष्ण सिंह की जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के संपन्न करने के लिए ,आयोजक मंडल सदस्य कमलेश राय को संयोजक तथा प्रेम कुमार और सुधीर कुमार सिंह को सहसंयोजक का दायित्व दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से सुरेश सिंह नग नारायण प्रसाद शाही, प्रेम कुमार,नरेंद्र कुमार, बैजनाथ प्रसाद शर्मा, श्याम मनोहर सिंह , पीयूष राय ,दीनदयाल शर्मा, सर्वेश चौधरी बीके सिंह दुर्गेश कुमार देव नारायण सुधांशु राजा कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे '

### टेस्ट ड्राइव के नाम पर कार लेकर भागे अपराधी को पुलिस ने दबोचा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** चिरचास थाना पुलिस ने बिहार के जमुई जिला के चंद्रदीप थाना क्षेत्र के रहने वाले दो ठग नीतीश कुमार और प्रवेश मांझी को गिरफ्तार किया है। यह दोनों चिरचास थाना क्षेत्र के तालगाड़िया मोड से स्विफ्ट डिजायर कार को टेस्ट ड्राइव



करने की कह कर गाड़ी को लेकर बिहार भाग रहे थे। गाड़ी मालिक बिट्टू कुमार की सूचना पर चिरचास थाना पुलिस ने तत्काल एसपी को सूचना दी। एसपी के निर्देश पर गिरिडीह पुलिस ने वाहन जांच लगाकर नीतीश कुमार को पीरटांड़ थाना क्षेत्र से स्विफ्ट डिजायर एवं गाड़ी देखने आए स्कॉर्पियो पर सवार परिवेश मांझी को स्कॉर्पियो के साथ डुमरी से गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार दोनों ही अपराधी ने बताया कि यह लोग इसी तरह गाड़ियों को चोरी कर बिहार में शराब की ट्रांसपोर्टिंग में इस्तेमाल करते थे और गाड़ी पकड़ाने पर ये लोग भाग जाते थे। एसपी ने बताया कि दोनों ही गिरफ्तार अपराधी का आपराधिक इतिहास भी है। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि बिट्टू कुमार ने ओ एल एक्स में अपनी गाड़ी को बेचने के लिए डाला था। इसी को लेकर दोनों स्कॉर्पियो में सवार होकर तालगाड़िया मोड पहुंचे। पहली बार टेस्ट ड्राइव लिया। उसके बाद गाड़ी मालिक को मैकेनिक को बुलाने की बात कही। जब गाड़ी मालिक मैकेनिक को बुलाने गया तब तक गाड़ी लेकर यह लोग फरार हो गए।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनुशासन अनिवार्य, अनुपालन नहीं करने पर कठोर कार्रवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि दुर्गा पूजा के अवसर पर जिले के विभिन्न स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं डांडिया के आयोजन के लिए अनुमंडल स्तर से अनुमति प्रदान की गई है। इन कार्यक्रमों की अनुमति केवल सांस्कृतिक एवं सामाजिक उद्देश्य के लिए दी गई है।

**औदात्यपूर्ण माहौल बनाए रखना आयोजकों की जिम्मेदारी**

यदि किसी भी कार्यक्रम में आयोजक अनुमति प्राप्त उद्देश्यों के अनुरूप आचरण नहीं करते या अनुचित एवं औदात्यहीन प्रदर्शन करते हैं, तो यह न केवल जिले की छवि धूमिल करता है बल्कि आम नागरिकों की भावनाओं को भी आहत करेगा।

**चास - बेरमो अनुमण्डल पदाधिकारियों को दिया स्पष्ट निर्देश**

उपायुक्त ने चास एवं बेरमो (तेनुघाट) अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देशित किया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी आयोजन निर्धारित उद्देश्य के अनुरूप ही संपन्न हों। यदि आयोजकों द्वारा निर्देशों का पालन नहीं किया जाता है, तो त्वरित जांच कर दोषियों पर नियमानुसार कठोर कार्रवाई करें। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जिला प्रशासन स्पष्ट रूप से चेतावनी देता है कि अनुमति का दुरुपयोग किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अनुशासन, शालीनता, औदात्यपूर्ण एवं सामाजिक सौहार्द को मजबूत करने वाला होना चाहिए।

### सरस्वती विद्या मंदिर में कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरस्वती विद्या मंदिर 3सी में 'स्वच्छता ही सेवा- 2025' के अंतर्गत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में कई प्रतियोगिताओं का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ, जिनमें विशेष रूप से झकबाड़ से जुगाड़झ प्रतियोगिता रही। इस प्रतियोगिता में छात्रों और उनके भाई-बहनों ने विभिन्न प्रकार की रचनात्मक और उपयोगी वस्तुएँ बनाईं, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि अपशिष्ट को भी संसाधन बनाकर पर्यावरण को स्वच्छ और सुंदर रखा जा सकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथि के रूप में संजय गोप, हस्तशिल्प विकास संस्थान, हजारीबाग के कोषाध्यक्ष, विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार, विद्यालय के सचिव राजकुमार, विद्यालय के प्रभारी समीर श्रीवास्तव उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री ने कहा था, स्वच्छता केवल सरकारी योजना नहीं, यह 140 करोड़ देशवासियों का सामूहिक संकल्प है। स्वच्छ भारत ही स्वस्थ भारत और विकसित भारत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# वरीय पदाधिकारियों ने प्रखंडों में उर्वरक दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में हमारा गांव झ हमारे लोग अभियान के तहत उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देशानुसार शनिवार को जिले के वरीय पदाधिकारियों ने आवंटित प्रखंडों का भ्रमण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन का मूल्यांकन, उर्वरक वितरण व्यवस्था की समीक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना था।

**उर्वरक दुकानों का किया औचक निरीक्षण**

कृषि विकास और किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों ने प्रखंड की पांच उर्वरक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में पदाधिकारियों ने स्टॉक रजिस्टर की जांच और उर्वरकों की उपलब्धता की पुष्टि, मूल्य सूची और दरों का सत्यापन, विक्रेताओं द्वारा वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों के पालन की जानकारी ली और जरूरी दिशा निर्देश दिया।

**स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी/पीएचसी) का लिया जायजा**

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और समय पर सुविधा उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से पदाधिकारियों ने सीएचसी और पीएचसी का भी निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति, दवा एवं उपकरणों की उपलब्धता, प्रसूति - आकस्मिक और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति,




केंद्रों की स्वच्छता का जायजा लिया। पदाधिकारियों ने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं और सुविधाओं का निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

**जनता से संवाद और समस्याओं का किया समाधान**

निरीक्षण के दौरान वरीय पदाधिकारियों ने स्थानीय लोगों और किसान समूहों से सीधे संवाद किया। उन्होंने उनकी समस्याओं, सुझावों और जरूरतों को सुना और त्वरित समाधान के लिए संबंधित बीडीओ झ सीओ को जरूरी निर्देश दिए। इस संवाद के दौरान ग्रामवासियों ने योजनाओं में पारदर्शिता, वितरण प्रक्रिया में गति तथा स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की अपेक्षा व्यक्त की।

**इन पदाधिकारियों ने इन पंचायतों में किया निरीक्षण**

उपायुक्त के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त ने चास प्रखंड, अपर समाहर्ता ने जरीडीह प्रखंड, निदेशक - जिला ग्रामीण विकास शाखा ने चंद्रपुरा प्रखंड, जिला परिवहन पदाधिकारी ने पेटरवार प्रखंड, अनुमंडल पदाधिकारी चास ने चंदनकियारी प्रखंड, जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने बेरमो प्रखंड, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी ने कसमार प्रखंड, जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने गोमिया प्रखंड एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बेरमो (तेनुघाट) ने नावाडीह प्रखंड का निरीक्षण किया।

# शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गोत्सव सम्पन्न कराने को पुलिस प्रशासन सजग

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में दुर्गा पूजा संपन्न कराने के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार तथा एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद ने संयुक्त आदेश जारी कर जिले को कतरास, धनबाद, चिरकुंडा, तोपचांची, झरिया, गोविंदपुर एवं टुंडी जोन में बांटा है। सभी जोन में जोनल दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा सभी थाना व ओपी में पुलिस पदाधिकारी के साथ दंडाधिकारी मौजूद रहेंगे। साथ ही सभी थाना क्षेत्र में पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। क्विक रिस्पॉन्स टीम भी मौजूद रहेगी। दुर्गा पूजा के अवसर पर 28 सितंबर सुबह 6 बजे से 4 अक्टूबर सुबह 6 बजे तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा। अनुमंडल पदाधिकारी श्री राजेश कुमार जिला नियंत्रण कक्ष के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। जबकि डीएसपी सीसीआर सुमित कुमार पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष संख्या 0326 - 2311217, 2311807, 112 है।

**सभी थाना व ओपी में रहेंगे दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी**

धनबाद, बैंक मोड़, सरायढेला, धनसार, झरिया, जोरापोखर, सुदामडीह, पाथरडीह, तिसरा, सिंदरी, बलियापुर, केंदुआडीह, पुटकी, लोयाबाद, जोगता, कतरास, राजगंज, महुदा, मधुबन, बरोरा, तेतुलमारी, बाघमारा, तोपचांची, हरिहरपुर, बरवाअड्डा, गोविंदपुर, टुंडी, पुर्वी टुंडी, मनियाडीह, निरसा, चिरकुंडा थाना तथा भूली ओपी, घनुआडीह, बोर्रागढ़, भौंरा, लोदना, अलखडीहा, गौशाला, मुनिडीह, भागाबांध, अंगारपथरा, कपूरिया, रामकनाली, गोंदुडीह, खरखरी, ईस्ट बसुरिया, सोनारडीह, धमार्बांध, कालूबथान, कुमारधुबी, मैथन, गलफरबाड़ी, खरखरी, भाटडीह एवं पंचेत ओपी के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ साथ दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

**लगातार भ्रमणशील रहेगा पुलिस का चलंत दस्ता**

पुलिस का चलंत दस्ता लगातार भ्रमणशील रहेगा। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी, सभी डीएसपी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, साइबर डीएसपी, साइबर थाना प्रभारी व्हाट्सएप ग्रुप सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार नजर बनाए रखेंगे। साथ-साथ समन्वय स्थापित करते हुए पूरे अनुमंडल क्षेत्र में विधि व्यवस्था संधारण के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगे। दुर्गा पूजा के अवसर पर एडीएम लॉ एंड ऑर्डर विधि व्यवस्था के वरीय प्रमाण में रहेगी। इनके सहयोग में अनुमंडल पदाधिकारी तथा पुलिस पदाधिकारी के वरीय प्रभार में ग्रामीण एसपी श्री कपिल चौधरी एवं सिटी एसपी श्री ऋत्विक श्रीवास्तव रहेंगे। दुर्गा पूजा के अवसर पर 16 अग्निशमन वाहन उपलब्ध रहेंगे। भूली ब्लॉक डी, झारखंड मैदान, सरायढेला थाना, नियंत्रण कक्ष, झरिया थाना, स्वस्तिक सिनेमा हॉल एवं गोविंदपुर थाना के लिए धनबाद, झरिया एवं सिंदरी के अग्निशमन पदाधिकारी द्वारा वाहन उपलब्ध कराया जाएगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com